Page 11 | खेल
जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
Page 10 | देश



## विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान-और कुछ दिन तक दिखाई नहीं दूंगा...

## आतंक कसाब की रक्षा करने कांग्रेसियों को पाकिस्तान भेज देंगे : बावनकुले



मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष पूर्व फाल्गुनी विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 17 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 156 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74, 020 | ₹89,100 |





## आज का इतिहास

- 2010 : भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
- 1990 : विश्व स्वास्थ्य संगठन की महासभा ने 17 मई, 1990 को समलैंगिकता को मानसिक रोगों की सूची से हटा दिया। भारत उन देशों में से एक है जहाँ समलैंगिकता अवैध है।

## न्यूज बाइट्स

### जुलाई सत्र के लिए 253 विषय में नामांकन शुरू

**पटना (नि. सं.)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई सत्र के लिए दाखिले को बुधवार से आवेदन शुरू हो गया। पटना क्षेत्रीय केन्द्र से 253 कोर्सों में नामांकन करा सकते हैं। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्र 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आधिकारिक पोर्टल ignouadmission.samarth.edu.in अथवा ignouiop.samarth.edu.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

### बिहार में 13 से 18 जून के बीच पहुंचेगा मानसून

**पटना (नि. सं.)।** बिहार के कई जिले एक बार फिर भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, 18 मई तक चिलचिलाती धूप और गर्म हवा से राहत मिलने वाली नहीं है। अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक, 13 से 18 जून के बीच मानसून बिहार में दस्तक दे सकता है।

### स्कूली बच्चों को मिलेगा हाफ पेंट-शर्ट, टाई भी लगानी होगी

**पटना (नि. सं.)।** आईएएस के के पाठक ने सराकरी स्कूल में पढ़ाई कर रहें स्कूली बच्चे को शर्ट, पैंट, लड़कियों को सलवार-शूट देने का फैसला लिया है। राज्य के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को अब राशि के बदले अब स्कूल ड्रेस दिया जाएगा। इसमें दो जोड़ी ड्रेस के साथ बच्चों को एक जोड़ी जूते- मोजे दिए जायेंगे। यही नहीं कॉन्वेंट स्कूल की तरफ टाई भी पहनने को मिलेगी। ठंठ से बचने के लिए जाड़े में स्टूडेंट्स को स्वेटर भी दिए जाएंगे।

### सुशील मोदी की याद में आज श्रद्धांजलि सभा

**पटना (नि. सं.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी की याद में शुक्रवार को रवींद्र भवन में शाम 5 बजे श्रद्धांजलि सभा होगी। इस कार्यक्रम के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि भाजपा के समर्पित और कर्मठ वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पण करने एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभा आयोजित की गई है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल होंगे। इसके साथ ही सभी धर्मों के धर्मगुरु, सामाजिक संस्थाओं, संगठनों और कई संस्थानों के लोग भी शामिल होंगे। श्रद्धांजलि सभा में ऑनलाइन भी जुड़ा जा सकता है।

### मधुबनी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# ना गाय की तस्करी होने देंगे न गौ माता की हत्या होने देंगे : अमित शाह

निज संवाददाता | मधुबनी

मधुबनी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी अशोक कुमार यादव के पक्ष में वोट करके नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि सीता माता की धरती पर गौ माता की हत्या जानकारी मिल रही है। केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो गौ हत्या करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा कर दिया जाएगा। पहले पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया, पीएफआई वालों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। उसी प्रकार प्रकार इनसे भी निपटेंगे। अमित शाह ने यह भी कहा कि पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर भारत का अंग है। उसे हर हाल में हासिल करके दम लेंगे। अमित शाह ने कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे के बारे में कहा कि 80 साल के हो गए पर अभी तक भारत को नहीं ठीक से नहीं जाना। उन्होंने राहुल गांधी को भी लपेटे में लिया।

मधुबनी के रहिका में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस क्षेत्र में जब मैं पहले दौरा करने आया था तो पता चला कि बड़ी संख्या में गौ हत्या के मामले सामने आते हैं। मैं आपको विश्वास दिला कर जाता हूं मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए गौ हत्या करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। उन्होंने गरजते हुए कहा कि यह सीता माता की भूमि है। यहां गौ हत्या नहीं चल सकती। ना गाय की तस्करी होने देंगे न गौ माता की हत्या होने देंगे। यह नरेंद्र मोदी का वादा है। अमित शाह ने कहा कि इसी तरह पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया यानी पीएफआई वाले पूरे देश को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते थे। लालू यादव को यह पहले से पता था। मोदी जी को जानकारी मिली तो देशभर में सौ जगह पर छापेमारी कराई गई और पीएफआई वालों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया।

इंडिया गठबंधन के नेताओं पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह लोग झूठ बोलकर अफवाह



### बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपए दिए

शाह बोले मोदी जी ने बिहार को विकसित करने का काम किया है। 10 साल तक सोनिया-मनमोहन सरकार चली। लालू जी भी मंत्री थे, लेकिन मोदी ने 10 साल में 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपए देने का काम किया।

### पीओके हमारा था हमारा है रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू 70 साल तक धारा 370 पर कुछ नहीं किया। राहुल बाबा कहते थे कि 370 हटा तो खून की नदियां बह जाएंगी। मगर 370 हटा और एक कंकड़ भी नहीं चला। श्यामा प्रसाद मुर्खजी का सपना पूरा हुआ। एक देश एक निशान। शाह ने आगे कहा कि लालू जी का बेटा, मणिशंकर, फारूक कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। मगर मोदी सरकार डरने वाली नहीं है। मधुबनी वालों बताओ, पीओके हमारा है या नहीं? जोर से बोलो- आवाज फारुख अब्दुलाह तक जानी चाहिये। पीओके हमारा था, हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे।

### अटल जी और मोदी जी ने मिथिलांचल को एक किया

अमित शाह ने कहा कि कोसी मिथिलांच को बांट रही थी। अटल जी ने कोसी पर महासेतु बनाया और नरेंद्र मोदी जी ने रेल लाइन से जोड़कर मिथिलांचल को एक किया है। आगे कहा कि उन्होंने कहा कि मैथिली को संविधान की आठवीं अनुसूची में अटल जी ने डाला। मोदी जी ने यूपीएस-बीपीएस में मैथिली को शामिल किया। आज इस भाषा के बच्चे इसका लाभ ले रहे हैं। मिथिला वालों बताओ कि मैथिली का सम्मान इटली वाले कर सकते हैं क्या।

# अरविंद केजरीवाल को दो जून को हर हाल में करना होगा आत्मसमर्पण : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तारी के बाद एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को तिहाड़ जेल से रिहा हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चुनावी सभा के एक कथित बयान '...अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा' पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आपत्ति पर गुरुवार को कहा कि उसका (शीर्ष अदालत) आदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें (केजरीवाल) दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केजरीवाल के मामले को 'अपवाद' नहीं बनाया है। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना उचित है। पीठ ने आगे कहा कि हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने एक समय सीमा तय की है कि अमुक तारीख के दौरान को वह जमानत पर हैं और जिस तारीख को उन्हें आत्मसमर्पण करना है (दो जून को, केजरीवाल को आत्मसमर्पण करना होगा)। यह शीर्ष अदालत का आदेश है। शीर्ष अदालत के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने श्री केजरीवाल की ओर से कथित तौर पर दिए गए उक्त बयान पर आपत्ति जताई थी। श्री मेहता ने पीठ के समक्ष श्री केजरीवाल के कथित बयान के संदर्भ में दावा करते हुए कहा कि यह (बयान) संस्था (शीर्ष अदालत) के मुंह पर एक तमाचा है। मैं इस पर आपत्ति जताता हूं।

सॉलिसिटर जनरल ने श्री केजरीवाल का हवाला देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक ने अपने सार्वजनिक भाषण में कहा- वे (लोग) कहते हैं कि मुझे 20 दिनों में वापस जेल जाना होगा। अगर आप हमारी पार्टी के चुनाव चिह्न 'झाड़ू' (आप का चुनाव चिह्न) को वोट देंगे तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ता। शीर्ष अदालत के समक्ष श्री मेहता ने पूछा, ऐसा कैसे हो सकता है कि अगर आप (लोग) मुझे वोट देंगे तो मुझे दो जून को वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा। इस पर पीठ ने फिर स्पष्ट किया, यह उनकी धारणा है। हमारा आदेश स्पष्ट है। वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने श्री केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने नहीं सोचा था कि वह ऐसा कहेंगे। मैं हलफनामा दायर करूंगा और वह (केजरीवाल) सरकार के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण आरोप लगा रहे थे। मैं इस (केंद्र) सरकार के शीर्ष मंत्री के बारे में हलफनामा दाखिल करूंगा।

इस पर पीठ ने कहा कि जहां तक फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण या यहां तक कि आलोचना का सवाल है, आपके अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं। हमें इससे कोई परेशानी नहीं है। हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय की ओर से 2022 शराब नीति घोटाला मामले में उनकी 21 मार्च की गिरफ्तारी और ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा दायर याचिका (जिसमें मामले की सुनवाई की योग्यता पर सवाल उठाये गए हैं) दलीलें सुन रही थी। शीर्ष अदालत ने 10 मई को श्री केजरीवाल को उनकी याचिका पर एक जून तक चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

### बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

# परिवेशीय वायु गुणवत्ता को मानक के अधीन रखने के लिये प्रयासरत

निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य की परिवेशीय वायु गुणवत्ता सूचकांक में वृद्धि पायी जा रही है जो परिवेशीय वायु गुणवत्ता में ह्रास को दर्शाती है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् परिवेशीय वायु गुणवत्ता को मानक के अधीन रखने के लिये प्रयासरत है। इस प्रयास में पर्षद् के विशेष दलों द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। जहां भी वायु प्रदूषण के स्रोत पाये जा रहे हैं, उन उल्लंघनकर्ताओं पर नियमानूकुल कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मेसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा अशोक राजपथ पर कारगिल चैक, गांधी मैदान से एनआईटी मोड़ तक डबल डेकर उपरी पुल निर्माण कार्य में एवं मेसर्स नवयुगा इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड द्वारा पटना मेरिन/गंगा ड्राईव (एनआईटी घाट से कलेक्ट्रियट घाट तक) के निर्माण कार्य में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं किये जाने के कारण पर्षद् द्वारा उक्त दोनों इकाईयों को क्रमशः रू 4,37,000 एवं रू 4,37,000 मात्र की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगायी गयी है साथ ही दोनों इकाईयों को 'डायरेक्शन फॉर प्रपोज क्लोजर' जारी किया गया है। इसके पूर्व में भी राज्य पर्षद् के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु वांछित अनुपालन नहीं किये जाने के कारण क्रमशः सर्वश्री विशाल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, पटना को माह नवम्बर, 2023 में, सर्वश्री अहलूवालिया कान्ट्रैक्टर्स (इंडिया) लिमिटेड, बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना को माह नवम्बर 2023 में; मेसर्स एसपी सिंगला, गायघाट, पटना में स्थापित बैचिंग प्लांट तथा मेसर्स नागार्जुन कन्सट्रक्सन कंपनी लिमिटेड, आरटीओ ऑफिस के नजदीक फुलवारीशरीफ, पटना को माह दिसम्बर, 2023 में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाते हुए वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण), 1981 की धारा के तहत प्रस्तावित निदेश जारी किया गया था।

# दिवंगत भाजपा नेता सुशील मोदी के घर पहुंचे सीएम, परिजनों से की मुलाकात



निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार ने दिवंगत बीजेपी नेता सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी हैं। गुरुवार को नीतीश कुमार राजेंद्र नगर स्थित घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय झा और मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। बता दें कि तबीयत खराब होने की वजह से पिछले दो दिनों में मुख्यमंत्री ने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए थे। इस कारण वो सुशील मोदी के अंतिम दर्शन नहीं कर पाए थे। यहां तक की पीएम मोदी के नामांकन कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए थे। वहीं, सुशील मोदी के बड़े भाई राजकुमार मोदी ने कहा कि आज सीएम नीतीश कुमार पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत ही पुराना संबंध उनके साथ है। उन्होंने अपना एक सच्चा साथी खोया है। उन्होंने आगे कहा कि वह बहुत ही ज्यादा पढ़े-लिखे और ज्ञानी व्यक्ति थे। सभी सब्जेक्ट पर विस्तृत ज्ञान था। जीएसटी आज जो देश में लागू हुआ है, उसका मुख्य श्रेय उन्हीं को जाता है। शायद वह उसकी पूरी हिस्ट्री लिखते, लेकिन बहुत तेजी से उनका स्वास्थ्य खराब हुआ। डॉक्टर ने बहुत कोशिश की। प्रधानमंत्री खुद उनके ट्रीटमेंट को मॉनिटर कर रहे थे। प्रभु के इच्छा के आगे मनुष्य बेबस और लाचार है।

# सातवें चरण में 138 प्रत्याशियों का पर्चा वैद्य, 75 खारिज

**पटना(नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में बिहार में आठ सीटों पर एक जून को वोट डाले जाएंगे। पटना साहिब, पटना, नालंदा, जहानाबाद, आरा, बक्सर, नालंदा और काराकाट में वोटिंग होगी। आखिरी चरण में सबसे ज्यादा प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। कुल 138 पर्चा वैद्य पाया गया है। 75 नॉमिनेशन रिजेक्ट किए गए हैं। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा जहानाबाद में 23 उम्मीदवारों का पर्चा खारिज हुआ है। सबसे कम पाटलिपुत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र में सिर्फ 2 नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं। बुधवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी थी। नालंदा में 30 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था, जिसमें से 4 रिजेक्ट कर दिए गए हैं। अब चुनावी दंगल में कुल 26 प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। पटना साहिब लोकसभा सीट पर 30 में से 13 नामांकन पत्र खारिज किए गए हैं। पाटलिपुत्र में 24 नामांकन में से 2 रिजेक्ट किए गए हैं।

# बिहार लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने 5जी सेवाओं की सेवा और गुणवत्ता किया परीक्षण



निज संवाददाता | पटना

दूरसंचार विभाग, बिहार लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने अनीसाबाद, पटना में गुरुवार को मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड द्वारा दी जाने वाली 5G सेवाओं की सेवा और गुणवत्ता परीक्षण किया गया।यह मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की बिहार की पहली साइट है, जहां डॉट मुख्यालय के निर्धारित मानदंडों के अनुसार 5जी सेवा का परीक्षण किया गया। वर्तमान में बिहार में 5जी सेवाएं भारती एयरटेल लिमिटेड और रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड द्वारा प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर परीक्षण के दौरान अशोक कुमार, अपर महानिदेशक दूरसंचार, डीओटी बिहार एलएसए के साथ जी सी राय, डीडीजी (अनुपालन) और वि.एम. पटेल, निदेशक (अनुपालन) एवं आशुतोष पांडे, सहायक निदेशक उपस्थित थे। कौशल किशोर, सीटीओ, वीआईएल बिहार और हेमंत कुमार, नोडल वीआईएल और संजीव साधुकन, गुणवत्ता प्रमुख, वीआईएल बिहार के साथ-साथ कई अन्य नेटवर्क विशेषज्ञों ने सेवा और गुणवत्ता परीक्षण में भाग लिया। डॉट बिहार एलएसए टीम ने मेसर्स वीआईएल के अनीसाबाद, पटना स्थित 5जी साइट पर स्थापित बुनियादी ढांचे और उपकरणों का निरीक्षण किया। इसके अलावा साइट के आसपास के क्षेत्र में कवरेज को भी समर्पित उपकरणों का उपयोग करके मापा गया।

# खनन विभाग द्वारा खनिज परिवहन के वाहनों की अब लाल रंग से होगी पहचान

- जनसाधारण भी अब खनिज वाहनों की पहचान कर अवैध परिवहन की कर सकेंगे शिकायत

निज संवाददाता | पटना

उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु कई निदेश राज्य सरकारों को दिये गये हैं। बिहार सरकार अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए दृढ़ संकल्पित है। बिहार सरकार ने अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने हेतु बालू के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों में जीपीएस लगाने की अनिवार्यता पूर्व से ही की गई है। बालू के अवैध खनन को और प्रभावकारी तरीके से नियंत्रित करने के लिए वाहनों में विशिष्ट पहचान लगाने की आवश्यकता महसूस हो रही है, ताकि मुख्यमार्ग से होकर गुजरने वाले बालू लदे वाहनों को देखकर ही पहचान किया जा सके और पुलिस/जांच पदाधिकारी दूर से ही वाहनों को देखकर जांच हेतु सजग हो सकें। खान एवं भूतत्व विभाग इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना के अनुसार एक जुलाई 2024 से खनिज लदे वाहनों पर विशिष्ट पहचान अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग द्वारा बालू के परिवहन हेतु 'खनन सॉफ्ट' में निबंधित जीपीएस लगे वाहनों पर चारो तरफ से लाल रंग की 20 इंच चैड़ी पट्टी वाहन मालिकों को रंगवाना होगा और पट्टी पर चारो तरफ छह इंच के साईज में खनन वाहन-निबंधन संख्या (खनन सॉफ्ट में निबंधन संख्या) एवं वाहन संख्या अंकित करना अनिवार्य किया गया है। बालू बंदोबस्तधारी भी विशिष्ट पहचान अंकित किये गये एवं जीपीएस अधिष्ठापित वाहनों को ही परिवहन चालान निर्गत करेंगे। खनिज लदे वाहनों के लाल रंग से रंगे होने के कारण प्रशासन द्वारा इसकी आसानी से जांच की जा सकेगी। आम लोग भी ऐसे वाहनों पर निगाह रख सकेंगे एवं वाहन संख्या डालकर खनन सॉफ्ट पोर्टल पर यह जान सकेंगे कि उक्त वाहन के लिए बालू का चालन कबतक वैध है। आमजन नियम विरूद्ध परिवहन करने वाले वाहनों के बारे में जिला/कंट्रोल रूम में शिकायत कर सकेंगे। विशिष्ट पहचान के बिना यदि बालू का परिवहन करते वाहन पाया जाएगा तो, यह स्पष्टतः अवैध बालू के परिवहन का मामला होगा। इससे अवैध परिवहन पर सही ढंग से निगरानी रखी जा सकेगी।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली (ए.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। श्री गांधी ने कहा कि अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा-आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा-आपका एक वोट।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सातवें बिहार दौरे की तारीख फाइनल

# 21 मई को पूर्वी चंपारण और सीवान में हो सकती है रैली

निज संवाददाता | पटना



लोकसभा चुनाव 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। इस दिन वे राज्य में दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर सकते हैं। उनकी पहली सभा पूर्वी चंपारण तो दूसरी सीवान जिले में प्रस्तावित है। बिहार बीजेपी की ओर से दोनों चुनावी रैलियों को लेकर प्रस्ताव भेज दिया है। एक-दो दिन में इसकी विधिवत मंजूरी मिलने की संभावना है। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद यह पीएम मोदी का सातवां बिहार दौरा होगा। बिहार में लोकसभा चुनाव के सभी चरणों में चुनाव हो रहे हैं। बिहार में लगभग सभी सीटों पर एनडीए के बड़े नेताओं की रैलियां की जा रही हैं। पीएम मोदी खुद अब तक 6 बार बिहार आ चुके हैं। बीते डेढ़ महीने में वे राज्य में 10 रैलियां और एक रोड शो कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 4 अप्रैल को जमुई से बिहार में चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 7 अप्रैल को नवादा और 16 अप्रैल को गया एवं पूर्णिया में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। फिर उनकी 26 अप्रैल को अररिया के फारबिसगंज और मुंगेर में रैली हुई। इसके बाद पीएम ने 4 मई को दरभंगा में रैली की। फिर उनका 12 मई को पटना में रोड शो हुआ और 13 मई को उन्होंने तीन जगहों हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा में रैली की। अब वे पूर्वी चंपारण और सीवान में 21 मई को चुनावी सभाएं कर सकते हैं। पीएम मोदी पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राधा मोहन सिंह और सीवान से जेडीयू प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा के समर्थन में वोट की अपील करेंगे।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित : 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|
Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### डुमरिया के कई गांव में हो रही मूंग की खेती, मिल रही ट्रेनिंग

**मैगरा।** डुमरिया के कई गांव में मूंग की खेती हो रही है। खेतों से अच्छे फसल कैसे प्राप्त हो इसके लिए समय समय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। किसानों को कृषि विभाग से उन्नत किस्म का बीज दिया गया है। खेतों के पटवन के लिए किसान डीजल पम्प के आलावा बिजली मोटर से खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। जिसके पास अपनी जमीन नहीं हैं वे दूसरे की जमीन में बटाई की खेती कर रहे हैं। जमीन मालिक को खेती का आधा हिस्सा अनाज मिलता है। बरवाडीह, कोल्हुबार, टेकरा खुर्द, पनकरा, बिजुआ बरवाडीह, चहरा पहरा, देवचंडीह, महुड़ी, सुज्जी इत्यादि जगहों पर मूंग की खेती हो रही है। मूंग की खेती से किसानों की आमदनी बढ़ रही है। चन्द्रकांत प्रसाद वर्मा, सुनील कुमार विक्रांत, उमेश महतो, रामदास महतो, रामोतार महतो, राकेश कुमार सिंह, उपेन्द्र प्रसाद इत्यादि किसानों ने बताया कि मूंग की खेती में भी अधिक परिश्रम करना पड़ता है। फसल तैयार होने पर मूंग सतर रुपए किलो बिकता है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी बिंदेश्वर राम ने बताया कि किसानों को दलहन फसल तैयार करने में उपजाऊ मिट्टी के साथ-साथ खेतों की अच्छी तरह सफाई जरूरी है। कीट-पतंगो से फसलों को बचाने के लिए समय- समय पर कीट नाशक दवाईयों का छिड़काव करना आवश्यक है। किसान उपेंद्र सिंह ने बताया कि मूंग की खेती सभी फसलों से अधिक मुनाफा देता है।

### समाज का उत्थान होना चाहिए शोध का उद्देश्य



**बोधगया।** बुधवार को मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए सांख्यिकीय पद्धतियां विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। डॉ. विनीता कुमारी ने विषय प्रवेश करते हुए संगोष्ठी की शुरुआत की तथा मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीपता बनर्जी, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य, सीधो-कान्हो-बिरसा विश्वविद्यालय, पुरुलिया का परिचय कराया। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रो. अनवर खुर्शीद खान ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रो. खान ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रतिभागियों को अच्छे शोध हेतु प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में सामाजिक शास्त्र में प्रयोग होने वाले शोध पद्धतियों पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि शोध का उद्देश्य समाज के उत्थान के लिए होना चाहिए तभी वह वास्तविक शोध की गिनती में आएगा। उन्होंने शोध नैतिकता पर भी जोर दिया।

### एमयू जूलॉजी विभाग के छात्रों का हुआ इंडक्शन मीट




**बोधगया।** मगध विवि स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के सभागार में विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में सत्र 2022-2024 के नव नामांकित छात्रों का इंडक्शन मीट हुआ। इसका उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. केशरी, डॉ भृगु नाथ, प्रो. एसएनपी दीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रो. केशरी ने छात्रों को लगातार अपने वर्ग में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए चरित्र निर्माण के साथ पढ़ाई, खेलकूद एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को प्रेरित किया एवं नई शिक्षा नीति के अनुसार अध्ययन एवं मूल्यांकन के नियम को बताया। प्रो. दीन ने छात्रों को वर्ग के साथ साथ विभाग के पुस्तकालय के उपयोग के लिए समझाया। डॉ भृगु नाथ ने छात्रों को चरित्र निर्माण एवं छात्रों एवं शिक्षक के बीच अच्छे सम्बन्ध पर बल दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ निक्की एवं डॉ अदिति ने पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन पूनम एवं धन्यवाद ज्ञापन आभा कुमारी ने किया।

### पीएचसी के आगे गंदगी का अंबार, गुजरने से करते परहेज



**गम्हरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के बाहर काफी लंबे समय से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गेट के बाहर देखकर यह लग ही नहीं रहा कि यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास का क्षेत्र है। जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लोगों का आवागमन रहता है। लिहाजा वहां पर साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से रहनी चाहिए। बावजूद प्रशासन इसके लिए गंभीर नहीं दिख रहा है। लोगों ने बताया कि कई बार इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। गंदगी जमा होने से संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। यहां मरीज इलाज के लिए आते हैं। लोगों का कहना है कि इस गंदगी की वजह से मरीज आने से गुरेज करते हैं।

### शहर के दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का एनक्वास की टीम ने किया मूल्यांकन



**गया।** शहरी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सके, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की कवायद जारी है। इस कड़ी में बुधवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की गुणवत्ता की जांच नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एनक्वास की टीम ने की। सर्वप्रथम टीम बुधवार को इकबाल नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण तथा मूल्यांकन कार्य किया। मूल्यांकन के लिए आयी दो सदस्यीय टीम में डॉ गौरव ओझा और लावण्य कुमार पटनम शामिल हुए। टीम ने स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद स्वास्थ्य संबंधी आधारभूत संरचनाओं, सेवाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता आदि का निर्धारित मानकों के अनुसार मूल्यांकन किया। जिला स्वास्थ्य समिति डीपीएम नीलेश कुमार, इकबाल नगर यूपीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिंधु रानी, डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ नीतू, डीसीएम मनीष कुमार, यूनिसेफ से संजय कुमार तथा मनोज राव, पीएसआई से अजय कुमार तथा पीरामल फाउंडेशन से डॉ उत्तम, रविशंकर, डॉ अनामिका सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थीं। अब राष्ट्रीय स्तर से हो रहा है मूल्यांकन डीपीएम ने बताया एनक्वास की टीम द्वारा मूल्यांकन कार्य गुरुवार को भी होगा। यह पहला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसका नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड टीम द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके बाद 20 व 21 मई को कटारी हिल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण तथा मूल्यांकन कार्य किया जाना है। इन दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया जा चुका है। अब राष्ट्रीय स्तर से इसका मूल्यांकन हो रहा है।

# नौकरी के नाम अर्जित लालू की जमीन होगी अधिग्रहित

## जदयू प्रवक्ता बोले- बेटी की बेटी के नाम भी लिखवाई है जमीन, पटना में 43 बीघा भूमि कहां से आई

निज संवाददाता। नालंदा

नालन्दा के बिहार शरीफ स्थित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रधान चुनाव कार्यालय में गुरुवार को जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा है। कहा कि 2024 के चुनाव के बाद लालू प्रसाद ने जो नौकरी के नाम पर संपत्ति अर्जित की है उसे अधिग्रहित करेंगे और अनाथालय बनाएंगे, दिव्यांगों के लिए रहने के लिए आश्रम बनाएंगे, वृद्ध आश्रम बनाएंगे। लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को यह बताना चाहिए कि 43 बीघा 12 कट्ठा जमीन कहां से आया है। बेटी मीसा की बेटी के नाम भी जमीन लिखवाई है। यहां भाकपा माले की उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि 43 बीघा 12 कट्ठा जमीन पटना जैसे शहर में कहां से आया है। उन्हें इस पर अपना नजरिया साफ करना चाहिए हम लोगों के पास पूरे दस्तावेज हैं। कहा कि लालू प्रसाद संविधान खतरे की बात करते हैं। पिछड़ा वर्ग, दलित और अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक संदेश है कि लालू प्रसाद यादव बिहार के नव जमीदार हैं। लालू प्रसाद और उनके परिवार के पास आज केवल पटना शहर में 43 बीघा 12 कट्ठा जमीन है। 486 करोड़ की संपत्ति है। लालू यादव को अपनी संपत्ति का खतरा लग रहा है। एनडीए में हमारी सरकार बननी तय है।

**विपक्ष तड़प रहा है:** नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जो विकास की पटकथा लिखी गई है और मोदी जी की जोड़ी, हमारे गठबंधन के घटक दल के सम्मानित नेता हैं उनके संयुक्त अभियान के कारण विपक्ष तड़प रहा है। अब लालू प्रसाद जी को संविधान खतरा में लग रहा है। संविधान तो डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने बनाया है। उसी संविधान ने लालू जी को सजायाफ्ता घोषित कर दिया है। तेजस्वी यादव आज धारा 420 के आरोपी हैं।



**बेटे ने राजनीतिक रूप से नजरबंद कर दिया:** प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि इस बार पारिवारिक आरक्षण खत्म होगा, संपत्ति का आरक्षण खत्म होगा। यह नहीं चलने दिया जाएगा। सामाजिक न्याय का ढोंग रखिएगा, दूसरी तरफ दलित पिछड़े की बात करके संपत्ति अर्जित करिएगा। लालू जी को उनके बेटे ने राजनीतिक रूप से नजरबंद कर दिया है। लालू को खतरा इस बात से है कि इस बार बिहार की जनता पारिवारिक आरक्षण को खत्म करने जा रही है। संपत्ति का आरक्षण खत्म करने जा रही है।

**लालू के राज में 118 नरसंहार हुआ था:** माले से यह पूछना चाहते हैं कि क्या वे राजनैतिक रूप से अछूत है। क्यों नहीं दीपांकर भट्टाचार्य को लेकर तेजस्वी यादव लेकर घूम रहे हैं। क्या उनमें योग्यता की कमी है, क्या माले उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर पर जाएंगे तो हेलीकॉप्टर अशुद्ध हो जाएगा। यह माले को स्पष्ट करना चाहिए। हम माले के उम्मीदवार से यह जानना चाहते हैं कि लालू के राज में 118 नरसंहार हुआ था। उन 118 नरसंहार में माले के कार्यकर्ता मारे गए थे। दलित, अति पिछड़ा किनके शासन काल में मारे गए थे। गरीब तबके के लोग थे, उनका नरसंहार हुआ था। जो नरसंहार करवाने वाला था उसके साथ खड़े हैं और संविधान में खतरे की बात कर रहे हैं, लोकतंत्र पर खतरे की बात करें।

**मीसा भारती के नाबालिक बेटियों के नाम भी लिखाई गई जमीन:** लालू परिवार ने धनु नामक बेटी के नाम पर जमीन ले ली है। मीसा भारती की नाबालिग बेटी दुर्गा भारती और गौरी भारती के भी नाम पर जमीन ली गई है। इन्हें जमीन की बीमारी पकड़ी हुई है। उनकी सारी जमीनों को जब्त किया जाएगा। नौकरी के नाम पर तेजस्वी यादव से लेकर माले के उम्मीदवार बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

हम यह जानना चाहते हैं कि लालू यादव के बड़े भाई मंगरु यादव थे उनके पुत्र रमाशंकर यादव के पोते और पुत्र को रेलवे में नौकरी दी तो फुलवरिया में 4 कट्ठा जमीन लिखवा ली गई। इसी परिवार के मंगरु यादव के पुत्रवधू गुंजन यादव को नीतीश कुमार के राज में कार्यपालक सहायक की नौकरी लगी तो ना जमीन लिखवाई गई और ना उनसे कोई लेनदेन किया गया। यही कारण था गठबंधन टूटने का। नौकरी के नाम पर ये लोग जमीन लिखवाते थे, पदस्थापना के नाम पर जमीन लिखवाई जा रही थी। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव, भाजपा के जिला प्रवक्ता अमरकांत भारती, जनता दल के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर अशोक कुमार, शशिकांत टोनी, पंकज सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 6 साल से फरार 2 लाख का इनाम अपराधी गिरफ्तार

## गया में हत्या लूट और फिरौती के केस हैं दर्ज, हजारीबाग से अरेस्ट

निज संवाददाता। गया

गया में बीते 6 सालों से लगातार फरार चल रहे इनामी अपराधी शहनवाज खान को जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधी के खिलाफ 2 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह हजारीबाग में छिपा था। जिला पुलिस ने यह कार्रवाई STF की मदद से की है। खास बात यह कि शहनवाज की कोई तस्वीर गया पुलिस के पास नहीं थी। इस वजह से इस अपराधी की शिनाख्त और धर पकड़ में काफी परेशानी हो रही थी। शहनवाज को पकड़ने के लिए पुलिस को कभी अमीन तो कभी ग्वाला बनना पड़ा। इसके बाद ही पुलिस शहनवाज को पकड़ सकी है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि पकड़े गए अपराधी के खिलाफ बिहार पुलिस की ओर से टॉप-10 अपराधियों की सूची जारी की गई



थी। साथ ही 2 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। टॉप-10 की लिस्ट में शहनवाज सबसे ऊपर था। उन्होंने बताया कि शहनवाज के खिलाफ साल 2018 में चेरकी थाना में हत्या किए जाने का केस दर्ज था। जमीन की नापी के दौरान शहनवाज ने जमीन मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके लूट और फिरौती के केस दर्ज हैं। हत्या करने के बाद से शहनवाज फरार चल रहा था। एसएसपी ने बताया कि इनामी अपराधी को पकड़ने वाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

# 2 दिन से लापता किशोर का तालाब में मिला शव, परिजनों ने वारदात की जताई संभावना

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक किशोर का गुरुवार की सुबह तालाब में शव मिला है। मामला बिहार थाना क्षेत्र के शेखाना मोहल्ला स्थित तालाब का है। घंटों बाद शव की शिनाख्त बिहार थाना क्षेत्र के खंदक पर निवासी अशोक चंद्र प्रसाद के (16) वर्षीय पुत्र मोहित कुमार के रूप में की गई है। मृतक के भाई ने बताया कि मोहित मंदबुद्धि था और वह 2 दिन पूर्व घर से निकल गया था। मंगलवार को काफी खोजबीन की गई, बावजूद उसका कहीं पता नहीं चल सका। बुधवार को पुलिस की मदद से स्मार्ट सिटी के तहत लगाए गए कैमरे को खंगाला गया तो पता चला कि मोहित कॉलेज मोड़, खंदकपर, नईसराय होते हुए आगे की ओर जा रहा है। गांव वालों को जब भाई का फोटो दिखाया तो उन लोगों ने इसकी पहचान की। बताया कि डायल 112 की पुलिस उसे अपने साथ ले गई है। डायल 112 की पुलिस पहले भाई को रहुई थाना ले गई। जहां पुलिस वालों ने कहा कि उनके क्षेत्र का मामला नहीं है। इसके बाद पुनः वहीं लाकर छोड़ दिया गया। जहां से उसके भाई को पुलिस ले




गई थी। पुनः जब डायल 112 की पुलिस को फिर भाई की जानकारी दी गई तो पुलिस उसे अपने साथ लेकर नूरसराय थाना पहुंची, जहां से उसे वापस 17 नंबर के समीप लाकर लावारिस हालत में छोड़ दिया गया।

**शव तालाब में उपलाता हुआ मिला:** मृतक के भाई ने कहा गुरुवार को पता चला कि एक शव शेखाना मोहल्ला के तालाब से बरामद किया

♦ **बच्चे के बारे में पुलिस को ग्रामीणों ने दी थी जानकारी**

गया है। जिसकी सूचना पर वह अपने घरवालों के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। जहां शव की शिनाख्त मोहित कुमार के रूप में की गई। परिजन पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उन लोगों का कहना है कि मोहित के साथ जरूर कोई अप्रिय घटना हुई है, क्योंकि उसके सिर पर गंभीर चोट हैं। पुलिस गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल करें तो मामला स्पष्ट हो सकेगा।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा:** नगर थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक शव तालाब में उपला रहा है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाल पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। किशोर मंदबुद्धि था। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# एसएसपी ने घटनास्थल और स्कूल का किया मुआयना, 8 दिन पहले स्कूली बच्चे की पटरी पर मिली थी लाश

निज संवाददाता। गया

गया में 8 मई को वजीरगंज के स्कूली छात्र की हत्या मामले में तेजी आई है। घटनास्थल और स्कूल का एसएसपी आशीष भारती ने खुद मुआयना किया। जांच में प्राप्त तथ्यों की भी समीक्षा विशेष टीम के साथ की है। सभी प्वाइंट की समीक्षा के बाद एसएसपी ने मामले का शीघ्र खुलासा करने का आदेश टीम को दिया है। 5वीं के छात्र मिहिर की डेड बॉडी उसके स्कूल से 5 किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर मिली थी। मिहिर रोज की तरह 8 मई की सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल बस से इंदिरा गांधी स्कूल गया था। लेकिन स्कूल के सीसीटीवी फुटेज में वह साढ़े आठ बजे स्कूल से भागता हुआ दिखाई दे रहा था। वह स्कूल से क्यों भागा, रेलवे ट्रैक कैसे पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई यह सारे सवाल के जवाब अब



तक मृतक के घर वालों को नहीं मिले हैं। हालांकि मृत छात्र के पिता ने स्कूल संचालक के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया है।

**9 मई से अधिकारियों की टीम जांच में जुटी है:** अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन हुआ है। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वजीरगंज, वजीरगंज थानाध्यक्ष, वजीरगंज थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मी और तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को शामिल

♦ **अब नहीं हुआ मामले का खुलासा**

किया गया है। सभी जांच में बीती 9 मई से जुटे हैं। एसएसपी ने खुद विशेष टीम और डॉग स्क्वाड टीम के साथ, घटना स्थल, मृतक बच्चे के शैक्षणिक संस्थान और उसके आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद वजीरगंज थाना पहुंच कर इस कांड से संबंधित उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की और पूरे मामले की समीक्षा भी की। पूरे मामले की गहराई से पड़ताल करने के बाद एसएसपी ने विशेष टीम को इस कांड का खुलासा किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने बताया कि सम्बन्धित मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत, मार्केटिंग के लिए घर से पैदल जा रहा था बाजार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान बुधवार की देर शाम मौत हो गई। मामला बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन के नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत नालंदा मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के सरिलचक गांव निवासी श्रवण कुमार के (18) वर्षीय पुत्र रंजन वर्मा उर्फ सोनू के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सोनू मार्केटिंग करने के लिए बुधवार की शाम घर से पैदल नालंदा मोड़ के समय गया था। जहां फोरलेन पर अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद जख्मी अवस्था में उसे इलाज के लिए नालंदा थाना की पुलिस पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी:** मृतक तीन भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नम्बर पर था। उसने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा



पास की थी। ग्रेजुएशन में दाखिला के लिए प्रयासरत था। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की पुष्टि के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ट्रक को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बोधि वृक्ष का किया गया रूटीन हेल्थ चेकअप, पूरी तरह से है फिट एंड फाइन

निज संवाददाता। गया

गया विश्व विख्यात पवित्र बोधि वृक्ष का बुधवार को विधिवत रूटीन हेल्थ चेकअप किया गया। स्वास्थ्य जांच में वह पूरी तरह से फिट एंड फाइन है। रूटीन हेल्थ चेकअप देहरादून स्थित FRI (फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट) के वैज्ञानिक सन्तन बर्थवाल और शैलेश पांडेय द्वारा किया गया। बोधि वृक्ष का हेल्थ चेकअप प्रत्येक 3 माह पर किया जाता है। चेकअप के बाद बोधि वृक्ष के ऊपर दवा का भी छिड़काव किया गया। वैज्ञानिकों का कहना है कि जैसी उम्मीद थी वैसी ही पत्तियां बोधि वृक्ष में आई हैं। बड़ी संख्या में पत्तियां आई हैं। पेड़ के सारी टहनियां और उनकी शाखांए पूरी तरह से स्वास्थ्य है। कुछ एक स्थानों पर दवा का लेप लगाया है ताकि बचाव हो सके। बोधि वृक्ष बोधगया महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित है। इसी बोधिवृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध ने तपस्या की थी और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यही वजह है कि इस पवित्र बोधि वृक्ष से



देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं का अद्भुत लगाव और अटूट विश्वास है। गौरतलब है कि पवित्र बोधि वृक्ष का हेल्थ चेकअप नियमित तौर पर हर प्रत्येक 3 माह में एक बार कराया जाता है।

यह एक रूटीन प्रक्रिया है। इस काम को बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी की ओर से किया जाता है। एफआरआई के वैज्ञानिक हर 3 माह पर बोधगया आते हैं और वृक्ष के सेहत की जांच करते हैं। जरूरत पड़ने पर उसका ट्रिटमैंट भी करते हैं। दून से आए वैज्ञानिकों ने बताया कि बोधि वृक्ष पूरी तरह से फिलहाल स्वस्थ्य है। उन्होंने बताया कि कुछ पतली टहनियों की छटाई की है, जो सूख या फिर मृत हो गए थे। उन्होंने बताया कि बोधिवृक्ष का फिलहाल ऑब्जर्वेशन किया जा रहा है।

# जरूरतमंदों से राजगीर परिसदन में मिलेंगे चुनाव ऑब्जर्वर, जारी किया गया नंबर व मिलने का समय

निज संवाददाता। नालंदा

## नालंदा में 1 जून को होना है चुनाव

नालंदा में सातवें चरण का मतदान 1 जून को होना है। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और भय मुक्त कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों का आवासन राजगीर परिसदन होगा। जरूरतमंद लोग राजगीर परिसदन में उनसे मुलाकात कर चुनाव से संबंधित जानकारी दे सकते हैं। अधिकृत जानकारी के अनुसार जनरल ऑब्जर्वर मौसमी चटर्जी चौधरी, राजगीर परिसदन के कमरा संख्या 202 में ठहरे हैं। उनका संपर्क नम्बर 8235403909 और 06112-255982 है। उनसे परिसदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 9 से 10 बजे तक मुलाकात किया जा सकता है। इसी प्रकार ऐक्सपैंडीचर ऑब्जर्वर मिलिंद वी



पाटिल राजगीर परिसदन के कमरा संख्या 203 में ठहरे हैं। उनका संपर्क नंबर 8603111652 और 06112- 255983 है। उनसे सुबह 10 से 11 बजे तक राजगीर परिसदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में मिलकर चुनाव से संबंधित जानकारी और शिकायत और सुझाव दी जा सकती है। पुलिस ऑब्जर्वर धर्मेंद्र शर्मा को राजगीर परिसदन के कमरा संख्या 204 में ठहराया गया है। उनका संपर्क नंबर 8603111705 और 06112-255981 है। उनसे जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थी, जनप्रतिनिधि और सामान्य लोग मिल सकते हैं। उनका मिलने का समय सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव से संबंधित जानकारी और समस्या के निदान के लिए सभी प्रेक्षकों से नियत समय और स्थान पर अभ्यर्थी और निर्वाचन अभिकर्ता मिल सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने किया वारिसलीगंज प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण




निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी नवादा द्वारा वारिसलीगंज प्रखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि जिस भवन में प्रखंड कार्यालय का कार्य हो रहा है, वह भवन काफी पुराना एवं जर्जर है। प्रखंड परिसर में ही नये भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी वारिसलीगंज द्वारा बताया गया कि यह निर्माण कार्य भवन विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्य स्थल से ही भवन के कार्यपालक अभियंता से बात करने पर बताया गया कि दिसम्बर 2024 तक नये भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। किन्तु कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर कार्यपालक अभियंता भवन को निर्देश दिया गया कि मजदूरों की संख्या में बृद्धि कर निर्माण कार्य जल्द एवं पूर्ण करें तथा कार्यपालक अभियंता स्वयं सप्ताह में एक बार तथा भवन प्रमंडल नवादा से किसी एक कनीय अभियंता को प्रत्येक दो दिन पर कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्य प्रगति का प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी वारिसलीगंज को समर्पित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित निरीक्षण करेंगे तथा कार्य प्रगति का प्रतिवेदन देकर जिलाधिकारी को अवगत करायेंगे। बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा भंडार कक्ष में परियोजना से संबंधित कई सामग्रियों यथा-स्टेडियोमीटर, वजन मशीन एवं कई प्रकार की सर्वे आदि से संबंधित पंजियां अवितरित रखे हुए हैं। अब तक इन सामग्री एवं पंजियों का वितरण नहीं होने के संबंध में पूछे जाने पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वारिसलीगंज द्वारा स्थिति स्पष्ट नहीं की जा सकी। जिसपर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण की मांग करते हुए 03 दिनों के अन्दर योग्य लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड परिसर में ही निर्माणाधीन नगर सरकार भवन वारिसलीगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद द्वारा बताया गया कि विगत छः वर्षों से इस भवन का निर्माण कार्य जारी है लेकिन अभीतक पूर्ण नहीं किया जा सका। इस संबंध में विभागीय पदाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य का कार्य शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड परिसर में ही राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक गोदाम प्रबंधक वारिसलीगंज अजीत कुमार एवं डाटा इन्टी ऑपरेटर अनुज कुमार उपस्थित थे। गोदाम में रखे चावल की गुणवत्ता एवं वजन के संबंध में प्रखंड वारिसलीगंज के वरीय पदाधिकारी को जॉच करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड संसाधन केन्द्र वारिसलीगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में बीईओ अनुपस्थित पाये गए। उपस्थित बीआरपी द्वारा बताया गया कि बीईओ वारिसलीगंज दो अन्य नारदीगंज एवं नवादा सदर के अतिरिक्त प्रभार में हैं। जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया कि सूचना देकर मुख्यालय छोड़ेंगे। पत्रकारों के साथ वार्ता के दौरान उन्होंने उन्हें कई अन्य समस्याओं की जानकारी भी मिली, बाजार में जाम की समस्या एवं गौशाला सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने गंभीर होकर समस्याओं का ससमय निवटारा करने का आश्वाशन भी दिया। उन्हें नगर परिषद कार्यालय के लिये भवन की कमी से भी अवगत कराया गया है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, एमओ, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहनों का भुगतान के लिये कोषांग को किया गया निदेशित

निज संवाददाता

**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी नवादा श्री प्रशांत कुमार सी.एच. के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर निर्वाचन कार्य हेतु जिला वाहन कोषांग, नवादा एवं सभी प्रखंड कार्यालय जिला नवादा के 39-नवादा संसदीय क्षेत्र का मतदान कार्य समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित/प्रयुक्त वाहनों का अंतिम रूप से मुआवजा भुगतान किया जाना है। अधिग्रहित/प्रयुक्त वाहनों के मालिकों/चालकों को सूचित किया जाता है कि वे निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त अपने वाहनों का लॉगबुक दिनांक 20.05.2024 तक निश्चित रूप से जिला वाहन कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय), नवादा में जमा करना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे वाहनों का देय मुआवजा का शत प्रतिशत भुगतान किया जा सके। निर्धारित तिथि तक लॉगबुक जमा नहीं करने की स्थिति में अधिग्रहित वाहनों का मुआवजा भुगतान में विलम्ब की सारी जवाबदेही संबंधित वाहन मालिकों/चालकों की होगी तथा मुआवजा/भुगतान का दावा भविष्य में स्वीकार नहीं होगा।

# बीडीओ ने सचिव एवं तकनीकी सहायकों के साथ की योजनाओं की समीक्षा

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री ने ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास के योजनाओं को पूरा करने को लेकर सभी पंचायत सचिव,टेक्निकल असिस्टेंट एवं एक्सक्यूटिव असिस्टेंट के साथ बैठक किया। इस दौरान बीपीआरओ राजन कुमार भी मौजूद रहे।बीडीओ ने कहा कि पंद्रहवीं एवं षष्टम वित्त राज्य आयोग की अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। साथ हीं सभी मुखियाओं को पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निबंधन की छायाप्रति जल्द से जल्द जमा करने को कहा गया है।जिससे नव विवाहिताओं को सरकारी लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके।बीडीओ ने पंचायत सचिवों को जन्म एवं मृत्यु निबंधन शुल्क को प्रखण्ड कार्यालय में यथाशीघ्र जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। बीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रखण्ड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों में आरटीपीएस काउंटर को शुचारू रूप से चालू करने के लिए विशेष निर्देश दिया गया है।

## हथियार एवं गोली के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के चैनपुर थाने की पुलिस ने दो हथियार व गोली के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों में चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव के चिरकूट राजभर व पारस राजभर शामिल हैं। चैनपुर पुलिस ने बदमाशों के घर से 315 बोर का एक देसी कट्टा, 315 बोर की तीन गोलियां, एक एकनाली देसी बंदूक, लकड़ की का एक बट, लोहेका बॉडी, खुला हुए एक बैरल व 12 बोर का दो खोखा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने बताया कि चैनपुर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़ गांव में दो व्यक्ति अपने घर में हथियार रखकर एवं उसका प्रदर्शन कर लोगो में दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं।

## 24 घंटे के अंदर 19 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

निज संवाददाता

**नवादा।** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 15 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, बलात्कार में 01, मद्य निषेध में 06, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, हत्या के प्रयास में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 07 कुल 19 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 293 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 07 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 522 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 01 लाख 34 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 02, मोटरसाईकिल 02 एवं स्कॉर्पियो 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# पुनौल नदी के पास से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जप्त, चालक फरार

निज संवाददाता



**नरहट (नवादा)।** गुरुवार को नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनौल गांव के पास धनार्जय नदी के समीप से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस ने जप्त किया है। पुलिस को देख कर चालक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि नरहत थाना अंतर्गत पुनौल नदी के पास से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया है।आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आपको बता दें कि थानाध्यक्ष द्वारा शराब माफिया एवं अवैध बालू माफिया के खिलाफ बहुत शक्त हैं। अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है।

अवैध शराब और अवैध बालू माफियाओं पर लगातार पुलिसिया कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कम्प है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध कारोबारियों को किसी भी कीमत में बक्सा नही जाएगा।

## पुलिस ने 150 पीस शराब के साथ दो को पकड़ा

**चांद (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद थाने की पुलिस ने विभिन्न जगहों पर जांच के दौरान 150 पीस शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गावती थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी मुरहू बिंद के पुत्र बुधु बिंद व डिड़खिली गांव निवासी कन्हैया शर्मा के पुत्र कृष्ण शर्मा शामिल हैं। इसकी पुष्टि उत्पाद विभाग के पदाधिकारी ओम प्रकाश कुमार व ओम प्रकाश कुमार ने की। दोनों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत थाने में मुकदमा दर्ज कर सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराईगई। फिर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। द्वय अधिकारियों ने बताया कि सिहोरिया व दीवाने मुकवा में शराब मामले को लेकर जांच अभियान चल रहा था।

# शोक सभा आयोजन कर पूर्व डिप्टी सीएम को दी गयी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता



**नवादा।** जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। जिलाध्यक्ष श्री मेहता ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी जी का निधन अत्यंत दुःखद है। भाजपा परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सुशील मोदी का पूरा जीवन बिहार के विकास और गरीब-पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनका जाना बिहार और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति दें। कार्यक्रम में उपस्थित वारिसलिगंज विधायक अरुणा देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, संजय कुमार मुन्ना, विनय कुमार एवं शशिभूषण कुमार बबलू ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और सामाजिक-राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सुशील कुमार मोदी बिहार के एक मात्र नेता थे जिनका संपर्क बिहार के हर जिला के कई कार्यकर्ताओं से था और वे सभी कार्यकर्ताओं से हमेशा संपर्क में रहते थे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विजय कुमार पांडेय, रामानुज कुमार, शैलेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष माधुरी बरनवाल, जितेंद्र पासवान, विनोद कुमार भोली, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रियरंजन श्रीनिवास, नंद किशोर चौरसिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा, जिला मंत्री नीतू गुप्ता, शिव यादव, जितेंद्र बबलू, तेजस सिन्हा, नीतिनंदन कुमार, संजय दांगी, नंदकिशोर चौरसिया, रवीश कुमार, राधेश्याम चौधरी, महेश कुमार फूही, रौशन कुमार आर्य, नवल किशोर, विपिन कुमार, अजीत वर्मा, रुपेश कुमार, चंदन चन्द्रवंशी, कुंदन कुमार, अंकित विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# दो शराब धंधेबाजों के घरों से 80 लीटर महुआ शराब बरामद

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के डीह रजौली के चौधरी टोला में बुधवार की शाम में एसआई अजय कुमार ने दो शराब धंधेबाजों के घरों से कुल 80 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया। जबकि पुलिस आने की भनक लगते ही शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की मदद से लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी बिच बुधवार की शाम को शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार को सशस्त्र पुलिस बल के साथ डीह रजौली के चौधरी टोला भेजा गया। छापेमारी के दौरान चौधरी टोला स्थित गणेश चौधरी के बेटे संतोष चौधरी के घर के पास से 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। वहीं डीलों चौधरी के बेटे अरविंद चौधरी के घर के पास 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान धंधेबाज फरार हो गए थे। इसलिए किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि जब्त शराब को लेकर संतोष चौधरी एवं अरविंद चौधरी को के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# बीआरसी कार्यालय के बाहर से खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र में पुलिस चोरी की बाइकों को जब्त करने एवं बाइक चोरों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई भी कर रही है। किन्तु बाइकों की चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है।बीते बुधवार को इंटर विद्यालय के प्रांगण स्थित बीआरसी कार्यालय में सुबह के लगभग 10:30 बजे पकरीबरावां थाना क्षेत्र के अमन बाग गांव निवासी मो अब्दुल अजीज के पुत्र मो असरफ अली अंसारी एक जरुरी काम से आये थे।वे अपने बाइक संख्या बीआर27एच8749 को बीआरसी कार्यालय के द्वार पर खड़ा कर अंदर गए एवं काम के बाद जब लौटे तो देखा कि बाइक नहीं है।आसपास पूछताछ के बाद भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिली।

पीड़ित शिक्षक ने कहा कि वे पकरीबरावां से रजौली स्थित बीआरसी भवन एक बच्चे के काम से आये थे। उन्होंने अपनी बाइक में सिंगल लॉक अर्थात सिर्फ ऑफ करके बाइक से चाभी निकाल कर कार्यालय गए एवं जब बाहर आये तो देखा कि बाइक नहीं है।पीड़ित शिक्षक ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मेरी बाइक की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली है।साथ ही कहा कि बाइक चोरी की लिखित शिकायत रजौली थाना को देकर चोरी हुए बाइक की बरामदगी को लेकर गुहार लगाई गई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित युवक मो असरफ अली अंसारी द्वारा दिये आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि बाइक के बरामदगी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## मस्जिद के समीप परती भूमि में कचरा फेंके जाने पर बना कचरों का पहाड़

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत के बाजार स्थित तकिया मोहल्ला के समीप एक परती भूमि में वर्षों से बाजारवासियों द्वारा अवैध रूप से कचरा फेंके जाने पर कचरों का पहाड़ बन गया है। जिसके कारण आसपास के लोग दुर्गंध युक्त वातावरण में जीने को मजबूर हैं।उक्त परती जमीन बाजार निवासी अजय सेठ का बताया जाता है। खानकाह तकिया वफ्फ स्टेट रजौली के प्रबंध समिति के सचिव अबू सालेह ने बताया कि इमामबाड़ा के निकट से एक रास्ता खानकाह तकिया जामा मस्जिद के लिए जाता है। मस्जिद के गेट के निकट स्थानीय लोगों के द्वारा कूड़ा-कचरा फेंक-फेंक कर ढ़ेर लगा दिया गया है।इसी कूड़ा और रास्ता पर लोग पेशाब भी किया करते हैं। इस गंदगी से कोई भी जानलेवा बीमारी जन्म ले सकता है। जिसके कारण आम लोगों को मस्जिद एवं मजार पर आने-जाने में श्रद्धालुओं को काफी कष्ट हो रहा है।सचिव ने नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश एवं मुख्य पार्षद मानती देवी को लिखित आवेदन देकर जनहित में स्वच्छता के दृष्टिकोण से धार्मिक स्थल को अतिशीघ्र इस गंदगी से निजात दिलाने की बात कही है। बताते चलें कि बीते जनवरी माह में धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई हेतु नगर पंचायत के पदाधिकारी समेत स्थानीय लोगों की एक कमिटी बनाकर 14 जनवरी से 21 जनवरी तक तीर्थ स्वच्छता कैंपेन चलाया था।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/टी०/ओ०टी०/02/24**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** प्रोविजन ऑफ सिम बेस्ड वायरलेश नेटवर्क सिस्टम इन प्लेस ऑफ भी-सेट टर्मिनल्स टू बी यूज्ड इन पी० आर० एस० एट टेकारी, औरंगाबाद टाउन, दाउद नगर, भभुआ टाउन, बोधगया, शेरघाटी, रामगढ़, विष्णुपद एण्ड छतरपुर (टोटल 09 लोकेशन्स ऑन भी-सेट) एण्ड कोचस (फक्शनिंग आन 64 केबीपीएस बी एस एन एल लीज्ड लाईन) ऑफ डीडीयू डिविजन। प्रोविजन ऑफ सिम बेस्ड कम्युनिकेशन फार क्रू मैनेजमेंट सिस्टमस एट डीडीयू (06 न०) गया, अंकोरा एण्ड नबीनगर इन डीडीयू डिविजन इन ऐडिसन टू एग्जिस्टिंग ओ एफ सी/केबल नेटवर्किंग। **(2) कार्य का अनुमानित मूल्य:** रू० 23,25,614.85/- (तेइस लाख पच्चीस हजार छः सौ चौदह रूपये एवं पच्चासी पैसे मात्र)। **(3) धरोहर राशि:** रू० 46,500/- (छियालिस हजार पॉच सौ रूपये मात्र)। **(4) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 06-06-2024 को 12.30 तक। **(5) बेव साईट का पता जहॉ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** **www.ireps.gov.in**

**मं०सं० एवं दू०सं०अभि०, पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०**
पीआर/00292/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/24-25/32

# ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत चेन पुलिंग करने वाले 407 लोग लिए गए हिरासत में

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावष्यक रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत 01 मई से 15 मई तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 407 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। इन 15 दिनों में ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत् 236 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि सोनपुर मंडल में 63, समस्तीपुर मंडल में 55, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 32 तथा धनबाद मंडल में 21 लोगों को हिरासत में लिया गया।

## एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र से हुए लूट मामले में तीन गिरफ्तार

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के बिक्रमगंज की पुलिस ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र लूटकांड का खुलासा करते हुए 3 को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी भोजपुर जिले के रहने वाले हैं। इस संबंध में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बिक्रमगंज के एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि पिछले 21 जनवरी 2023 को बिक्रमगंज के शिवपुर गांव के पास बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में 2 लाख 30 हजार रुपए के लूटकाण्ड को अंजाम दिया गया था। साथ ही लैपटॉप, मोबाइल और कागजात भी लूटेरे अपने साथ ले गए थे।

# रेल पुलिस ने चोरी की 12 मोबाइल के साथ महिला को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के डेहरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह की एक महिला सदस्य को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी के 12 मोबाइल को बरामद किया गया है। गिरफ्तार महिला से पूछताछ में आरपीएफ टीम को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। घटना की जानकारी देते हुए गुरुवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर राम विलास राम ने बताया कि एक्सप्रेस ट्रेन के रुकते ही ट्रेन से उतरकर जा रही एक महिला को रेल पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए उससे पूछताछ की गई। इस दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम व उनकी टीम ने यात्रियों से भी सहयोग लेकर महिला से पूछताछ करने लगे। महिला की बैग को जांच करने के बाद एक साथ 12 मोबाइल देख रेल पुलिस समझ गई कि मामला संदिग्ध है। कड़ाई से पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि वह डेहरी नगर थाना क्षेत्र के जख्खी बिगहा मणिनगर निवासी मंसौर खरवार की 23 वर्षी पत्नी मीरा देवी है। जो ट्रेनों में व प्लेटफार्म पर यात्रियों से विशेष कर मोबाइल की चोरी करती है। उसने यह भी बताया कि मोबाइल चोरी गैंग में कई और चोर हैं, जो प्लेटफार्म और ट्रेनों में सक्रिय है। जीआरपी थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर चोरी के 12 मोबाइल को जब्त किया, तथा गिरफ्तार मोबाइल चोर नीरा देवी को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया है। चोरी की घटना पर अंकुश लगाने को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम के नेतृत्व में टीम ने जक्खि बिगहा मणिनगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया, तथा डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर एक संदेश व चेतावनी भी दी गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि मणिनगर के कई ऐसे चोर हैं, जो रेलवे स्टेशन में ट्रेनों में सक्रिय रहते हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 30.05.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09/2024 | शीशम बोटा-4 पीस (4 फीट 5 इंच x 42 इंच-1 पीस; 4 फीट 6 इंच x 60 इंच-1 पीस; 7 फीट 5 इंच x 52 इंच-1 पीस एवं 7 फीट 9 इंच x 66 इंच-1 पीस)। | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 324859 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

## संक्षिप्त समाचार

### बहू के झगड़ने से आहत सास-ससुर ने खाया जहर, अस्पताल ले जाने से पहले ही चली गई जान

**धोरैया, एजेंसी।** बिहार में बांका जिले के भेलाय गांव में बुधवार को बहू से विवाद होने पर एक वृद्ध दंपती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। मृतकों में भेलाय गांव निवासी किशन सिंह (65) एवं उनकी पत्नी कुसमी देवी (60) शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने गांव पहुंचकर शवों को बरामद कर लिया। गुरुवार को इनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि किशन सिंह को तीन पुत्र एवं एक पुत्री है। तीनों पुत्र परदेस में रोजगार करते हैं। पुत्री की शादी होने के बाद घर में किशन सिंह, उनकी पत्नी व बड़ी बहू रहती थी। बताया जाता है कि किशन सिंह की पत्नी पिछले एक वर्ष से लकवा से ग्रसित हैं। मंगलवार को सास-ससुर व बहू के बीच आपसी विवाद होने पर बुधवार सुबह बहू घर से निकलकर चली गई। इसे देख किशन सिंह भी बांका गए और कीटनाशक लाकर उन्होंने खा लिया। इसके बाद पत्नी को भी खिला दिया। जब जहर का असर हुआ तो दोनों चिल्लाने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनते ही ग्रामीण दौड़े। उन्हें बेचैनी की हालत में देख लोगों ने घटना की जानकारी उनकी पुत्री को दी। मामला जहर खाने से जुड़ा होने के कारण कोई ग्रामीण उन्हें अस्पताल लेकर नहीं गया। इससे पुत्री के आने से पहले दोनों की मौत हो गई।

### पीएम मोदी के सातवें बिहार दौरे की तारीख फाइनल, पूर्वी चंपारण और सीवान में हो सकती है रैली

**सीवान।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। इस दिन वे राज्य में दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर सकते हैं। उनकी पहली सभा पूर्वी चंपारण तो दूसरी सीवान जिले में प्रस्तावित है। बिहार बीजेपी की ओर से दोनों चुनावी रैलियों को लेकर प्रस्ताव भेज दिया है। एक-दो दिन में इसकी विधिवत मंजूरी मिलने की संभावना है। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद यह पीएम मोदी का सातवां बिहार दौरा होगा। बिहार में लोकसभा चुनाव के सभी चरणों में चुनाव हो रहे हैं। बिहार में लगभग सभी सीटों पर एनडीए के बड़े नेताओं की रैलियां की जा रही हैं। पीएम मोदी खुद अब तक 6 बार बिहार आ चुके हैं। बीते डेढ़ महीने में वे राज्य में 10 रैलियां और एक रोड शो कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 4 अप्रैल को जमुई से बिहार में चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 7 अप्रैल को नवादा और 16 अप्रैल को गया एवं पूर्णिया में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। फिर उनकी 26 अप्रैल को अररिया के फारबिसगंज और मुंगेर में रैली हुई। इसके बाद पीएम ने 4 मई को दरभंगा में रैली की। फिर उनका 12 मई को पटना में रोड शो हुआ और 13 मई को उन्होंने तीन जगहों हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा में रैली की। अब वे पूर्वी चंपारण और सीवान में 21 मई को चुनावी सभाएं कर सकते हैं। पीएम मोदी पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राधा मोहन सिंह और सीवान से जेडीयू प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा के समर्थन में वोट की अपील करेंगे।

### बिहार पुलिस के ड्राइवर की रातोंरात किस्मत बदली, ड्रीम 11 में टीम बनाकर जीते 54 लाख

**पटना।** बिहार पुलिस के निजी ड्राइवर रवि सिंह की रातोंरात किस्मत बदल गई। रवि सिंह ने आईपीएल 2024 में बुधवार को खेले गए राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच में टीम बनाकर 54 लाख रुपये जीत लिए। रवि सिंह ने महज 59 रुपये खर्च कर टीम बनाई थी। इस कंटेस्ट में वह दूसरे स्थान पर रहे। इतनी बड़ी रकम जीतने के बाद रवि सिंह और परिवार वालों की खुशी का ठिकाना नहीं है। जानकारी के मुताबिक रवि सिंह पटना पुलिस लाइन में गाड़ी चलाते हैं। वह निजी ड्राइवर हैं। रवि अक्सर ड्रीम 11 में ऑनलाइन टीम बनाकर लगाते थे। बुधवार को राजस्थान और पंजाब के मैच में भी उन्होंने 59 रुपये लगाकर टीम बनाई और किस्मत खुल गई। 873 पॉइंट बनाकर रवि को इस कंटेस्ट में दूसरा स्थान मिला। वह पहली रैंक से महज 4 पॉइंट से चूक गए।

### ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत : मार्केटिंग के लिए घर से पैदल जा रहा था बाजार

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान बुधवार की देर शाम मौत हो गई। मामला बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन के नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत नालंदा मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के सरिलचक गांव निवासी श्रवण कुमार के (18) वर्षीय पुत्र रंजन वर्मा उर्फ सोनू के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सोनू मार्केटिंग करने के लिए बुधवार की शाम घर से पैदल नालंदा मोड़ के समय गया था। जहां फोरलेन पर अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद जख्मी अवस्था में उसे इलाज के लिए नालंदा थाना की पुलिस पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नम्बर पर था। उसने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। ग्रेजुएशन में दाखिला के लिए प्रयासरत था। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की पुष्टि के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ट्रक को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# केके पाठक का एक्शन जारी, बिना मान्यता के संचालित 94 निजी स्कूलों पर लगेगा ताला



**भागलपुर, एजेंसी।** जिले में बिना प्रस्वीकृति (मान्यता) के संचालित होने वाले 94 निजी विद्यालयों पर सात दिनों में ताला लगेगा। साथ ही इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराया जाएगा।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने बुधवार को बिना प्रस्वीकृती के संचालित होने वाले स्कूलों को लेकर राज्य के सभी जिलों को निर्देश दिया है कि बिना मान्यता के जो भी निजी स्कूल चल रहे हैं, उन्हें सात दिनों में जल्द से जल्द बंद कराते हुए वहां के बच्चों का सरकारी विद्यालय में नमांकन कराएं। साथ ही इसकी रिपोर्ट विभाग को भेंजे।

इस बाबत डीपीओ डॉ. जमाल मुस्ताफा ने बताया कि जिले में 330 निजी स्कूल हैं। बीते कई महीनों से शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए दबाव के बाद अब तक 236 निजी स्कूलों द्वारा प्रस्वीकृति लेने का काम किया गया है। अभी भी 94 ऐसे स्कूल हैं, जिन्होंने प्रस्वीकृति नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र में ऐसे स्कूल को चिह्नित कर तीन दिन में विभाग को रिपोर्ट करें, ताकि बिना प्रस्विकृती पत्र के संचालित होने वाले स्कूलों को बंद कराया जा सके।

16 मई से 30 जून तक सरकारी स्कूल सुबह 6ः00 से दोपहर 1ः30 तक संचालित होंगे। इसको लेकर विभागीय निर्देश जारी कर दिया गया। बुधवार को स्कूलों में गर्मी छुट्टी खत्म हो गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सुबह 6ः00 से दोपहर 12ः00 तक सामान्य तरीके से कक्षा का संचालन होगा। इस दौरान सुबह 10ः00 बजे से 10ः30 तक बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाएगा। वहीं. दोपहर 12ः00 के बाद शिक्षा विभाग द्वारा कमजोर बच्चों के लिए चलाए जा रहे मिशन दक्ष कार्यक्रम के तहत संचालित स्पेशल क्लास दोपहर 1.30 बजे तक संचालित होगी।

उन्होंने बताया कि सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षक तय समय पर स्कूल पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो पालियों में स्कूलों का निरीक्षण का रोस्टर बनाया गया है। ढाई सौ कर्मी में निरीक्षण करेंगे।

निरीक्षण कर्मी को निर्देश दिया गया है कि जिले के सभी स्कूलों का शत प्रतिशत निरीक्षण हो। निरीक्षण में कोताही नहीं बरती जाए। निरीक्षण नहीं करने वाले निरीक्षी कर्मियों का भी वेतन काटा जाएगा।

## अब राशि के बदले सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगी पोशाक

**पटना, एजेंसी।** आईएएस के के पाठक ने सराकरी स्कूल में पढ़ाई कर रहें स्कूली बच्चे को शर्ट, पैंट, लड़कियों को सलवार-शूट देने का फैसला लिया है। राज्य के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को अब राशि के बदले अब स्कूल ड्रेस दिया जाएगा। इसमें दो जोड़ी ड्रेस के साथ बच्चों को एक जोड़ी जूते- मोजे दिए जायेंगे। यही नहीं कॉन्वेंट स्कूल की तरफ टाई भी पहनने को मिलेगी। ठंठ से बचने के लिए जाड़े में स्टूडेंट्स को स्वेटर भी दिए जाएंगे।

प्रारंभिक विद्यालयों के पहली से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को एक जोड़ी पोशाक में एक हाफ शर्ट एवं एक हाफ पैंट तथा एक फूल शर्ट एवं एक फूल पैंट मिलेगा। गर्मी में छात्र हाफ पैंट और हाफ शर्ट पहनेंगे। वहीं ठंड के मौसम फूल पैंट एवं फूल शर्ट पहन सकेंगे। वहीं क्लास वन से आठवीं तक की छात्राओं को दो जोड़ी सलवार और कमीज मिलेगी। इसी प्रकार कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को भी दो जोड़ी सलवार और कमीज मिलेगी। साथ में एक जोड़ी जूते-मोजे एवं एक स्वेटर भी दिये जाएंगे।

**आईएएस के के पाठक ने बैठक कर लिया फैसला....** स्कूली बच्चे के ड्रेस को लेकर आईएएस के के पाठक ने अहम बैठक की। डॉ. मदन मोहन झा स्मृति सभागार में बुधवार को अपर मुख्य सचिव केके पाठक की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक हुई।बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र और माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बच्चों के पोशाक में व्यवहार किये जाने वाले कपड़े की भी जांच-परख की गयी। अपर मुख्य सचिव केके पाठक की मौजूदगी में हुई बैठक में छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए जल्द निविदा निकाली जाएगी।

**पहले ड्रेस के बदले दी जाती थी राशि :** दरअसल, मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि दी जा रही थी।

## छपरा के मदरसे में ब्लास्ट, मौलाना की मौत, एक बच्चा घायल



**छपरा, एजेंसी।** छपरा के मोतिराज मदरसा में बुधवार शाम अचानक ब्लास्ट हो गया। मदरसे के पीछे से गेंद जैसा कुछ सामान रखा था, जिसे एक बच्चा नूर आलम (10) उठाकर ले गया। मौलाना को बम होने का शक हुआ तो वह उसे लेकर फेंकने की कोशिश करने लगा, इसी दौरान ब्लास्ट हो गया।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हुए और इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौलाना की मौत हो गई। घायल बच्चे का इलाज जारी है। मृतक की पहचान मढ़ौराथाना क्षेत्र के ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन (40 साल) के रूप में हुई है। शव को गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घायल बच्चा मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। इधर मदरसे में बम फटने के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। साथ ही पुलिस की एक टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। पूरी घटना जिले के गड़खा थाना में मोतिराजपुर गांव की है। साक्ष्य मिटाने के लिए टाइल्स को पानी से किया गया साफ डीएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि बम के नमूने को लेने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। फिलहाल पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से मदरसा के सभी लोग लापता हैं। आस पास को लोगों से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि सबूत मिटाने के लिए टाइल्स को पानी से साफ किया गया है।

बम को गेंद समझ उठा लाया था बच्चा मिली जानकारी के मुताबिक, मदरसा के पीछे गेंद जैसा दिखने वाला एक सामान देखकर नूर ने उसे उठा लिया और अंदर लेकर आ गया। हाथ में बम देख मौलाना ने उसे अपने हाथ में लेकर फेंकने की कोशिश की, लेकिन तब तक बम फट गया। मदरसे में 80 बच्चे और कर्मचारियों की होने की जानकारी मिल रही है।

### 18 मई को जॉब कैंप का होगा आयोजन:27 हजार तक मिलेगी सैलरी, नोएडा, गुड़गांव और हैदराबाद में करना होगा काम

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने के लिए श्रम संसाधन विभाग लगातार जॉब कैंप का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर 18 मई को आईटीआई कैंपस स्थित संयुक्त श्रम भवन के जिला नियोजनालय में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित जॉब कैंप में इनोविजन लिमिटेड की ओर से विभिन्न 300 पदों पर बहाली ली जाएगी। मैट्रिक से लेकर इंटर तक के शिक्षित बेरोजगार इसमें शामिल हो सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि एनसीएस पोर्टल पर निबंधित कोई भी शिक्षित बेरोजगार इसमें भाग ले सकते हैं। डीलर और कैशियर के 100 पद, कस्टमर सपोर्ट टेलीकॉलर के 50 पद, डिलीवरी बॉय के 50 पद, मल्टीपरपज हेल्पर और फूड पैकेजिंग हेल्पर के 50 पद, कस्टमर सर्विस और किचन ड्यूटी के लिए 50 पदों पर बहाली की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन विभाग की ओर से शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए लगातार जॉब कैंप का आयोजन जिला नियोजनालय में किया जा रहा है। 18 मई को लगने वाले जॉब कैंप में शामिल होने के इच्छुक बेरोजगारों को बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, संबंधित शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र और 2 रंगीन पासपोर्ट साइज के साथ आना है।

# रीगा में बंद पड़ी चीनी मिल को लेकर अमित शाह का बड़ा एलान, कहा- जल्द ही खुशखबरी मिलेगी



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सीतामढ़ी में जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने रीगा चीनी मिल से लेकर मां सीता के भव्य मंदिर के निर्माण का बड़ा एलान कर दिया।

अमित शाह ने यहां कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब सीतामढ़ी की बारी है। उन्होंने जनसमूह से पूछा कि सीतामढ़ी में मां सीता का भव्य मंदिर बनना चाहिए कि नहीं बनना चाहिए

शाह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जय सिया राम का नारा दिया है। उन्होंने जय सिया राम का नारा देकर भक्ति एवं समर्पण का बोध कराया है। हम कहना चाहेंगे अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से एक काम पूरा हुआ। अब एक काम बाकी है सीतामढ़ी में मां सीता की धरती पर भव्य मंदिर बनाने का।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में कहा कि इसका हर इंच भारत का है और कोई भी ताकत इसे छीन नहीं सकती है।

अमित शाह ने कहा कि रीगा में बंद पड़ी चीनी मिल को चालू कराने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है। हम उसको फिर से चालू कराएंगे। उसमें एथनाल भी बनेगा, चीनी भी बनेगी और गुड़ भी बनेगा और इसका मुनाफा लाखों किसानों एवं आम लोगों को मिलेगा।

अमित शाह ने भीड़ से पूछा-क्या नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाओगे हां तो कैसे बनाओगे मोदी जी के नेतृत्व में चार सौ पार की सरकार बनाओगे लालू प्रसाद का सूपड़ा साफ करावोगे भीड़ से हामी भरवाकर उन्होंने एनडीए प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर का हाथ उठवाया और उनको रिकार्ड मतों से जीताने की अपील की।

अमित शाह ने कहा कि इनका चुनाव चिह्न तीर का निशान है और इस निशान पर पूरे बिहार में वोट डालोगे तो मोदी जी की सरकार बन जाएगी और लालू प्रसाद का सूपड़ा साफ हो जाएगा। अपना संबोधन समाप्त करने से पहले उन्होंने जय जय सिया राम का नारा दिया। भारत माता की जय बोलवाई और वंदे मातरम कहा। सीतामढ़ी के नगर विधायक डा. मिथिलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि बिहार, भारत, सीमांचल, मिथिलांचल ही नहीं पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनाएंगे हम सीतामढ़ी को।

उन्होंने यह भी कहा कि अभी-अभी जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न से नवाजा। हम पूछना चाहेंगे लालू प्रसाद से कि इतने सालों तक शासन में रहे क्या आपने कर्पूरी ठाकुर जी की सुध ली कभी लालू प्रसाद के शासन के साथ कांग्रेस पर भी खूब बरसे। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विपक्ष को आईना दिखाने की कोशिश की।

## चुनाव को लेकर पुलिस बल ने निकाला फ्लैग मार्च पांच सौ से अधिक जवानों ने भाग लिया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर हाई अलर्ट मोड पर काम कर रही है। भय मुक्त चुनाव को लेकर पुलिस निरंतर छापेमारी और वाहन जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। इस अभियान में पुलिस ने हजारों लीटर विदेशी शराब जब्त और दर्जनों शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को चुनाव होना है। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस कप्तान राकेश कुमार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान 500 से अधिक जवानों ने विभिन्न थाना क्षेत्र में घूमकर फ्लैग मार्च निकाला।

**सुरक्षा की गहन समीक्षा की गई**

एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह बताया कि लोक सभा चुनाव को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। आज एरिया डोमिशन के रूप में फ्लैग मार्च निकला गया। जिसमें करीब 500 सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल हुए। शहर में सुरक्षा की गहन समीक्षा की गई और पुलिस को चुनावों के लिए उठाए गए सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना पुलिस का कर्तव्य है। पूरे शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है, इसी संदर्भ में फ्लैग मार्च भी निकाला गया है। चुनाव के लेकर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। संवेदन शील स्थानों पर अतरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।



### भीषण सड़क हादसा :सारण जा रही असम पुलिस के जवानों से भरी बस की ट्रक से टक्कर, 28 जख्मी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सकरा थाना क्षेत्र के एनएच 28 पर सबहा हीरो एजेंसी के पास बुधवार की दोपहर असम पुलिस बटालियन टू के जवानों को लेकर जा रही बस की ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। बस में चालक समेत 37 जवान सवार थे। हादसे में चालक व 27 जवान जख्मी हो गए। इनमें 15 जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं। इनके अलावा एक जवान का पैर टूट गया। तीन जवान को कंधे में गंभीर चोट आई जबकि चार जवानों में किसी के चेहरे, सिर व हाथ में चोट आई है। चालक व तीन अन्य जवान गंभीर रूप से जख्मी होने के बाद बेसुध पड़ गए। 13 जवानों को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया। घायल जवानों ने बताया कि वे 13 मई को समस्तीपुर में चुनाव संपन्न कराने के बाद निजी बस से सारण में चुनावी ड्यूटी पर जा रहे थे। बस का संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया। सूचना मिलने पर सकरा थानाध्यक्ष राजू पाल दल-बल के साथ मौके पहुंचे और बचाव व राहत कार्य में जुट गए।

## बिहार में 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आया ट्रैक्टर धू-धू कर जला



**अरवल, एजेंसी।** बिहार के अरवल में एक ट्रैक्टर धू धूकर जल गया। घटना किंजर थाना क्षेत्र के एसएच 69 के किंजर पालीगंज पथ में सोहसा ग्राम में गुरुवार की सुबह को हुई। ट्रैक्टर किंजर की ओर से चंढ़ोस की ओर जा रहा था। पीछे से आ रही तेज गति का गिट्टी लगा डंपर ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे ट्रैक्टर का चालक अपना संतुलन खो बैठा और बगल में सड़क पर गड़े हाई टेंशन बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही विद्युत पोल टूटा गया जिससे विद्युत प्रवाहित 11000 वोल्ट तार ट्रैक्टर के इंजन पर गिर गया और ट्रैक्टर का इंजन धू-धू कर जलने लगा।

इसी दौरान ट्रैक्टर चालक गाड़ी से दूर कुद गया जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि इस हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका एक हाथ बिजली करेंट की चपेट में आकर जल गया है वहीं इसके सिर में भी चोटें आई हैं। उसके शरीर के कई हिस्से में खरोच आ गया है। चालक चनौरा ग्राम निवासी सत्येंद्र कुमार पिता चंद्रवंशी मांझी उम्र 28 वर्ष बताया जाता है।

घटना की सूचना पाकर किंजर थाना अध्यक्ष राज कौशल दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। अग्नि शमन गाड़ी को बुलाया गया। पुलिस घायल चालक को किंजर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां से फर्स्ट ऐड करने के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि ट्रैक्टर चालक खतरे से बाहर है। वहीं ग्रामीणों का कहना है की घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है ताकि कार्रवाई की जा सके। ट्रैक्टर जलने से इलाके में दहशत फैल गया। लोगों में काफी गुस्सा है। पुलिस इलाके में कैंप कर रही है।

# चोरी हुए नवजात को पुलिस ने 32 घंटे के अंदर राजापुर मैनपुरा से बरामद

**पटना, एजेंसी।** पटना पीएमसीएच से मंगलवार को चोरी हुए नवजात को पुलिस ने 32 घंटे के अंदर बुधवार शाम 4 बजे राजापुर मैनपुरा से बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला बख्तियारपुर की करौटा निवासी प्रियंका कुमारी को भी मौके से गिरफ्तार किया। नवजात को वैशाली निवासी मां सिंधु देवी के हवाले कर दिया गया। प्रसव के बाद से सिंधु देवी पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती है। बच्चे को भी आईसीयू में भर्ती किया गया है।

पीरबहोर थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि जांच के दौरान प्रसूति विभाग के तीमारदार विश्राम गृह में लोदीपुर के रेस्टोरेंट का एक पैकेट मिला। पता चला कि जिस महिला ने बच्चे को चुराया है, वह अपने साथ खाने का एक पैकेट लाई थी। पुलिस रेस्टोरेंट पहुंची। वहां महिला की साफ तस्वीर मिली, जिससे उसकी पहचान हुई। इसके बाद उसे धर दबोचा।

**50 सीसीटीवी को खंगाला गया :** पुलिस ने बताया कि नवजात और आरोपी महिला को ढूंढने के लिए करीब 50 सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया। पीएमसीएच सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक मंगलवार को आरोपी प्रियंका नवजात को चुरा सुबह 8.39 बजे निकली। यहां से अशोक राजपथ आई। ई-रिक्शा से गांधी मैदान पहुंची और राजापुर पुल के लिए ऑटो लिया। महिला जहां-जहां सीसीटीवी में कैद होती गई, वहां से तस्वीर निकाल लोगों को दिखाते गए। इधर, घटना के बाद से पीएमसीएच में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**पति ने छोड़ दिया है, बच्चा नहीं था इसलिए चुराया :** आरोपी प्रियंका चार माह पहले सुधीर कुमार के मकान में रहने आई थी। उसने पुलिस को बताया कि पति ने छोड़ दिया है। बच्चा नहीं है, इसलिए चुराया। पुलिस ने उसके पास से बरामद मोबाइल के सीडीआर को खंगाला तो कुछ नंबर मिले हैं। पुलिस इन नंबरों के आधार पर छापेमारी कर रही है।

**बच्चे को बेचने की थी तैयारी :** पीएमसीएच से बच्चा चोरी करने के आरोप में पकड़ी गई बख्तियारपुर के करौंटा की रहने वाली प्रियंका बच्चा चोरी करने वाले गिरोह से जुड़ी है। उसके मोबाइल से यह बात सामने आई। पुलिस को तीन संदिग्ध नंबर मिले हैं, जिनसे वह लंबी बातचीत करती थी। वाट्सएप पर भी कुछ मैसेज मिले हैं। गिरफ्तारी के बाद उसने पुलिस को बरगलाया कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया है और बच्चा भी लेकर चला गया। उसके पास बच्चा नहीं था इसी कारण उसने चोरी की। पुलिस सूत्रों की मानें तो वह बच्चा को बेचने की तैयारी कर चुकी थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने बरामद कर लिया। उम्मीद नहीं थी कि बेटा मिल जाएगाः शिवपूजन पुलिस ने जब शिवपूजन और सिंधु देवी को बच्चा सौंपा तो उनकी आंखें छलक आईं। शिवपूजन ने कहा कि यह हमारी पहली संतान है। हमलोगों को उम्मीद ही नहीं थी कि बच्चा मिलेगा। लग रहा था कि महिला उसे बेच देगी, लेकिन पटना पुलिस ने बेटे को ढूंढकर हमारी खुशियां लौटा दी। गांधी मैदान पहुंची और राजापुर पुल के लिए ऑटो लिया। महिला जहां-जहां सीसीटीवी में कैद होती गई, वहां से तस्वीर निकाल लोगों को दिखाते गए। इधर, घटना के बाद से पीएमसीएच में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 4 मई को हुआ था बच्चे का जन्म नवजात के पिता शिव पूजन कुमार ने आरोप लगाया था कि पीएमसीएच में गार्ड और कर्मियों की लापरवाही से मेरा बच्चा चोरी हुआ है। बच्चे का जन्म 4 मई को हुआ था। बगल वाले बेड पर लड़की थी, लेकिन महिला उसको नहीं लेकर गई। मेरे बेटे को लेकर चली गई। पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब है, जिससे वह आईसीयू में भर्ती है। शिव पूजन ने रोते-बिलखते हुए कहा था कि परिवार के पूरे सदस्य सदमे में हैं और खाना छोड़ दिया है। बख्तियारपुर गैंग के सदस्य पहले भी हो चुके हैं अरेस्ट बुधवार की देर रात तक पीरबहोर थाने की पुलिस विभिन्न इलाकों में छापेमारी करती रही। जल्द ही पूरे गिरोह की गिरफ्तारी होगी। सिटी एसपी चंद्रप्रकाश ने कहा कि अभी जांच चल रही है। महिला किसी गिरोह से जुड़ी है या नहीं यह जांच के बाद ही कहा जाएगा। अस्पतालों से बच्चे की चोरी कर बेचने वाला बख्तियारपुर का गैंग पहले भी गिरफ्त में आ चुका है। बीते फरवरी में खगौल पुलिस ने बच्चा चोरी कर बेचने जा रहे होम्योपैथी डॉ परमानंद यादव, फुलवारी शरीफ पीएचसी की एएनएम उषा, संजू, अर्चना समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बीसीए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह अंतर्गत एसबी कॉलेज में बीसीए के छात्र-छात्राओं का अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा संपन्न हुआ। सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज आरा में वर्ष (2020-23) के छात्र और छात्राओं का अंतिम सेमेस्टर में प्रायोगिक परीक्षा भी हुई। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. पूनम कुमारी ने बताया की छात्र अच्छे अंक प्राप्त करें इसके लिए तैयारी कराया गया है। परीक्षक राघवेंद्र नारायण विकास और निजामुद्दीन अशरफ ने बताया की छात्रों द्वारा बनाया गया ऑनलाइन प्रोजेक्ट सराहनीय रहा। यह ऑनलाइन करते हैं जिससे अन्य छात्रों को भी इससे सहयोग मिलेगा। कमल कांत अमित, अंबुज, विकास, सरवन, मनीष, रजत, शुभम, निशा कुमारी, स्नेहा शर्मा, सताक्षी, श्रेया, अलका मौर्य एवं छात्र थे। बीसीए के अध्यापक मधुसूदन कुमार, राकेश कुमार, रवि रंजन पाठक, कर्मचारी डॉ मीरा देवी, राकेश कुमार तिवारी ने सेमेस्टर समाप्त होने पर खुशी का इजहार किया।

### अज्ञात महिला समेत तीन शवों का कराया अंतिम संस्कार

**आरा।** लावारिस सेवा केंद्र ने बुधवार को अज्ञात महिला समेत तीन शवों का अंतिम संस्कार गांगी मुक्तिधाम पर कराया। संस्था के संस्थापक डीएन सिंह ने बताया कि अज्ञात महिला की सिर कटी लाश बिहिया थाना पुलिस द्वारा प्राप्त हुआ था। दो पुरुष का शव आरा रेल थाना से प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद तीनों शवों को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शवों की पहचान नही होने पर पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए शव को लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया। लावारिस सेवा केंद्र ने अज्ञात महिला समेत तीन शवों का दाह संस्कार बुधवार को करवाया है। अंतिम संस्कार कराने में संस्थापक डीएन सिंह, मकलू राम, विकास राम, शाहील राम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कोईलवर में एकदिवसीय चहक प्रशिक्षण शुरू

ठसरकारी विद्यालयों में शिक्षा-शिक्षण की स्थिति में बेहतर सुधार लाने को लेकर एकदिवसीय चहक प्रशिक्षण बीआरसी कोईलवर में हुआ। कोईलवर प्रखंड के कुल 127 विद्यालयों से पहली कक्षा के लिए नामित एक-एक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। 16 मई को दूसरे और 17 मई को तीसरे बैच के नामित शिक्षकों का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण में शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताया गया कि बच्चों को खेल- खेल में शिक्षा देना ही चहक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। प्री-प्राइमरी से आने वाले बच्चों का अंक गणना व अक्षर ज्ञान कराना, उनकी बौद्धिक क्षमता को मजबूत करने के लिए गतिविधियों के माध्यम से सिखाना, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में उद्घाटन प्रखंड साधनसेवी राजाराम सिंह प्रियदर्शी, श्रीराम प्रसाद, आलोक कुमार, लेखापाल संजय कुमार, सुजीत कुमार सिंह, आलोक कुमार थे।

### पुलिस चार शराबीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कोईलवर।** गीधा पुलिस ने कायमनगर बाजार से शराब के नशे में हंगामा करते चार लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस टीम ने चारों को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर से उनकी जांच कराया और पुष्टि होने के बाद मद्य उत्पाद संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।इस मामले में पुलिस ने मटियारा निवासी रामजय कुमार व राजा कुमार,गीधा निवासी रोहित कुमार, बड़की तेंदुनी निवासी अभिषेक चौबे को पकड़ा गया। जिसे जेल भेज दिया गया। पंडितपुर मां चिमनी भट्ठा पर काम कर मजदूरों के दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के 6 लोग घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायल सभी मजदूर सीतामढ़ी जिले के रहने वाला था।

### 97 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर हुई अनुष्का

**आरा।** प्रताप इंटरनेशनल स्कूल गोढ़ना रोड अनाईठ के इस वर्ष 123 छात्रों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिसमें15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 40 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया जिसमें पहले स्थान पर अनुष्का कुमारी 97 प्रतिशत दूसरे स्थान पर कुमकुम कुमारी 96 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर विश्वी प्रताप 95 प्रतिशत, आशीष कुमार 90 प्रतिशत, मनजीत कुमार व शेष सभी छात्र एवं छात्राएं सफल रहे। विद्यालय के निदेशक विश्वकर्मा कुमार ने कहा कि या विद्यार्थियों के मेहनत का नतीजा है। जो भी छात्राएं मेहनत करेंगे, सफलता उन्हें जरूर मिलेगी।

### 25 मई को वीकेएसयू स्नातक में नामांकन के लिए जारी करेगा प्रथम मेधा सूची

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2024-28 में नामांकन के लिए 25 मई को प्रथम मेधा सूची जारी करेगा। उक्त सत्र में नामांकन के लिए 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक नामांकन के लिए एक लाख आठ हजार आवेदन आ चुके हैं। इनमें एक लाख तीन हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन शुल्क का भुगतान भी कर दिया है। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को इतना आसान बनाया है कि अभ्यर्थी को आवेदन करने के लिए साइबर कैफे की मदद नहीं लेनी होगी। घर बैठे ही अभ्यर्थी अपने नजदीकी कॉलेजों में नामांकन लेने के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन लेने के लिए पोर्टल खोला गया है। ऑनलाइन आवेदन शुल्क 300 निर्धारित किया गया है। एक अभ्यर्थी को पांच कॉलेजों का ही चयन करने का मौका दिया गया है। अभ्यर्थी कॉलेजों का चयन करते समय इस बात का खासा ध्यान रखेंगे कि वह कॉलेज उनके निवास स्थान से नजदीक हो। दूर-दराज के कॉलेजों का चयन करने पर अभ्यर्थियों की परेशानी बढ़ सकती है। गौरतलब हो कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के 59 संबद्ध कॉलेजों और 19 अंगीभूत कॉलेजों में नामांकन के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने आवेदन मांगा है। सीबीएसई की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके अभ्यर्थियों को भी नामांकन के लिए उक्त तिथि के भीतर आवेदन करना होगा।

### कुपोषण को दूर करेगा बायो फोर्टिफाइड

**आरा।** भोजपुर जिले के किसानों में बायो फोर्टिफाइड अनाजों की खेती का प्रचलन बढ़ा है। कृषि विज्ञान केंद्र ने पोषक तत्व हाई जिंक वाली गेहूं की ऐसी नई प्रजाति किसानों तक पहुंचाई है। जो कुपोषण को दूर करेगा। गेहूं की प्रजाति बीएचयू-31 का प्रत्यक्षण विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। जिसमें जिंक सामान्य गेहूं की तुलना में 6 से 8 गुना ज्यादा है। कृषि विज्ञान केंद्र 2017 से दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के जिले में एक विशेष कार्यक्रम चला रहा है। जिसे सिड हब के नाम से जाना जाता है। भोजपुर कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों की करीब तीन साल की मेहनत अब रंग लाने लगी है। मसूर की किस्म आईपीएल- 220 के बीजों को बड़े पैमाने पर बहुगुणित किया गया है और विभिन्न माध्यमों से किसानों के बीच इसे पहुंचाने का प्रयास किया गया। आज विगत तीन सालों में इसकी खेती हजारों एकड़ में हो रही है। इसकी औसत उत्पादकता इस वर्ष 14 से 15 क्विंटल के बीच प्रति हेक्टेयर अर्थात 2.5 एकड़ में पाई गई। जबकि इस बार मौसम मसूर के लिए अनुकूल नहीं था। अनुकूल परिस्थितियों में इसका उत्पादन 16 से 18 क्विंटल तक प्रति हेक्टेयर होता है। कम सैचुरेटड फैट वाले सरसों है जिले में लोकप्रिय बीएचयू-31 की जिंक सामान्य गेहूं की तुलना में 6 से 8 गुना ज्यादा है। इसी कड़ी में लोहा के पोषण से भरपूर गेहूं करण वंदना डीबीड्बलू-187 आज जिले के किसानों की सबसे लोकप्रिय किस्म बन चुकी है। सरसों के किस्में, जिसमें की कम सैचुरेटड फैट हो वैसे किस्में भी जिले में लोकप्रिय हो रही है। जिले में श्री अन्न में भी बायो फोर्टिफाइड अनाजों को बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्मी के मौसम में बाजरे की खेती भी जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष फसल योजना में कराई जा रही है। अभी जिले में 40 एकड़ से ऊपर कम अवधि के श्री अन्न चीना की भी खेती कोईलवर, बिहिया व संदेश प्रखंड में की गई है।

# पानी लदे पिकअप से 960 लीटर शराब बरामद

## बनारस से बक्सर लाई जा रही थी खेप, वाहन जांच के दौरान भागने पर पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के राजपुर थाने की पुलिस ने एक पिकअप से भारी मात्रा में शराब को जब्त किया है। जिसपर तकरीबन 10 लाख मूल्य की शराब लदा था। मामले में जानकारी देते हुए राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की लोकसभा चुनाव को लेकर कैमूर जिला के निकटवर्ती तिवाय पुल, उत्तर प्रदेश के निकट देवल पुल के पास कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है। जिससे सीमा में प्रवेश करने वाले हर छोटी बड़ी वाहनों की पुलिस अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट के साथ गहन जांच पड़ताल किया जा रहा है। इसी जांच के दौरान जैसे ही कैमूर की सीमा से राजपुर थाना क्षेत्र के बक्सर जिले की सीमा में एक पिकअप प्रवेश किया। उस गाड़ी पर आगे एवं पीछे पानी की बोतल लोड था।

**वाहन जांच के दौरान भागने पर खदेड़कर पकड़ाः** जिस गाड़ी को टीम ने रुकने के लिए कहा तब तक चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसका पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गया व्यक्ति गाड़ी का चालक है। जिसका नाम पप्पू कुमार उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय लालटू राम एवं सह चालक अभिषेक कुमार उम्र 23 वर्ष पिता लक्ष्मण प्रसाद है। यह दोनों ग्राम लहतारा मिश्रपुर थाना मंडुआडीह, जिला बनारस उत्तर प्रदेश के बताए जाते हैं। वाहन में छुपा कर रखे गए 40 बड़े कार्टून में किंगफिशर स्ट्रॉन्ग मल्टी बियर लगभग 80 कार्टून में 960 लीटर विदेशी शराब तथा 500 मिली लीटर का 1272 पानी का बोतल एवं एक लीटर के 1020 पानी की बोतल है।

**बनारस के रहने वाले है दोनों आरोपीः** पुलिस द्वारा गहन पूछताछ में मैजिक पिकअप के चालक अभिषेक कुमार एवं सहचालक पप्पू कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि यह मैजिक पिकप गाड़ी आशीष कुमार पारस उर्फ गोलू पिता विजय बहादुर पारस ग्राम लहतारा मिश्रीपुर थाना मंडुआडीह जिला बनारस उत्तर प्रदेश का है। उन्हीं की गाड़ी हम चलाते हैं और उनके द्वारा बताएं अनुसार हम सभी इसे बक्सर लेकर जा रहे थे।। उन्होंने बताया था कि बक्सर हाईवे के पास जाना है। जहां फोन करने के बाद एक आदमी इसको रिसीव करेगा। इनके द्वारा वैध कागजात की मांग की गई। लेकिन इन लोगों के पास कोई कागजात मौजूद नहीं था। इनके पास मौजूद दो मोबाइल फोन ,सेट भी जब्त किया गया है। चालक द्वारा बताए गए व्यक्ति की तलाश की जा रही है।



# विशेष छापेमारी अभियान में 85 की गिरफ्तारी, हत्या के प्रयास में 9 धराए, 2 लाख जुर्माना

निज संवाददाता। आरा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बुधवार को चलाए गए अभियान में 85 पकड़े गए। एससी-एसटी एक्ट में 2, आर्म्स एक्ट में 3, वारंट में 6, हत्या के प्रयास में 9, शराब में 59 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान 2 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 836 लीटर देसी और 322 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। करीब 700 लीटर शराब नष्ट कर दी गई। करीब 23 वारंट और एक कुर्की का निष्पादन किया गया। एक हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई। 2 लाख 56 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, छह गोलियां बरामद की गई। उदवंतनगर थाना पुलिस ने एक देसी कट्टा और पांच गोली के साथ एक को संजू यादव को धर दबोचा।



**आर्म्स एक्ट में दो को गिरफ्तार कियाः** पकड़ा गया आरोपित महतवनिया गांव का निवासी है। पूर्व में शराब के केस में आरोपित रहा है। चांदी थाना पुलिस ने एक देसी पिस्टल और गोली के साथ रजनीकांत कुमार, राहुल शर्मा को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित खनगांव गांव का निवासी है। बुलेट बाइक जब्त की गई है। खनगांव बगीचा से गिरफ्तारी की गई। आर्म्स एक्ट के तहत केस हुआ है। इमादपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में दो को गिरफ्तार कर लिया। नवादा थाना पुलिस ने वशिष्ठ नगर मोहल्ला में खड़े ट्रैक्टर से बैट्री चोरी करने के आरोप में सद्दाम हुसैन को पकड़ा। पकड़ा गया आरोपित अनाईठ धोबहां का निवासी है। इसे लेकर रोहित सिंह ने प्राथमिकी कराई है। एससी-एसटी पुलिस ने एक को धर दबोचा।

# उत्सव की तरह मनाएं लोकतंत्र का महापर्व



निज संवाददाता। धनसोई

बुधवार को धनसोई स्थित विवेक स्किल मिशन बिहार में स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं के द्वारा हाथों पर मेहंदी रचाकर लोगों को मताधिकार के महत्व बताए गए। इस दौरान छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर लोकतंत्र के महापर्व में लोगों को भागीदार बनने को लेकर प्रेरित किया। मौके पर मौजूद विवेक स्किल मिशन बिहार के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में हम लोगों को यह सबसे बड़ा अधिकार मिला है। हमें इसकी ताकत को समझनी चाहिए। यह ऐसा अधिकार है जहां देश के प्रधानमंत्री तक हमारे पास पहुंचते हैं तथ हमलोगों से विनय करते हैं कि आप हमें वोट दीजिए।

# प्रखंड प्रमुख के बेटे की हत्या मामले में प्राथमिकी, विवाद में मारी थी गोलियां

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के आरा-बक्सर हाईवे पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर ईंट भट्ठा चिमनी के पास सदर प्रखंड प्रमुख जय कुमारी देवी के पुत्र अखिलेश कुमार की गोली मारकर हत्या की गई थी। मामले में नामजद प्राथमिक कराई गई है। हालांकि पुलिस तकनीकी रूप से भी जांच-पड़ताल कर हत्याकांड का खुलासा करने में लगी हुई है। पुलिस सनदिया गांव के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालने में लगी है। पूरे केस की मॉनिटरिंग एसपी नीरज कुमार सिंह और सदर ASP परिचय कुमार कर रहे हैं। मृतक की मां प्रखंड प्रमुख जय कुमारी देवी ने प्राथमिकी कराई है। जिसमें पुतुल सिंह, सूर्य प्रकाश कुशवाहा और जितेंद्र यादव को आरोपित किया गया है। जिसमें प्रखंड की योजना संबंधित विवाद को लेकर हत्या का आरोप है।

♦ पूरे केस की मॉनिटरिंग एसपी नीरज कुमार सिंह और सदर ASP परिचय कुमार कर रहे हैं। मृतक की मां प्रखंड प्रमुख जय कुमारी देवी ने प्राथमिकी कराई है



**सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे**

**6 गोलियां मारी गई थीः** सोमवार की देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सारंगपुर चिमनी के समीप हथियारबंद अपराधियों ने प्रखंड प्रमुख के पुत्र को गोलियां मारी गई थी। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव के वार्ड-13 निवासी रमई राम के पुत्र अखिलेश कुमार है। नजदीक से अखिलेश को 6 गोलियां मारी गई थी। छानबीन में यह बात सामने आ रही है कि अखिलेश शाम तीन बजे तक ब्लॉक में देखे गए थे। इसके बाद सैदपुर आ गए थे। यह भी बात सामने आ रही है कि शाम के समय 2 लड़के सैदपुर स्थित एक दुकान के पास बुलाकर ले गए थे । पुलिस इस बिंदु पर भी मामले की जांच कर रही है।

### सरकारी विद्यालय में सुरक्षा के लिए रात्रि प्रहरी की होगी बहाली

**बक्सर।** जिले के सरकारी मध्य विद्यालयों में रात्रि प्रहरी की बहाली होगी। बता दें कि विद्यालयों में उपलब्ध उपस्कर, बेंच-डेस्क, बर्तन, स्मार्ट क्लास, पंखे आदि की सुरक्षा के लिए रात्रि प्रहरी की बहाली की जाएगी। विभाग के अनुसार सभी विद्यालयों में साफ-सफाई के लिए एजेंसी की सेवा ली जा रही है। एजेंसी के कर्मियों के द्वारा शौचालय एवं परिसर की सफाई की जाती है। ऐसे में यह बेहतर है कि सफाई कर्मी को ही उस विद्यालय के रात्रि प्रहरी की जिम्मेदारी दी जाय। मध्य विद्यालयों में बहाल होने वाले रात्रि प्रहरी की सेवा अंशकालिक होगी। इन्हें एकमुश्त मानदेय का भुगतान किया जाएगा। विभाग के अनुसार कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत कार्यरत पुरुष रसोइए को भी रात्रि प्रहरी के रूप में कार्य कराने की अनुमति होगी। रात्रि प्रहरी को वर्दी भी उपलब्ध करायी जाएगी। जिससे उनकी पहचान सहजता से हो सके। बता दें कि माध्यमिक विद्यालयों में भी पहले से हीं रात्री प्रहरी की व्यवस्था की गई है।

# दुपट्टे से लटका मिला युवक का शव

निज संवाददाता। आरा

सदर आरा अंचल के भदेया गांव में एक युवक का शव बगीचे में आम के पेड़ से लटका हुआ पाया। युवक के गले में किसी युवती का दुपट्टा बंधा था। दुपट्टा का दूसरा छोड़ आम की डाली में बंधा था। युवक का पैर जमीन से करीब दो-तीन फीट ऊपर था। मृतक भदेया गांव निवासी प्रकाश कुमार था। वह भदेया गांव निवासी हरफूल सिंह का 24 वर्षीय पुत्र था। इंटरमीडियट उतीर्ण होने के बाद जॉब की तैयारी में लगा था। पेड़ की डाली से लटकता उसका शव बुधवार की सुबह धोबहां थाना में भदेया गांव के बगल के बगीचे पाया गया। पिता हरफूल सिंह के अनुसार मंगलवार को शाम में प्रकाश 7 बजे घर से बोल कर निकला था कि बाइक से एक जन्मदिन पार्टी में जा रहा हूं। रात को घर नही आऊंगा। बुधवार को सुबह में उसका शव पेड़ से लटकने की सूचना गांव के लोगों द्वारा हमलोगों को मिली। इसके बाद घर के बाहर देखा, कि बाइक दरवाजे पर लगी थी और मोबाइल फोन टूटा हुआ था। अनुमान है कि वह रात में ये दुबारा आया था और बाइक खड़ा किया होगा। उसके बाद बगीचे में जा कर पेड़ से दुपट्टा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिस दुपट्टा से वह फांसी लगाया, वह मेरे घर का नहीं है। धोबहा थाना के थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना-स्थल पर पहुंची। शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मंगलवार की शाम घर में कुछ विवाद परिवार के साथ होने की बात सामने आई है। इसके बाद मोबाइल फोन घर में ही सबके सामने तोड़ दिया और निकल गया।

सुबह में पेड़ से शव लटका मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता ने पूछताछ करने के बाद बक्सर जिला की एक लड़की से इसका प्रेम प्रसंग का भी मामला आया है। प्रेम प्रसंग में आत्महत्या किया है। देर शाम तक मृतक के परिवार के तरफ से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आखिर दुपट्टा किस युवती है? इस कांड में यह सवाल उठने लगा है।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, घर से बाजार की ओर जा रहे थे, अज्ञात वाहन ने रौंद डाला

निज संवाददाता। आरा

आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे एक मजदूर को रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव निवासी बालेश्वर यादव का 40 वर्षीय पुत्र लाल बाबू यादव है और वह पेशे से मजदूर था। इधर मृतक के पिता बालेश्वर यादव ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह किसी काम से घर से पवना बाजार जा रहा था। जाने के क्रम में जैसे ही वह पवना बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी।

**चार भाइयों और एक बहन में चौथे स्थान पर थाः** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई और एक बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में फुलबासो देवी, तीन भाई योगेंद्र, राम केवल, विनोद और एक बहन तेतरी देवी है। घटना के बाद मृतक की मां फुलबासो देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।





# पेट में पहुंचते ही कमाल दिखाएगी अजवाइन

**हमारी रसोई के अंदर कितने मसाले मौजूद हैं। जिन्हें खाने को टेस्टी बनाने के लिए डाला जाता है। मगर क्या आप ने सोचा है कि सही तरीके से अगर इन मसालों का उपयोग किया जाए तो ये दवा बन सकते हैं। आयुर्वेद में इन्हें जड़ी-बूटी की तरह बताया गया है।**

आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया कि अजवाइन को यवानी कहा जाता है, जिससे 11 बीमारियों का नाश किया जा सकता है। लेकिन इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका आपको जरूर मालूम होना चाहिए। आइए जानते हैं कि अजवाइन के पत्तों या बीजों को दवा कैसे बना सकते हैं?

## अजवाइन के बेहतरीन फायदे

- पाचन तंत्र तेज करता है
- भूख और स्वाद बढ़ाता है
- ब्लोटिंग और स्टमक क्रैम्प का इलाज
- पेट के कोलिक पेन से राहत
- पेट में पानी भरने पर असरदार
- पेट के कीड़े मारता है
- टॉक्सिन निकालता है
- खांसी में कारगर
- पीरियड्स के दर्द से राहत
- हाइपरटेंशन से राहत
- वात-कफ दोष में संतुलन लाता है

## अजवाइन का पहला उपयोग

- बंद नाक, साइनस, कोल्ड-फ्लू के लिए अजवाइन की भाप ले सकते हैं।
- अजवाइन की कुछ पत्तियां, 1 चम्मच अजवाइन के बीज का तेल उबलते पानी में डालें।
- फिर सिर पर तौलिया रखकर इसकी भाप लें।
- दिन में 2 से 3 बार स्टीम लें।
- इससे फेफड़े खुल जाते हैं और सूजन कम होती है।

## अजवाइन का दूसरा इस्तेमाल

- पेट की समस्या, ब्लोटिंग, भारीपन, कमजोर पाचन में इसका काढ़ा पीएं।
- 1 चम्मच अजवाइन के बीज लें।
- इसे 1 गिलास पानी में डालकर उबाल लें।
- फिर इस मिक्सचर को छानकर घूंट-घूंट करके पीएं।
- लेकिन इसे रोजाना ना करें और दिक्कत होने पर ही पीएं।



# मोल्ड टॉक्सिसिटी क्या है? जानें सेहत के लिए यह कैसे है खतरनाक

**घरों में नमी के कारण दीवार पर फंगस जमा हो जाते हैं, इसके कारण होने वाली समस्याओं को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।**

हाइजीन की कमी, बैक्टीरिया और फंगस की वजह से शरीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। घरों में सफाई न होने, नमी या सीलन बनी रहने के कारण भी आप फंगस के संपर्क में या सकते हैं। इसकी वजह से कई गंभीर समस्याओं का खतरा भी रहता है। अक्सर घर के किचन, बाथरूम, सिंक आदि के पास दीवार में नमी हो जाती है। इसकी वजह से दीवार पर सफेद या गहरे रंग के झाग जैसे फाहे जम जाते हैं। यह एक तरह का नुकसानदायक कवक और बैक्टीरिया होता है, जिसकी वजह से गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इसी को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।

## मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षण

मोल्ड एक प्रकार का कवक होता है जो सतहों पर विकसित होता है, जैसे कि फसल, कागज, दीवार या जमीन। यह आमतौर पर गर्म और आर्द्र के कारण होता है और इसकी वजह से कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। मोल्ड के संपर्क में आने से कई तरह की एलर्जी और इन्फेक्शन का खतरा रहता है। इसकी वजह से नाक, कान और गले में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के कुछ प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

### सांस लेने में दिक्कत

यह एक सामान्य लक्षण है जो मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर दिखता है। व्यक्ति को आसानी से सांस लेने में कठिनाई हो सकती है और सांस लेने के दौरान गले में खराश या कफ भी हो सकता है।

### नाक से जुड़ी दिक्कतें

जलवायु और वायरल संक्रमण की तरह, मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर भी नायक से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसमें नाक में खुजली, जलन, और बंद नाक शामिल हो सकते हैं।

### स्किन से जुड़ी समस्याएं

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण व्यक्ति को स्किन पर छाले, चकत्ते, खुजली, दानें आदि हो सकते हैं।

### पेट से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण पेट में दर्द, अपच और बदहजमी जैसी समस्याओं का खतरा भी रहता है।

## रिस्क फैक्टर

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण मरीज को इन गंभीर खतरों का सामना करना पड़ सकता है-

### एलर्जिक रिएक्शन

बहुत से लोग मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर एलर्जिक रिएक्शन का सामना कर सकते हैं, जो नाक, गला, और आंतरिक सिस्टम में खराबी का कारण बनता है।

### अस्थमा

मोल्ड टॉक्सिसिटी वाले व्यक्तियों में अस्थमा का खतरा बढ़ सकता है, जिसमें सांस लेने में कठिनाई और सांस लेने की क्षमता में कमी होती है।

### फेफड़ों से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसकी वजह से फेफड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है।

### मानसिक समस्याएं

लंबे समय तक के मोल्ड एक्सपोजर के बाद, व्यक्ति में चिंता, डिप्रेशन, या अन्य मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं।



## मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए-

- घर में साफ-सफाई रखें
- सीलन वाली जगहों का विशेष ध्यान दें
- नमी दूर करने के लिए धूप और हवा आने की व्यवस्था करें
- नियमित रूप से दीवारों और घर की सफाई करें

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना चाहिए। साफ-सफाई और नमी को दूर करने से आप मोल्ड टॉक्सिसिटी का शिकार होने से बच सकते हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय डॉक्टर से संपर्क करें।





# क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?

**अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है। काली मिर्च खाने को स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाती है। इसके अलावा, काली मिर्च का उपयोग लोग काढ़े के लिए भी करते हैं। आपको बता दें कि काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए अधिकतर लोग गर्मियों में काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से परहेज करते हैं। क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?**

काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए आपको काली मिर्च का पानी पीने से बचना चाहिए। वैसे तो किसी भी मौसम में काली मिर्च का पानी नहीं पीना चाहिए। लेकिन गर्मियों में तो काली मिर्च के पानी से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। गर्मियों में काली मिर्च का पानी पीने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। यानी काली मिर्च का पानी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। इसका सीधे तौर पर सेवन करने से बचना चाहिए।

## गर्मियों में काली मिर्च का सेवन कैसे करें?

गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर या अधिक मात्रा में बिल्कुल नहीं करना चाहिए। आप काली मिर्च के पाउडर को किसी पेय पदार्थ के साथ ले सकते हैं। आपको बता दें कि आप काली मिर्च को खीरा, पुदीना, नींबू या सत्तू के पानी के साथ मिलाकर ले सकते हैं। इसके लिए आप काली मिर्च का पाउडर बनाएं। इसे पेय पदार्थ में मिक्स करें और पी लें। इस तरह से काली मिर्च का सेवन करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी और गर्मी भी नहीं बढ़ेगी।

## गर्मियों में काली मिर्च खाने के नुकसान

- गर्मियों में काली मिर्च का सेवन करने से पेट में गर्मी बढ़ सकती है।
- काली मिर्च पेट में जलन या दर्द का कारण बन सकती है।
- इसके अलावा, अगर गर्मियों में काली मिर्च का सेवन किया जाए, तो इससे एसिडिटी या सीने में जलन भी हो सकती है।
- काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं।
- इससे त्वचा पर खुजली और रेडनेस की समस्या भी हो सकती है।
- आपको भी गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर नहीं करना चाहिए। आप किसी पेय पदार्थ के साथ काली मिर्च का पाउडर ले सकते हैं।







**कोलेस्ट्रॉल एक तेजी से बढ़ती समस्या बनता जा रहा है। यह खून में जमा होने वाला एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जिसका लेवल बढ़ने से खून की नसों में ब्लॉकेज आ सकती है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का नुकसान यह है कि यह ब्लड फ्लो को धीमा या रोक सकता है जिससे आपको हार्ट अटैक, स्ट्रोक, दिल के रोग या नसों के रोग होने का जोखिम बढ़ सकता है।**

# हार्ट अटैक, स्ट्रोक का जोखिम बढ़ाता है कोलेस्ट्रॉल

अगर बात करें कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षणों की तो कई बार इसके लक्षणों का पता नहीं चल पाता है और जब पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। वैसे हाई कोलेस्ट्रॉल के कुछ लक्षण  हैं, जो आपको अपनी आंखों में नजर आ सकते हैं। अगर आपको आंखों से जुड़ी कुछ समस्या महसूस होती है, तो आपको उनकी जांच के साथ कोलेस्ट्रॉल का भी टेस्ट कराना चाहिए।

### जलन और बेचैनी होना

यदि आपके आंखों में अक्सर जलन, खुजली या बेचैनी महसूस होती है, तो यह हाई कोलेस्ट्रॉल का एक संकेत हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल से खून में धीरे-धीरे खराब फैट की मात्रा बढ़ती है, जिससे आंखों की सतह पर जलन या खुजली का अहसास हो सकता है।

### आंखों में सूखापन रहना

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से आंखों की सतह आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं, जैसे आंखों में सूखापन रहना या आंखों का कमजोर होना। यह समस्याएं आंखों की सूजन, खुजली, और पानी आने के कारण हो सकती हैं।

### आंखों के पास गांठ बनना

अगर आपकी आंखों के आस-पास किसी भी स्थान पर गांठें हैं, तो यह भी हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण हो सकते हैं। वास्तव में हाई कोलेस्टेरॉल से फैट से बनता है और फैट आपकी आंखों के आसपास गांठों के रूप में दिख सकता है। इनके अलावा अगर आपकी आंखों की पुतली में रंग का बदलाव या अंधापन महसूस होता है, तो यह कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक लक्षण है।

### कैसे कम करें कोलेस्ट्रॉल

इसके लिए आपको डाइट और एक्सरसाइज का खास ध्यान रखना चाहिए। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप प्रोटीन डाइट की हेल्प ले सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर चीजों के सेवन से आपको कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है। चलिए जानते हैं अप किन-किन चीजों का सेवन करना चाहिए।

- प्रोटीन रिच फूड्स कम करेंगे बैड कोलेस्ट्रॉल
- दाल और बीन्स- मूंग दाल, तूर दाल, चना दाल, मसूर दाल
- मछली- सार्डिन मछली, मैकरेल फिश, सालमन फिश, ट्राउट फिश
- मांस- चिकन (स्किन निकालकर) और टर्की
- अंडे- अंडे का सिर्फ सफेद हिस्सा
- दही और पनीर- पनीर (लो फैट या स्किम पनीर) और ग्रीक योगर्ट (सुखा योगर्ट)
- ड्राई फ्रूट्स- काजू, बादाम
- सोया प्रोडक्ट्स- टोफू और सोया मिल्क
- अनाज और अनाजवाले उत्पाद- ओट्स, ब्राउन राइस, ब्राउन ब्रेडम किनुआ

## संक्षिप्त समाचार

### सप्ताहभर में फैब्रिकेटेड अस्पताल में शिफ्ट होगा मेडिकल इमरजेंसी

**भागलपुर**। डॉक्टरों की बैठक में इस पर सहमति बनी। बुधवार को अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने मेडिसिन वार्ड के सभी यूनिट प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के बाद तय हुआ कि एक सप्ताह बाद फैब्रिकेटेड अस्पताल में मेडिसीन वार्ड को शिफ्ट कर दिया जायेगा। वहां 100 बेड पर मॉनिटर लगे हुए हैं। ऑक्सीजन सप्लाई का पाइप लगा दिया गया है। वर्तमान इमरजेंसी वार्ड में अब सिर्फ हड्डी, सर्जरी व शिशु रोग के मरीज भर्ती होंगे। मेडिसीन का वार्ड हटने से एक कमरा अतिरिक्त मिल जायेगा। इसके बाद एक ओर महिलाओं व दूसरी ओर पुरुष मरीज को भर्ती किया जायेगा। फैब्रिकेटेड अस्पताल तक पहुंचने का रास्ता मायागंज अस्पताल के पश्चिमी गेट से है। यहां तक पहुंचने के लिए इमरजेंसी वार्ड के पास साइन बोर्ड भी लगाया जायेगा। बैठक में मेडिसीन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अबिलेश कुमार, डॉ. राजकमल चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

### खरीक की महिला की राजस्थान में संदिग्ध स्थिति में हुई मौत

**नारायणपुर**। बिहपुर प्रखंड के झंडापुर निवासी प्रभुनारायण राय की 30 वर्षीया विवाहिता पुत्री मणि कुमारी की रविवार को राजस्थान के सूरतगढ़ में संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसकी शादी 15 साल पहले तेलघी निवासी आर्मी के जवान सुमित कुमार झा से हुई थी। पिता ने बताया कि शादी के 6 माह बाद ही उसके साथ दामाद मारपीट करते थे। कई बार सुमित के परिवार से शिकायत की भी गई। बावजूद वे मारपीट करते थे। बेटी और दामाद दोनों सूरतगढ़ में आर्मी क्वार्टर में रहते थे। रविवार को बेटा रौशन कुमार को सुमित ने फोन कर बताया कि सांप के काटने से मणि की मौत हो गई। रौशन भी इंदौर में फौज में ही पोस्टेड है। जब मैं सूरतगढ़ पहुंचा तो देखा कि कमरे में चार गिलास और शराब की बोतल रखी थी। पांच साल का बेटा राघव बार-बार कह रहा था की नानाजी पापा ने मां को मार दिया। पोस्टमाटम के बाद शव प्रभुनारायण को सौंप दी गई। बुधवार को शव गांव लेकर आए।

### रजिस्ट्रार को शोकॉज- फ्रीज खाते को याचिका क्यों नहीं दी

**भागलपुर**। टीएमबीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा को राजभवन ने शोकॉज किया है। राजभवन के अपर सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने रजिस्ट्रार से पूछा है कि जब खातों पर रोक लगी हुई थी तब सभी विवि के रजिस्ट्रार ने हाईकोर्ट में याचिका दी थी लेकिन टीएमबीयू के रजिस्ट्रार ने याचिका देने से मना कर दिया था। वे इसकी वजह बताएं। साथ ही वीसी ने भी रजिस्ट्रार से पूछा है कि मार्च में उन्हें कहा गया था कि विवि की जिस जमीन पर बिजली विभाग का पीएसएस है उसके किराए के लिए बिजली कंपनी से बात करें। पर आपने (रजिस्ट्रार) कह दिया कि विवि के फ्रीज हुए खाते संचालित होंगे तो बकाए बिल का भुगतान कर दिया जाएगा।

### जिले के 620 शिक्षकों को मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण

**भागलपुर**। राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद ने राज्य स्तर पर सभी जिले में 20 से 25 मई तक शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया। सतत व्यवसायिक विकास योजना सीपीडी के तहत राज्य के शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने की योजना है। जिले से इस प्रशिक्षण में कुल 620 शिक्षक भाग लेंगे। जिला स्तर पर सभी चयनित शिक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। सन्हौला, सुल्तानगंज और शाहकुंड के 260 शिक्षकों का प्रशिक्षण पीटीईसी हवेली खड़गपुर मुंगेर में तय किया गया है। सीटीई भागलपुर में मुंगेर जिले के असरगंज और बरियारपुर के 180 शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। खरीक प्रखंड, नगर निगम, नारायणपुर और नाथनगर के शिक्षकों का प्रशिक्षण डायट बांका में आयोजित किया जाएगा। नवगछिया, पीरपैंती, रंगरा चौक प्रखंड और सबौर प्रखंडों के 300 शिक्षकों का प्रशिक्षण डायट जमुई में होगा। डायट भागलपुर में मुंगेर जिले के धरहरा, हवेली खड़गपुर के 180 शिक्षकों का प्रशिक्षण तय किया गया है। नारायणपुर प्रखंड स्थित पीटीईसी नगरपारा में बांका जिले के शंभुगंज, अमरपुर और बांका के 260 शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। पीटीईसी फुलवरिया में बाराहाट, बेलहर और बौंसी प्रखंडों के 240 शिक्षकों का प्रशिक्षण होना तय किया गया है। बताया गया है कि वे लोग प्रशिक्षण केंद्र पर 19 मई को ही अपना योगदान सुनिश्चित करें। जबकि 20 मई को सुबह नौ बजे के बाद प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंचने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण में शामिल नहीं किया जाएगा।

### पति की हत्या में आजीवन कारावास की मिली सजा

**भागलपुर**। पति की हत्या में कोर्ट ने पत्नी मीना देवी को आजीवन कारावास और 30 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। केस मीना देवी के दामाद नयाचक बायपास जगदीशपुर निवासी शत्रुघ्न मंडल ने दर्ज कराया था। उसने पुलिस को बयान दिया था कि 27 जून 2020 को उसकी सास ने फोन कर उसे बताया कि उसके ससुर की मौत हो गई है। जब वह वहां पहुंचा तो ससुर का शव बाहर रखा हुआ था और उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी। उसकी सास पूर्व में एक अन्य व्यक्ति के साथ भाग गई थी और उसके साथ रहती थी। कभी-कभी घर आती थी तो उसके ससुर से झगड़ा भी हुआ था। मीना देवी बगीचे के लिए भी विवाद करती थी।

### नानी ने पैसा नहीं दिया तो कर लिया सुसाइड

**भागलपुर**। भागलपुर के बबरगंज थाना क्षेत्र के शकरुलाचक में 9वीं कक्षा के छात्र रूपेश कुमार ने कोचिंग से लौटकर घर के कमरे में जाकर खुदकुशी कर ली। वह पिछले 4 सालों से अपने ननिहाल शकरुल्लाहचक में रहकर पढ़ाई करता था। पिता मजदूरी कर घर का भरण पोषण करता था। बुधवार को कोचिंग से लौटे रूपेश ने अपने नानी से कुछ पैसा मांगा। नहीं देने पर रूपेश अपने कमरे में गया और गमछी के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे स्थानीय क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देख मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान कहलगांव थाना क्षेत्र के निवासी गणेश कुमार के बेटे रूपेश कुमार(16) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के नानी ने बताया कि रोजाना के तरह आज भी कोचिंग से पढ़कर घर लौटा और रुपए मांगा। रुपए के लिए थोड़ी देर रुकने की बात कहे तो वह अपने कमरे में चला गया और खुदकुशी कर लिया। चार सालों से हमारे यहां रहकर पढ़ाई करता था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। हमारे खबर लिखे जाने तक पिता समेत अन्य परिजन भागलपुर नहीं पहुंचे हैं। मामले को लेकर पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।।



### शराब पीकर एक डॉक्टर ने दूसरे से की बदसलूकी, घर से किया गया गिरफ्तार

**मुंगेर**। सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ. असीम को पुलिस ने बुधवार की शाम शराब के नशे में उनके बेलन बाजार स्थित आवास से गिरफ्तार किया। उनके शराब पीने की पुष्टि उत्पाद पुलिस अधिकारी चंदन कुमार और सदर अस्पताल में ऑन डयूटी चिकित्सक डॉ. राम प्रवेश ने की। पुलिस शराबी चिकित्सक को उत्पाद थाना ले गई। मामला तब तूल पकड़ा, जब डॉ. असीम सदर अस्पताल शराब पीकर आए थे और डॉ. रामप्रवेश से उलझ गए। डॉ. रामप्रवेश ने तुरंत इसकी खबर सिविल सर्जन को की और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद पुलिस ने डॉ. असीम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी चिकित्सक फूट-फूटकर रोने लगे। जानकारी के मुताबिक बुधवार को सदर अस्पताल के सरकारी चिकित्सक डॉ. असीम और डॉ. रामप्रवेश के बीच विवाद हुआ था। दोनों एक-दूसरे से उलझ भी गए। जिसके बाद पीड़ित चिकित्सक डॉ. राम प्रवेश ने तुरंत इसकी जानकारी सिविल सर्जन बिनोद कुमार सिन्हा को दी। सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम जब अस्पताल पहुंची तो आरोपी चिकित्सक डॉ. असीम किसी तरह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अस्पताल परिसर में चिकित्सक के नहीं मिलने पर उत्पाद विभाग की टीम उसके आवास बेलन बाजार चले गए और डॉ. असीम को जब ब्रेथ एनलाइजर लगाया तो शराब पीने की पुष्टि हुई, जिसके बाद चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# भागलपुर में होमगार्ड जवान की पत्नी ने की खुदकुशी

## मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप, पति फरार, परिजन बोले- दहेज के लिए प्रताड़ित करता था

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में रस्सी के सहारे फंदे से लटका नवविवाहिता डॉली कुमारी (21) का शव बरामद हुआ है। घटना के दो घंटे पहले नवविवाहिता और पति से विवाद हुआ था। मृतका का 11 महीने पहले ही विवाह हुआ था। मायके वालों का कहना है कि शादी के बाद से पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। आरोपी पति भागलपुर में होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत है। शादी के ग्यारह माह में पति से विवाद के कारण डॉली तीन बार अपने मायके आई और पिता को बार-बार कहती थी कि पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता है। मृतक की पहचान बांका के बाराहाट थाना क्षेत्र के निवासी शालिग्राम प्रसाद यादव की बेटी डॉली कुमारी (21) के रूप में की गई है। साल 2023 में डॉली की शादी हिंदू रीति रिवाज से होमगार्ड जवान संतोष उर्फ सुमन यादव से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तरडीह गांव में हुआ था।

**दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोपः** शादी के बाद से पति लगातार दहेज को लेकर दबाव बनाते थे। शादी होने के बाद पिता ने पहली बार विदाई किया। उस वक्त दामाद संतोष ने दहेज में मिले सामान लेकर नहीं गए थे। शादी के दो महीने बाद दहेज में मिले गोदरेज पलंग समेत अन्य सामान संतोष अपने घर ले गए। उसके बाद से संतोष टीवी फ्रिज और अन्य सामानों के लिए लगातार प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद मृतका के पिता ने अपने मंझले दामाद से कुछ सामान दिलवाए थे। उसके बावजूद होमगार्ड जवान संतोष दहेज के रूप में लाखों रुपए डिमांड कर रहा था। मृतका के परिजन पैसे देने में असमर्थ थे। पिता ने हत्या का आशंका जताया है, हालांकि उन्होंने पुलिस को फिलहाल कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एफएसएल के टीम ने सबूत को इकट्ठा किया है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

**दो घंटे पहले हुआ था विवादः** डॉली के भाई ने बताया कि घटना से लगभग दो घंटे पहले बहन और संतोष कुमार उर्फ सुमन को घरेलू विवाद में समझा बुझाकर घर लौटा था। इसके बाद जीजा ने फोन कर बताया कि डॉली ने अंदर से अपना रूम बंद कर लिया है। इसके बाद हम बहन के ससुराल पहुंचे तो देखा कि पुलिस जांच कर रही थी। वहीं घटना के बाद पति घर से फरार है।

**एक साल पहले हुई थी डॉली की शादीः** ग्रामीणों की मानें तो पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता था। डॉली की शादी एक वर्ष पहले संतोष से हुई थी। वहीं मृतका के पिता शालिग्राम यादव ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पारिवारिक विवाद में ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी। मृतका के पति दो भाइयों में छोटे हैं। उनके परिजनों का कहना है कि घटना के समय वे घर पर ही थे। डोली ने जब अंदर से कमरा बंद कर लिया तो उन्होंने खुलवाने की कोशिश की, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। जब हम खिड़की से देखे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था।

**हत्या या आत्महत्या? पुलिस कर रही जांचः** मामले में जगदीशपुर थाना अध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेगूसराय में चोरी की बाइक मुंगेर में बरामद

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी की बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुंगेर जिला अंतर्गत तारापुर थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी के नेतृत्व में की गई है। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए तारापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि दिवा गश्ती के क्रम में तारापुर पुलिस में चोरी के मोटरसाइकिल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए तारापुर थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी द्वारा बताया गया कि दिवा गश्ती के दौरान पीटीसी किरण देवी पुलिस बल का नेतृत्व कर रही थी। आर.एस कॉलेज मोड़ के पास एक ब्लू रंग का ग्लेमर मोटरसाइकिल सवार बिना हेलमेट लगाए आ रहा था। पुलिस को देखकर बिना नंबर प्लेट के बाइक को लेकर सवार भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। कागजात की मांग की गई। चालक ने किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं किया और टालमटोल जवाब दिया। नाम पता पूछने पर पुलिस को छोटू कुमार और सचिन कुमार मधुरा ग्राम बताया गया। मोटरसाइकिल सहित दोनों आरोपियों को थाना लाया गया। पुलिस ने जांच के क्रम में पाया कि चोरी की मोटरसाइकिल है। चोरी का केस बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी थाना में दर्ज है। दोनों आरोपी को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी रागिनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस जमादार प्रमोद कुमार को कांड का अनुसंधानकर्ता बनाया गया है। चोरी की मोटरसाइकिल थाना में जब्त कर रखा गया है। चर्चा है कि बरामद मोटरसाइकिल से अवैध शराब की डिलिवरी भी की जाती रही है। पुलिस इनके अन्य कारणों का भी पता लगा रही है। पुलिस ने छात्र हर कांवरिया मोड बंधन बैंक के पास से चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद किया है।

# ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आने से मजदूर जिंदा जला

## नगर निगम के निर्माणधीन पानी टंकी में मजदूरी का करता था काम

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में निर्माणाधीन पानी टंकी में काम कर रहे एक मजदूर ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में आ गया। इसके कारण करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना बबरगंज थाना क्षेत्र के थाना से महज 50 मीटर दूरी की है। जहां पर निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य चल रहा है। पानी टंकी निर्माण में कार्य कर रहे एक मजदूर ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में आ गया। इसके कारण उसे करंट लग गई। और धूं-धूं कर जिंदा जल गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मजदूर लोहे के छड़ लेकर ऊपर पानी टंकी पर चढ़ रहे थे। इसी दौरान लोहे की छड़ ट्रांसफॉर्मर में सट गया और आग लग गई। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद किसी तरह अन्य मजदूरों ने शव को नीचे उतारा, तब तक वह पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। मरने वाले की पहचान झारखंड के मेहरमा थाना क्षेत्र निवासी रोहित पासवान के रूप में की गई है। रोहित पिछले कई दिनों से नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे पानी टंकी में मजदूरी का काम करता था। मामले को लेकर मृतक के भतीजा ने बताया कि काम करने के दौरान लोहे का पाइप लेकर पानी टंकी के ऊपर चढ़ रहे थे। इसी दौरान हाई टेंशन ट्रांसफॉर्मर में सट गया। इसके कारण से आग पकड़ लिया। हादसे में मौत हो गई।

# विवि परिसर में बनेगा संप हाउस, छात्रावास से जलजमाव की समस्या होगी खत्म

## डीएम ने अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने के दिए आदेश

निज संवाददाता। भागलपुर



तिलकामांझी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित आंबेडकर छात्रावास को जलजमाव से बचाने के लिए विश्वविधालय परिसर में संप हाउस बनाया जाएगा। इसके लिए डीएम ने नगर आयुक्त रजिस्टर जिला कल्याण पदाधिकारी बुडको के कार्यपालक अभियंता और स्मार्ट सिटी के अभियंता को इससे संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी को नगर आयुक्त ने बताया कि संप हाउस बनाकर पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से निकाला जा सकता है। डीएम ने कहा कि संप हाउस का निर्माण जल्द कराया जाए। उन्होंने अभियंताओं व रजिस्टर को उसके लिए विश्वविद्यालय से जमीन उपलब्ध कराने को कहा है।

**मलेरिया, फलेरिया, डेंगू सहित कई जानलेवा बीमारी हो सकती हैः** जिला कल्याण पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित आंबेडकर छात्रावास में प्रायः जल जमाव रहता है। जिसके कारण बीमारी की संभावनाएं बनी रहती है। बुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि संप हाउस के लिए 15-15 मीटर की जमीन आवश्यकता पड़ेगी। इधर, डीएम ने संबंधित अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा दिनों तक जल जमाव हो जाने से मलेरिया, फलेरिया, डेंगू सहित कई जानलेवा बीमारी उत्पन्न हो सकती है। इसीलिए शीघ्र संप हाउस का निर्माण कराकर आंबेडकर छात्रावास परिसर से जल निकासी की व्यवस्था की जाए।

बुडको के कार्यपालक अभियंता, स्मार्ट सिटी के कार्यपालक अभियंता के साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को भ्रमण कर स्थिति का आकलन करने और संप हाउस के लिए वांछित जमीन पर जल्द हाउस बनवाने के लिए विश्वविद्यालय एनओसी उपलब्ध कराने को कहा है।

### मुंगेर सदर अस्पताल के सीनियर डॉक्टर गिरफ्तार

**मुंगेर** । मुंगेर सदर अस्पताल के सीनियर चिकित्सक डॉ. असीम को पुलिस ने शराब पीने के मामले में उनके घर बेलन बाजार से गिरफ्तार किया है। शराब पीने की पुष्टि उत्पाद विभाग के पुलिस अधिकारी चंदन कुमार ने की है। उनको गिरफ्तार कर पुलिस उत्पाद थाना ले गई। वहीं, थाने में आरोपी चिकित्सक रो रहे थे। उनका कहना था कि हमको फंसाया जा रहा है। डॉ. राम प्रवेश ने बताया कि किसी केस के मृत व्यक्ति के पोस्टमॉर्टम के लिए बोर्ड ने एक टीम का गठन किया था, जिसमें डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. राम प्रवेश कुमार और डॉ. असीम थे। उसी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने को लेकर दोनों डॉक्टर्स के बीच विवाद हुआ था।

### कुमारी अनिता ने प्रशासन पर लगाया पक्षपात का आरोप

**मुंगेर**। मुंगेर लोकसभा की राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता ने कहा कि 13 मई को चुनावी कैंपेन के दौरान रामपुर गांव में हमारे ऊपर जानलेवा हमला हुआ। इसको लेकर मैंने सूर्यगढ़ा थाना में प्रथामिकी दर्ज की है। 13 मई को हुए चुनाव को लेकर कहा कि लोकतंत्र में हुए चुनाव का हनन किया गया है। लोगों को मतदान करने नहीं दिया गया। मतदाता को मतदान केंद्र से भगाया गया है। कुमारी अनीता ने कहा कि चुनाव में कुछ प्रशासन बिका हुआ था। कुछ सिस्टम से डरा था, जिसके कारण कई बूथों को डिस्टर्ब किया। इस दौरान प्रत्याशी ने मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतनी ज्यादा डिस्टरबेंस के बावजूद भी हमारे कार्यकर्ता और समर्थक ने हिम्मत जताकर सेंटर पहुंच मतदान किया। इसके लिए हम मुंगेर लोकसभा के जनता का आभारी है और उन्हें धन्यवाद करते हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 15.05.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-28-24-25, कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत आरएमसी के साथ गोरागाछा (माझेरहाट) में पीएससी/आरसीसी स्लैब का निर्माण और विभिन्न ब्रिज साइटों में इसका परिवहन अर्थात राणाघाट-गेदे शाखा में ब्रिज नं. 111 (अप), बनगांव-पेट्रापोल में ब्रिज नं. 77टी (सिंगल लाइन), राणाघाट-बनगांव शाखा में ब्रिज नं. 19वी (सिंगल लाइन), बारासात-बनगांव शाखा में ब्रिज नं. 34-टी (डाउन लाइन), ब्रिज नं. 91 (डी/एल), 119 (डी/एल), 180ए (एस/एल) और ब्रिज नं. 102, 111, 116, 133 के लिए। **निविदा मूल्य :** रु.6,51,42,540/-, **बयाना राशि :** रु.4,75,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.06.2024 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 08 (आठ) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 11.06.2024 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य शून्य है।
SDAH-59/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-41 से 66-24-25 (खुली), दिनांक 15.05.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा 01.07.2024 से शुरू करते हुए 30.06.2025 तक की अवधि के लिए आसनसोल मंडल के जोनल कार्यों (साधारण, सड़क, लकड़ी और पाइप बिछाने एवं सैनिटरी संस्थापन एवं ब्रिज) के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. , निविदा सं., एईएन, जोन नं. 2024-25, कार्य का नाम, निविदा मूल्य और बोली प्रतिभूति राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) ओ-एसी-टी-41-24-25,** एईएन/दुर्गापुर, 1, एसएसई (वर्क्स)/पानागढ़ के अधीन किमी. 120.70 से 180.00 तक खाना-अण्डाल खंड, किमी. 0.00 से 38.00 तक एसएल खंड और मिलिटरी बेस, सभी सेवा एवं स्टेशन बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टरों और कॉलोनियों के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लेवल क्रॉसिंग, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु.75 लाख, रु. 1,50,000/-, **(2) ओ-एसी-टी-42-24-25,** एईएन/दुर्गापुर, 2, एईएन/दुर्गापुर के अधीन जोनल ब्रिज कार्य, रु.51 लाख, रु.1,02,000/-, **(3) ओ-एसी-टी-43-24-25,** एईएन/1/आसनसोल, 3, एसएसई (वर्क्स)/1/ अंडाल के अधीन किमी. 180.0 से 215.5 तक अण्डाल-आसनसोल खंड, वारिया (छोड़कर) से आसनसोल (छोड़कर) सभी सेवा एवं स्टेशन बिल्डिंग के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लेवल क्रॉसिंग, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु. 60 लाख, रु. 1,20,000/-, **(4) ओ-एसी-टी-44-24-25,** एईएन/1/आसनसोल, 4, एसएसई (वर्क्स)/I/अंडाल के अधीन डीजल शेड, बॉक्सएन, अप यार्ड, आदि और सभी अन्य परिसंपत्तियों के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लेवल क्रॉसिंग, लकड़ी कार्य, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु.51 लाख, रु.1,02,000/-, **(5) ओ-एसी-टी-45-24-25,** एईएन/1/आसनसोल, 5, एईएन/1/आसनसोल के अधीन जोनल ब्रिज कार्य, रु.51 लाख, रु.1,02,000/-, **(6) ओ-एसी-टी-46-24-25,** एईएन/2/आसनसोल, 6, सीतारामपुर (छोड़कर) से प्रधानखांटा (छोड़कर) खंड, सीतारामपुर से प्रधानखांटा तक सभी जोनल कार्य। इसमें एसएसई (वर्क्स)/सीतारामपुर के अधीन सभी सेवा भवन एवं कॉलोनियों आदि के साथ लेवल क्रॉसिंग, लघु सड़क, लकड़ी कार्य, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य शामिल हैं, रु.75 लाख, रु. 1,50,000/-, **(7) ओ-एसी-टी-47-24-25,** एईएन/2/आसनसोल, 7, हीरापुर यार्ड और सीतारामपुर स्टेशन और कॉलोनी सहित किमी. 215.00 से 227.00 तक बराचक से सालनपुर खंड तक सभी जोनल कार्य। इसमें एसएसई (वर्क्स)/सीतारामपुर के अधीन सभी सेवा भवन एवं कॉलोनियों आदि के साथ लेवल क्रॉसिंग, लघु सड़क, लकड़ी कार्य, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य शामिल हैं, रु.60 लाख, रु. 1,20,000/-, **(8) ओ-एसी-टी-48-24-25,** एईएन/2/आसनसोल, 8, एईएन/2/आसनसोल के अधीन जोनल ब्रिज कार्य, रु.30 लाख, रु.60,000/-, **(9) ओ-एसी-टी-49-24-25,** एईएन/2/आसनसोल, 9, वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन जेडटीसी/भुली, धनबाद के रखरखाव के लिए जोनल कार्य, रु.60 लाख, रु.1,20,000/-, **(10) ओ-एसी-टी-50-24-25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल, 10, एसएसई/वर्क्स/पूर्व/आसनसोल के अधीन आसनसोल में ट्रैफिक कॉलोनी, दोमोहानी कॉलोनी, रेलपार कॉलोनी में सभी स्टाफ क्वार्टरों के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लेवल क्रॉसिंग, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु. 60 लाख, रु. 1,20,000/- **(11) ओ-एसी-टी-51-24-25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल, 11, एसएसई/वर्क्स/पूर्व/आसनसोल के अधीन आसनसोल में ऑफिसर्स कॉलोनी एवं आराडांगा/ओल्ड स्टेशन कॉलोनी में सभी स्टाफ क्वार्टरों के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु. 70 लाख, रु. 1,40,000/-, **(12) ओ-एसी-टी-52-24-25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल, 12, एसएसई/वर्क्स/पश्चिम/आसनसोल के अधीन लोको, बुद्ध, हॉस्पिटल और बर्लिंगटन, महुआडांगा, चाँदमारी, चेलीडांगा कॉलोनियों के सभी स्टाफ क्वार्टरों के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु.80 लाख, रु. 1,60,000/-, **(13) ओ-एसी-टी-53-24-25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल, 13, एईएन (मुख्यालय)/आसनसोल के अधीन एसएसई/वर्क्स/पूर्व/आसनसोल के क्षेत्राधिकार में सभी सेवा भवनों, स्टेशन बिल्डिंग के लिए जोनल कार्य जैसे कि प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, आरआरआई, आरपीएफ बिल्डिंग, ट्रैफिक एवं दामोहानी हेल्थ यूनिट आदि, बराकर, सीतारामपुर पम्प हाउस आदि सहित जिसमें शामिल है लघु सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु.80 लाख, रु.1,60,000/-, **(14) ओ-एसी-टी-54-24-25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल, 14, एसएसई/वर्क्स/पश्चिम/आसनसोल के क्षेत्राधिकार में सभी सेवा भवनों, मंडल रेल अस्पताल, लोको स्टेडियम डीआरएम ऑफिस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, मेमू शेड, आरपीएफ बैरक आदि के लिए जोनल कार्य जिसमें शामिल है लघु सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाने और सैनिटरी संस्थापन कार्य, रु.80 लाख, रु. 1,60,000/-, **(15) ओ-एसी-टी-55-24-25,** एईएन/2/अण्डाल, 15, एसएसई/वर्क्स/पाण्डवेश्वर के अधीन सभी स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के लेवल क्रॉसिंग, सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्य समेत मरम्मत एवं रखरखाव के लिए एएस कॉर्ड लाइन में अण्डाल (छोड़कर) से सांइथिया (छोड़कर) तक जोनल कार्य, रु.60 लाख, रु. 1,20,000/- **(16) ओ-एसी-टी-56-24-25,** एईएन/2/अण्डाल, 16, एसएसई/वर्क्स/पाण्डवेश्वर के अधीन सभी स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के लेवल क्रॉसिंग, सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्य समेत मरम्मत एवं रखरखाव के लिए अण्डाल-सांइथिया लूप लाइन में तापसी होकर अण्डाल (छोड़कर) से सांइथिया (छोड़कर) तक जोनल कार्य, रु.40 लाख, रु. 80,000/-, **(17) ओ-एसी-टी-57-24-25,** एईएन/2/अण्डाल, 17, एसएसई (वर्क्स)/ पाण्डवेश्वर के अधीन ब्रिजों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जोनल कार्य, रु.40 लाख, रु. 80,000/-, **(18) ओ-एसी-टी-58-24-25,** एईएन/1/अण्डाल, 18, एसएसई (वर्क्स)/II/अंडाल के अधीन सेवा भवनों समेत साउथ कॉलोनी, वर्कशॉप कॉलोनी, दामोदर कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों में सड़क, लकड़ी और पाइप/सैनिटरी कार्यों सहित मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जोनल कार्य, रु.90 लाख, रु. 1,80,000/-, **(19) ओ-एसी-टी-59-24-25,** एईएन/1/अण्डाल, 19, एसएसई(वर्क्स)/II/अंडाल के अधीन सेवा भवनों समेत ट्रैफिक कॉलोनी, 9 नं. कॉलोनी, 12 नं. कॉलोनी और 11 नं. कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों में सड़क, लकड़ी और पाइप/सैनिटरी कार्यों सहित मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जोनल कार्य, रु.90 लाख, रु. 1,80,000/-, **(20) ओ-एसी-टी-60-24-25,** एईएन/1/अण्डाल, 20, एसएसई/वर्क्स/II/अंडाल के अधीन सेवा भवनों समेत डीएसईवाई कॉलोनी समेत ब्रिज कार्य, स्कूलों और पंप हाउस सहित सड़क, लकड़ी और पाइप/सैनिटरी कार्यों सह मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जोनल कार्य, रु.60 लाख, रु.1,20,000/-, **(21) ओ-एसी-टी-61-24-25,** एईएन/मधुपुर, 21, एसएसई/वर्क्स/मधुपुर के अधीन सभी सेवा भवनों और कॉलोनियाँ आदि सहित सीतारामपुर-झाझा खंड में रूपनारायणपुर (लेकर) किमी.227.200 से जसीडीह (छोड़कर) सभी जोनल कार्य और लेवल क्रॉसिंग, लघु सड़क, लकड़ी कार्य, पाइप बिछाने और सैनिटरी कार्य शामिल हैं, रु.70 लाख, रु.1,40,000/-, **(22) ओ-एसी-टी-62-24-25,** एईएन/मधुपर, 22, एसएसई/वर्क्स/मधुपुर के अधीन सभी सेवा भवनों और कॉलोनियाँ आदि सहित मधुपुर से गिरिडीह (लेकर) तक सभी जोनल कार्य और लेवल क्रॉसिंग, लघु सड़क, लकड़ी कार्य, पाइप बिछाने और सैनिटरी कार्य शामिल हैं, रु.51 लाख, रु. 1,02,000/-, **(23) ओ-एसी-टी-63-24-25,** एईएन/मधुपुर, 23, एईएन/मधुपुर के अधीन जोनल ब्रिज कार्य, रु.30 लाख, रु.60,000/-, **(24) ओ-एसी-टी-64-24-25,** एईएन/जसीडीह, 24, एसएसई/वर्क्स/जसीडीह के अधीन सभी सेवा भवनों और कॉलोनियाँ आदि सहित सीतारामपुर-झाझा खंड में जसीडीह (लेकर) से झाझा (छोड़कर), जसीडीह से बैद्यनाथधाम (लेकर), जसीडीह से दुमका (लेकर) एवं देवघर (लेकर) से बांका (छोड़कर) तक सभी जोनल कार्य और लेवल क्रॉसिंग, लघु सड़क, लकड़ी कार्य, पाइप बिछाने और सैनिटरी कार्य शामिल हैं, रु.75 लाख, रु. 1,50,000/-, **(25) ओ-एसी-टी-65-24-25,** एईएन/जसीडीह, 25, एईएन/जसीडीह के अधीन जोनल ब्रिज कार्य, रु.30 लाख, रु.60,000/-, **(26) ओ-एसी-टी-66-24-25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल, 26, एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधीन आरपीएफ महिला बटालियन कैम्पस के रखरखाव हेतु जोनल कार्य, रु.10 लाख, रु. 20,000/-, **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 11.06.2024 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-48/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# एआई की दुनिया

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नित नई होती दुनिया पर सबकी नजर स्वाभाविक और सुखद है। इंटरनेट पर अब लोगों के लिए केवल सर्च इंजन नहीं, बल्कि एआई से लैस बेहतर सर्च इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित होने वाली है। इंटरनेट की दुनिया में यह सबसे बड़ी खबर है कि ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है। यह घोषणा किसी भी समय हो सकती है और इसके साथ ही गूगल की बादशाहत को भी चुनौती मिलने लगेगी। अभी गूगल का सर्च इंजन हर कंप्यूटर और हरेक स्मार्टफोन में मौजूद है, पर जब ओपनएआई का कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला सर्च इंजन सक्रिय हो जाएगा, तो स्थितियां बदलेंगी। वैसे पर्प्लेक्सिटी नामक एक सर्च इंजन भी लगातार विकसित हो रहा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है, लेकिन ओपनएआई का सर्च इंजन विशेष होगा। यह गौर करने की बात है कि ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञ प्रोग्रामरों को अपने यहां बहाल किया है, जिससे यह संभावना बढ़ी है कि ओपनएआई दुनिया के सामने कुछ बहुत खास पेश करने वाला है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अभी सबसे आगे है। चैटजीपीटी भी ओपनएआई का अब तक का सफलतम उत्पाद है। अब नए सर्च इंजन के आने से ओपनएआई के चैटजीपीटी की क्षमताओं में वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वेब से वास्तविक समय में या तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपनी प्रतिक्रियाओं में अनेक उद्धरण शामिल कर सकेगा। यह अक्सर कहा जा रहा है कि चैटजीपीटी काफी मशीनी या एकरूपता वाले पाठ पेश कर रहा है, जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले ऐसे पाठों की जरूरत है, जो मशीनी नहीं, बल्कि ज्यादा मानवीय लगें। एक ही तरह के बनावटी, घिसे-पिटे जवाबों या पाठों की शिकायतें बार-बार आ रही हैं। गूगल ही नहीं, बल्कि माइक्रोसॉफ्ट की भी कोशिश है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में त्रुटिहीन या कम त्रुटियों वाले उत्पाद पेश करे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि पहली बार ओपनएआई का जुड़ाव किसी सर्च इंजन से होने जा रहा है। इसके पहले ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के ही सर्च इंजन बिंज के साथ मिलकर काम किया है, जिसका लाभ चुनिंदा या प्रीमियम उपयोगकर्ताओं को ही मिला है। इंटरनेट की दुनिया में लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार तो है, पर ओपनएआई के ही एक शोधकर्ता द्वारा बनाए गए पर्प्लेक्सिटी की भी लोकप्रियता बढ़ी है और इस कंपनी का बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है।

# घरेलू खर्च चलाना हुआ मुश्किल

किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है। हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है। यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है। देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है। इसलिए यह अपेक्षा अपनी जगह बनी हुई है कि हकीकत से आंखें मिलाते हुए, विकास दर के बरक्स बुनियादी खामियों को दूर करने की कोशिश हो।

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

(प्रह्लाद सबनानी)

*वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में आई तेजी के चलते केवल गरीब वर्ग के लिए विशेष योजनाएं ही नहीं चलाई गईं है बल्कि विशेष रूप से केंद्र सरकार के लिए अपने पूंजीगत खर्च में भी बढ़ोत्तरी करने में आसानी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च का केंद्रीय बजट में प्रस्ताव किया गया है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10 लाख करोड़ रुपए का था एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.5 लाख करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार द्वारा की जा रही इतनी भारी भरकम राशि के पूंजीगत खर्च के कारण ही आज देश में निजी क्षेत्र भी अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित हुआ है।*

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाड्य वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टत- दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया गया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

# उत्तराखंड के जलते जंगल और कृत्रिम बारिश की आस

(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता)

उत्तराखंड के जंगलों के सुलगने का सिलसिला जारी है। दावानल इतना भयावह है कि सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। अब आग मुख्य राजमार्गों व सहायक मार्गों, खेतों, आवासों और गांवों को जोड़ने वाले पैदल मार्गों तक आ-जा रही है। पिछले पांच वर्षों में सबसे सूखा गुजरा अप्रैल माह ही था। फिर, चारधाम यात्रा भी शुरू हो गई है, जिसमें अभी ही 15 लाख से ज्यादा यात्रियों का पंजीकरण हो चुका है। पारंपरिक ग्रीष्मकालीन फायर सीजन अभी 40-50 दिन और चलेगा, जिसके बाद ही मानसून राज्य में पहुंचेगा। मगर जाड़ों में मौसमी बदलाव से वनाग्नि का चक्र फिर से शुरू हो जाएगा, जिसकी तस्दीक सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखंड के उप-महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी के इस उद्धरण से भी होती है कि नवंबर, 2023 से अब तक तक 398 बार जंगल सुलगे हैं। इसी सुनवाई के दौरान में यह भी बताया गया कि राज्य सरकार क्लाउड सीडिंग, यानी कृत्रिम बारिश से वनाग्नि को काबू करने का विचार कर रही है, जिस पर अदालत ने कहा कि जंगल की आग बुझाने के लिए केवल कृत्रिम बारिश या बरसात पर भरोसा न किया जाए। यह बिल्कुल सही सीख थी कि हम बरसात के इंतजार में ही नहीं बैठे रह सकते हैं। वनाग्नि को रोकने के उपाय जल्द ही करने होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया था कि उत्तराखंड की भयावह वनाग्नि की स्थिति पर वह तत्काल सुनवाई करे। 8 मई को उसी सुनवाई के दौरान कृत्रिम बारिश पर टिप्पणी आई, जिस पर राज्य सरकार को गंभीरता से अमल करना चाहिए। बताया जाता है कि जंगल में आग लगाने के अपराध में 350 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें 62 आरोपियों को नामजद किया गया है, किंतु 8 मई को सुप्रीम कोर्ट में जब याचिका सुनी जा रही थी, उस दिन भी उत्तराखंड में आग लगने की 15 बड़ी घटनाएं घटीं! इस दावानल से वन्य जीव अभयारण्य, संरक्षित दुर्लभ वानस्पतिक प्रजातियां, ग्लेशियर आदि सभी संकट में हैं। धुएं के कारण यहां दृश्यता कम हो गई है, जिसके कारण हवाई सेवाएं भी स्थगित की जा रही हैं। होटल की बुकिंग भी रद्द की जा रही हैं, यानी राज्य को पर्यावरणीय ही नहीं, आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि क्लाउड सीडिंग से बारिश ही नहीं कराई जाती, हिमपात भी कराया जा सकता है। विश्व में पहली बार 1946 में न्यूयॉर्क में कृत्रिम बारिश कराई गई थी। इसका जनक भी एक अमेरिकी रसायन वैज्ञानिक और मौसम वैज्ञानिक था। आज कई देश इस तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें चीन सबसे आगे है। ऑस्ट्रेलिया में भी इसका खासा उपयोग किया जाता है। इससे संघर्ष-काल में शत्रु क्षेत्रों में बाढ़ और सूखे की स्थितियां पैदा की जा सकती हैं। अपने देश में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्यों में इसका उपयोग हुआ है। जलाशयों में पानी की कमी होने पर, जल भंडारण की संभावनाओं को बढ़ाने, स्मॉग-वायु प्रदूषण से निपटने और लैंडफिल्स की आग को रोकने के लिए इसके इस्तेमाल पर विचार होता रहा है। 2009 में तानसा झील में पानी की कमी से निपटने के लिए महाराष्ट्र ने इसी तकनीक का उपयोग किया था। माना जाता है कि क्लाउड सीडिंग का खर्च अब करीब एक लाख रुपये प्रति वर्ग किलोमीटर तक आ सकता है। आईआईटी, कानपुर के वैज्ञानिकों की इस पर विशेषज्ञता हासिल है। जंगलों की आग अक्सर जन-सतर्कता और बरसात से ही रोकी जाती रही है। मगर दिक्कत यह है कि सरकारी अकर्मण्यता, पौधारोपण में अनियमितताएं, भ्रष्टाचार, आपराधिक तत्वों की जंगलों में उपस्थिति आदि कमियों को दूर करने की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण दावानल की भयावहता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले राजीव दत्त यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड सरकार को वनाग्नि पर दिशा-निर्देश देने की मांग करने वाली कई याचिकाएं वर्षों से शीर्ष अदालत में लंबित हैं। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी था कि वह सारी याचिकाओं को सुनेगा, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। अब नई तारीख 15 मई है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5371

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सुख और शांति का है। आज आपके प्रयास सफल होंगे और दिन आनंद में बीतेगा। आज आपको किसी सरकारी विभाग से सहयोग मिल सकता है। आपको नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से आपका मूड बिगड़ सकता है। संतान पक्ष के लोगों से प्रसन्नता मिलेगी।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है। आज आपका भाग्य साथ देगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन में प्रसन्ता रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। आज संतान पक्ष की तरफ से आप संतुष्ट रहेंगे और आपका दिन खुशी में बीतेगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य बन सकता है। रात का समय परिवार के साथ आनंद में बीतेगा।

### मिथुन
आज आपके विरोधी भी आपके खिलाफ कुछ नहीं कर पाएंगे। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आपको शाम से लेकर रात तक किसी शुभ कार्य में भाग लेने के लिए यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### तुला
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं और आज भाग्य आपका साथ देगा। आपके लिए आज आमदनी के नए योग बनेंगे और आपको विशेष लाभ होगा। आपको वाणी की सौम्यता से सम्मान मिलेगा और आपका भाग्य साथ देगा। आपको आज शिक्षा, प्रतियोगिता के मामले में विशेष सफलता प्राप्त होगी। शाम के वक्त व्यस्तता अधिक रहेगी।

### वृश्चिक
आज किस्मत का साथ मिलेगा और रोजगार प्राप्ति में सफलता प्राप्त होगी। आपको ऑफिस के काम में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में आपकी जीत होने की संभावना है। आपके शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### धनु
आज का दिन सावधानी से बिताने का है। आज आपकी कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है। ऐसे में बहुत सावधानी से काम करें। आज संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में अशातीत सफलता मिलने के योग हैं। आज आपको कोई खुशी का समाचार मिलने से हर्ष होगा। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### कर्क
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आपके लिए आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और भाग्य साथ देगा। आपको अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होगा। शाम के वक्त किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय व्यक्तियों के आने से आपका मन प्रसन्न होगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### सिंह
आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति की आशंका है। इसलिए जोश से काम न लें, जो भी काम करें उसमें होश रखें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और किसी प्रकार के झगड़े विवाद से बचें।

### कन्या
आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और कारोबार में लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन की परेशानियों का अंत होगा। आज परिवार में किसी से पैसों का लेनदेन न करें। संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है।

### मकर
आज आपके चारों ओर घर में काफी खुशी का माहौल रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की समस्या का अंत होगा और आपको बड़ा लाभ होगा। आज आपको पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपके संबंध दूसरों के साथ बहुत मजबूत होंगे। आपके प्रणय संबंध बहुत ही प्रगाढ़ होंगे।

### कुंभ
आज का दिन परेशानियों और आर्थिक समस्याओं वाला हो सकता है और आज आपको कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आपको आज किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। आज आपका दिन इन सब कार्य में खर्च हो सकता है। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार की मदद मिलने के योग हैं। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्य में शामिल होने से मन में थोड़ा सा बदलाव महसूस होगा।

### मीन
आज का दिन शुभ है और आज आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आज आपके आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और आपके लिए कोई सुखद समाचार मिलने के योग हैं। शाम से लेकर रात तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

## वर्ग पहेली 5372



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रथम हिंदी साहित्यकार (8)
7. ताकत सहित, बलवान, ताकतवर (3)
8. आपस में गुथी एवं फैली हुई चीजों का विस्तार (2)
9. निग्रह, दो की संख्या, मृत्युदेव (2)
11. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलाहट (3)
12. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
13. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने (1937 से 1989 के बीच 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया) (2)
15. युद्ध, लड़ाई, रण, संग्राम (3)
16. विशाल भूभाग में फैलाना (4)
18. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
19. नतीजा, परिणाम, सुख-दुख का भोग (2)
20. जलीय अंश, शोरबा (2)
22. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
23. कार्यालय, ऑफिस (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सुलोचना, सुंदर नेत्रों वाली (4)
2. अनिष्ट का डर या खौफ, कष्ट (2)
3. संख्या सूचक अंक, अदद, संख्या (3)
4. गिरोह का मुखिया (4)
5. पांच उंगलियों सहित हथेली का अगला भाग (2)
6. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
10. मन के अनुसार, मन के अनुकूल (5)
13. आने-जाने का भाव या क्रिया (5)
14. शिष्टता, नम्रता, यह धमेंद्र के साथ हेमामालिनी की पहली फिल्म थी (4)
17. कमल, लोहे का अर्द्धचंद्राकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली नली या डंडी (2)
18. परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति, मित्र, सखा (2)
21. महाशय या श्रीमान का अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5371 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ई | | | गं | ध | | आ |
| ह | | म | | ड | र | | ज |
| ज | न | क | | क | ना | ग | त |
| | दा | स | ती | | | वा | क |
| ना | र | द | | स | म | क्ष | |
| जु | | | अ | त | ल | | कु |
| क | ह | र | वा | | मा | मू | ली |
| ता | र | | म | | स | ल | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई ने लोगों का जीना हराम कर दिया: जलेश्वर

**धनबाद, एजेंसी।** प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। केंदुआ में जनसंपर्क सह चुनावी सभा हुई। सभा में जलेश्वर महतो ने कहा कि 10 वर्षों में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। महंगाई ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर कांग्रेस ही रोक लगा सकती है, इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर सुंदर यादव, राजकुमार महतो, असलम मंसूरी, मोहन महतो, रामगोपाल भुवानिया, लक्ष्मण तिवारी, अवधेश पासवान, संजय जायसवाल, श्रीराम चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

### हिमंता बिस्व को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं- झामुमो

**धनबाद, एजेंसी।** झामुमो के जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने बयान जारी कर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के बयान पर कहा कि उन्हें भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक हक नहीं है। खुद भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे हिमंता बिस्व सरमा झारखंड में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे हैं। हिमंता बिस्व पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो वे भाजपा में शामिल हो गए और दागमुक्त हो गए। रवानी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर दर्जनों मामले चल रहे हैं, ऐसे प्रत्याशी के लिए वे वोट मांगने आए हैं। धनबाद की जनता चुनाव में इसका जवाब देगी।

### भगवती जागरण का हुआ आयोजन

**सिजुआ, एजेंसी।** वेस्ट मोदीडीह काली मंदिर के समीप आयोजित मां बगलामुखी पूजा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार की रात भगवती जागरण का आयोजन किया गया। चंदन स्टार जागरण मंडली ग्रुप रामगढ़ के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कलाकारों ने गजानंद अस जाओ भजनों के साथ निमिया की डाली मैया, लहर लहर लहराय हो मेरी मां की चुनरिया, चलो बुलावा आया है मेरी माता ने बुलाया है आदि भजनों की प्रस्तुति किया गया। गायक चंदन कुमार व सीटू कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ किया। उसके बाद गायिका प्रिया कुमारी ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किए जिस पर श्रोता रात भर झूमते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेंद्रानंद तीर्थनाथ, सहदेव महतो, संतोष सिंह, जयराम विश्वास, बलराम शर्मा, मिथलेश पाण्डेय आदि सक्रिय थे।

### जमशेदपुर में मालती का अंतिम संस्कार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चांडिल के चिलगू में 10 मई रात हुई सड़क दुर्घटना में घायल विमला लोहार की रिम्स में मौत होने के बाद रांची में ही पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद गुरुवार को उसका शव जमशेदपुर लाया गया और यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुर्घटना के बाद उसे एमजीएम से रिम्स रेफर किया गया था। 10 मई के दोपहर सभी बर्मामाइंस निवासी विनोद के ऑटो से भादूडीह विवाह समारोह में गए थे। वहां से लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। ऑटो में बिरसानगर जोन नम्बर-7 निवासी पवन लोहार, उसकी पत्नी विमला लोहार उसके दो जुड़वां बेटे डोलू और गोलू के अलावा पारडीह से पूजा लोहार, सारथी लोहार, नंदनी लोहार, प्रमिला देवी, भाई गुरुआ लोहार, मेनका लोहार, शिवा, शीतल सवार थे। सभी दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसमें विमला की स्थिति गंभीर होने पर उसे रिम्स रेफर किया गया था।

### यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के की ओर से टीनोवेट ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के उद्यमिता वर्टिकल ने नवाचार वर्टिकल के साथ मिलकर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स में टीनोवेट – उद्यमिता मानसिकता और जेनएआई शीर्षक से दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के विभिन्न स्कूलों के थलिर (स्कूल) छात्रों से 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। शिविर का पहला दिन उद्यमिता वर्टिकल के सह-अध्यक्ष विवेक देबुका द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने छात्रों को कहानी कहने के माध्यम से उद्यमिता की अवधारणाओं से परिचित कराया। इस इंटरएक्टिव सत्र में छात्रों ने समूह बनाकर एक व्यापार समस्या की पहचान, एक सहानुभूति मानचित्र बनाने, समाधान खोजने और विपणन के चार पी (उत्पाद, मूल्य, स्थान, प्रचार) पर विचार-मंथन करने के लिए एक लाइव सिमुलेशन में भाग लिया। दूसरे दिन, श्रध्दा अग्रवाल ने जेनरेटिव एआई पर ध्यान केंद्रित किया। छात्रों ने टेक्स्ट जेनरेशन, इमेज जेनरेशन, इमेज टू स्पीच जेनरेशन, वीडियो जेनरेशन, और सॉन्ग जेनरेशन पर सिमुलेशन में भाग लिया, जिससे उन्हें एक व्यापक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ। दिन का समापन सूए ऋषि अरोड़ा द्वारा प्रभावी निर्णय लेने पर एक सत्र के साथ हुआ। इन दो दिनों के दौरान, छात्रों ने वाईआई रोड सुरक्षा फरिश्ते जागरूकता कार्यक्रम, नवाचार उत्सव और पहुंच शिष्टाचार के बारे में भी सीखा। इसके अलावा, उन्होंने अपने माता-पिता को 25 मई 2024 को जमशेदपुर में मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए पत्र लिखे।

# ट्रैफिक संभालने के लिए 15 जून के बाद 600 होमगार्ड जवान तैनात करेंगे



**रांची, एजेंसी।** रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार 600 होमगार्ड जवानों को सड़क पर तैनात करने का निर्णय लिया है। इस पर गृह विभाग की हरी झंडी मिल गई है। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता गौरव कुमार ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र के माध्यम से बताया है कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए 600 होमगार्ड जवानों को लगाया जाएगा।

क्योंकि रांची शहर में 900 ट्रैफिक जवान की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में 350 ट्रैफिक पुलिस जवान रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले हुए हैं। कोर्ट को बताया गया है कि अभी लोकसभा चुनाव की वजह से होमगार्ड जवान की तैनाती नहीं कर सकते हैं, लेकिन 15 जून के बाद यह नई व्यवस्था रांची शहर में लागू हो जाएगी।

**अब तक 21000 लोगों का कटा चालान :** वहीं, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि अभी तक रांची शहर में कितने चालान कट चुके हैं। इस पर राज्य सरकार ने जनवरी से आठ मई तक की रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि शहर में अभी तक ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले 21 हजार लोगों के चालान काटे गए हैं। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि रात नौ बजे के बाद सड़क पर ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। इस पर अधिवक्ता गौरव ने बताया कि इस पर राज्य सरकार जल्द ही निर्णय लेगी।

शहर में 1052 सीसीटीवी कैमरे वर्किंग कंडीशन में ⁻ इसके अलावा कोर्ट ने पूछा था कि रांची शहर में कितने सीसीटीवी कैमरे वर्किंग में हैं। इस पर राज्य सरकार ने बताया है कि 1052 सीसीटीवी कैमरे वर्किंग कंडीशन में हैं। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है। हाईकोर्ट में गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई होगी और राज्य सरकार शपथ पत्र दायर कर कोर्ट को रांची में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताएगी। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से पूछा था कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए क्या किए जा रहे हैं।

**सरकार ने कहा ⁻ किसी शॉपिंग मॉल के सामने वाहन पार्क नहीं होंगे :** सरकार ने कोर्ट को बताया कि ट्रैफिक एसपी ने शहर में जितने भी शॉपिंग मॉल हैं, सबको निर्देश दिया है कि मॉल के सामने सड़क पर एक भी वाहन नहीं लगने चाहिए। साथ ही जेल चौक से लालपुर तक सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से वहां ट्रैफिक जाम की स्थिति है। वहां ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए 15 पुलिस जवानों को लगाया गया है।

# अब नहीं चलेगी दादागिरी : दुकानों पर एमआरपी से अधिक कीमत पर नहीं बेची जाएगी शराब

**रांची, एजेंसी।** राज्य में अवैध शराब व एमआरपी से अधिक वसूली पर लगाम कसने की कवायद तेज है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने सभी जिलों के सहायक आयुक्त उत्पाद, उत्पाद अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दे दिया है कि किसी भी कीमत पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा है कि एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिकी तो उस उत्पाद दुकान के कर्मचारी के साथ-साथ संबंधित एजेंसी पर भी कार्रवाई होगी। उत्पाद सचिव के इस निर्देश का असर दिखने लगा है।

सभी जिलों में वहां के सहायक आयुक्त उत्पाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह सूचना आम जनता में प्रसारित कर रहे हैं कि जहां भी इस तरह की अनियमितता मिले उसका विरोध करें और विभाग को इसकी सूचना दें।

इसका असर यह पड़ा है कि पहले जिस तरह खुदरा शराब दुकानदार हक व दादागिरी से एमआरपी से अधिक मांगते थे, अब ऐसा नहीं है। हालांकि, यह समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, जिसे खत्म करने की कोशिश जारी है।

एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री में विभागीय अधिकारियों-कर्मियों की संलिप्तता संदेह के घेरे में रही है। इसके लिए विभाग के कर्मियों-पदाधिकारियों की संलिप्तता उजागर होती रही है और वैसे पदाधिकारियों-कर्मियों पर विभागीय कार्यवाही के लिए कार्मिक विभाग से समन्वय किया गया है, ताकि कम समय में विभागीय कार्यवाही का संचालन पूरा हो सके। इस कार्य में भी तेजी आई है।

उत्पाद सचिव ने शराब की सभी खुदरा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इतना ही नहीं, शराब की कीमत से संबंधित प्राइस लिस्ट भी बेहतर डिस्प्ले के साथ लगाने का निर्देश है, ताकि आम जनता एमआरपी से अधिक कीमत न दे सके। इसकी विधिवत तरीके से मॉनीटरिंग भी की जाएगी। जहां से शिकायत मिलेगी, वहां कार्रवाई होगी।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि उत्पाद सचिव बनते ही उन्होंने सबसे पहले अपने खुफिया तंत्र को विकसित किया। इसका असर यह हुआ कि बोकारो, जामताड़ा व सरायकेला में नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी गई।सभी जिलों में टीम बनाकर छापामारी की जा रही है, उसका फालोअप भी कराया जा रहा है। रांची में सिंघानिया के विरुद्ध कार्रवाई, हजारीबाग में भी छापेमारी हुई। अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। सूचनाएं गोपनीय रखी जाती है और प्रशासनिक सहयोग से छापेमारी की जाती है।

## गिरिडीह में जमीन विवाद में दिनदहाड़े चाकूबाजी:छह लोगों ने घेर कर एक युवक को मारा चाकू, आंते निकलीं बाहर, मौत, पुलिस जांच में जुटी

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में करीब 6 लोगों ने मिलकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस चाकूबाजी के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। जिन लोगों ने चाकू मारा और जिसकी मौत हुई है, दोनों आपस में गोतिया हैं। घटना के बाद सभी आरोपी बाइक पर सवार हो कर भाग निकले।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के परिजनों रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जिला परिषद के पास सड़क जाम कर दिया है और आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

वहीं, पुलिस ने हत्या में शामिल चाकू भी बरामद किया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है। पूरी वारदात गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के नवजीवन नर्सिंग होम के पास की है।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार मृतक छोटू यादव सिहोडीह का रहने वाला था। उस पर सिहोडीह के ही रहने वाले उसके गोतिया के कुछ युवकों ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि छोटू यादव का उसके गोतिया के साथ आम बगान स्थित जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच बुधवार की सुबह करीब नौ बजे छोटू किसी मामले में कोर्ट में गवाही देकर वापस लौट रहा था।

तभी उसके गोतिया ने नवजीवन नर्सिंग होम के पास रूकवाया और पास खड़े एम्बूलेंस के पीछे ले गए और सरेआम छोटू यादव पर हमला करते हुए चाकू से एक के बाद एक कई वार किए। जिससे उसके पेट की आंत तक बाहर आ गई। युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस ने पकड़ने की कोशिश, पर भाग निकले आरोपी :** इस बीच पास मौजूद एक दो पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और हमला करने वाले युवकों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक सारे आरोपी बाइक से वापस कोर्ट रोड की ओर फरार हो चुके थे। हालांकि, पूरी वारदात पास के एक दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गई। जिसके आधार पर अब नगर थाना पुलिस सारे आरोपियों को दबोचने में जुटी हुई है।

## चुनाव की तैयारियों की समीक्षा:सीईओ बोले - अगले 3 चरण के चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए तेज करें प्रयास

**रांची, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने मंगलवार को चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा है कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतर तैयारी करें। हरेक मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप पहुंचाएं।

शहरी निकाय के मतदान केन्द्रों पर नगर निकाय के पदाधिकारियों को टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें। बीएलओ और सुपरवाइजर घर-घर जाएं और मतदाताओं के बीच वितरण किए जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें। शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने की पहल संबधी कार्य में गति लाएं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें। सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे व सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।



**असमर्थ वोटरों के लिए आने-जाने की सुविधा देने का निर्देश :** सीईओ ने जिलावार तैयारियों की समीक्षा की। कहा- दिव्यांग मतदाताओं को बूथ पर लाने की पूरी योजना तैयार करें। मतदान के दिन और उसके पूर्व जिंगल्स और गानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करें। रवि कुमार ने कहा कि माइकिंग के माध्यम से भी जागरूकता सुनिश्चित करें। ताकि, मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने से वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होगा। उन्होंने माइक्रो लेबल पर काम करने पर बल दिया। बूथ पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवहन की पूरी सुविधा देने का निर्देश दिया।

## एआई, हेल्थकेयर, ग्रीन एनर्जी में नए शोध व रैंकिंग सुधार पर करेंगे फोकस- निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा

**धनबाद, एजेंसी।** आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के नए निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। कार्यवाहक निदेशक प्रो. जेके पटनायक ने उन्हें पदभार सौंपा। नए निदेशक ने प्रशासनिक भवन में सभी डीन के साथ बैठक की। संस्थान की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण लिया। रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय सहित संस्थान के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। प्रो. मिश्रा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), हेल्थकेयर और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र शोध की काफी संभावनाएं हैं। उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही संस्थान की बेहतरी के लिए 100 दिनों का लक्ष्य तय कर उसके अनुसार काम किए जाएंगे। क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग, एनआईआरएफ आदि की रैंकिंग में सुधार की कोशिश होगी। शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर ब्रांड आईआईटी आईएसएम को वैश्विक स्तर स्थापित करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

सिलोव सॉल्यूशंस के हैं संस्थापक, कई अवार्ड मिल चुके हैं

प्रो मिश्रा सिलोव सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं। वे साइंटिस्ट अवार्ड, आईएनएसए मेडल, नेशनल मिशन इनोवेशन अवार्ड, आईएनएई उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार, इनोवेशन लीडरशिप अवार्ड (2023) आदि से नवाजे जा चुके हैं।

प्रो सुकुमार मिश्रा ने कहा कि संस्थान में माइनिंग समेत सभी 17 विभागों को बेहतर बनाया जाएगा। विदेशों से मंगाए जानेवाले उपकरणों की जगह देसी बनाने पर जोर होगा।

# शादी से पहले प्रेमिका की भरी मांग, अगले दिन फंदे पर लटकी मिली प्रेमी की लाश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जुलाई में एक कपल की शादी होनी थी। लेकिन मंगलवार की रात प्रेमी से जबरन प्रेमिका की मांग में सिंदूर डलवा दिया गया। अगले ही दिन प्रेमी की लाश फंदे पर लटकी हुई मिली। युवक की लाश देख इलाके में सनसनी मच गई है। यह रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के राढ़ूजरा की घटना है।

**घर से 100 मीटर दूर लटकी थी लाश :** दरअसल, युवक की शादी ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगलवार की रात उसकी ही प्रेमिका से कराई गई थी, उसकी लाश बुधवार की सुबह उसके घर से 100 मीटर की दूरी पर फंदे पर लटकी थी। युवक की पहचान परमेश्वर महतो उर्फ दिवेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रेमिका के घरवालों ने युवक की हत्या कर शव को वहां लाकर लटका दिया।

**शादी से पहले प्रेमिका की मांग में भरा सिंदूर :** इस मामले में मृतक के भाई ने लड़की के पिता, भाई और उसके जीजा पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात प्रेमिका के घर कोयनारटोली में ही दिवेश और उसके परिजनों को बुलाया



गया था। वहीं पर उसकी प्रेमिका की मांग में उससे जबरन सिंदूर डलवा दिया गया। इससे नाराज परिजन दिवेश को वहीं छोड़ लौट गए थे। पर सुबह उसकी लाश मिली। टाटीसिलवे पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**झलड़की के पिता, भाई व जीजा पर हत्या का केस :** शव मिलने के बाद लड़के वाले भड़क गए। परिवार की महिलाओं के साथ कोयनारटोली पहुंचीं और लड़की वालों के घर में मारपीट शुरू कर दी। लड़के के भाई ने लड़की के पिता, भाई एवं जीजा पर हत्या का केस दर्ज कराया है। टाटीसिल्वे थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**13 जुलाई को होनी थी शादी :** पुलिस के अनुसार सुबह जब दिवेश की मां और अन्य ग्रामीण मवेशी लेकर जंगल की ओर जाने लगे, तो उन्हें दिवेश फंदे से लटका मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर आनन-फानन में शव को फंदे से उतारा, तबतक दिवेश की मौत हो चुकी थी। परिजनों के चीख-पुकार से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। परिजनों के अनुसार मंगलवार को लाली कोयनारटोली में परमेश्वर महतो उर्फ दिवेश की शादी उसी की प्रेमिका से ग्रामीणों और परिजनों ने जबरदस्ती करा दी थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रेमिका के घरवालों ने दिवेश की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को वहां लाकर लटका दिया।बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से दोनों दिवेश व प्रेमिका के परिवार के बीच शादी को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों का छेका भी हो चुका था और 13 जुलाई को शादी के लिए कार्ड भी छप चुके थे। दिवेश के परिजनों का कहना था कि लड़की किसी दूसरे युवक से भी बातचीत करती थी, इसलिए वे लोग शादी से सहमत नहीं थे।

# यशवंत की ट्रेन पर कांग्रेस सवार, जाएगी दिल्ली या बन जाएगी लोकल

**हजारीबाग, एजेंसी।** 15 फरवरी 2015 का दिन। मौका हजारीबाग रेलवे स्टेशन उद्घाटन का। एक की मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा। प्रधानमंत्री कहते हैं यह ट्रेन मेरे मित्र यशवंत सिन्हा की देन है। यह उनका सपना था। कहते हैं हजारीबाग में रेल शुरू होने की जो खुशी उन्हें मिली वह सब पर भारी है।

प्रधानमंत्री के यह शब्द यह बताने लिए काफी थे कि सिन्हा का कद तब भी भाजपा में कितना बड़ा था। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में शामिल यशवंत सिन्हा के इर्द गिर्द ही हजारीबाग की राजनीति घूमती थी। 1998, 1999 और 2009 में हजारीबाग से सांसद रहे, तो राजनीति से दूर-दूर तक वास्ता नही रखने वाले अपने बेटे जयंत सिन्हा को 2014 में हजारीबाग से उतारा।

जयंत यहां 2014 व 2019 में भाजपा के टिकट पर भारी मतों से जीते। लेकिन, अब यशवंत सिन्हा के इस ट्रेन में पर कांग्रेस सवार हो गई है। आइएनडीएआइ के नेता मानते हैं कि यशवंत की रणनीति और अनुभवों के बल पर पर दिल्ली तक



सफर पूरा कर लेंगे। वही बेटे जयंत सिन्हा का टिकट कटने के बाद से वे रेस हैं। आइएनडीआइए के मुख्य रणनीतिकार बन गए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को टिकट हासिल करने तक में उनकी भूमिका रही है। टिकट मिलने के पहले और टिकट मिलने के बाद जेपी पटेल डेमाटांड स्थित ऋषव वाटिका आवास पर जाकर उनका आशीर्वाद हासिल किया था। यह वही ऋषव वाटिका है जहां लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, वैंकया नायडू जैसे नेता पहुंचा करते थे। अब इसी वाटिका का स्वरूप बदल चुका है।जहां से कमल खिलाने की बात होती थी वहां अब इसपर पंजा मारने की बात हो रही है। गठबंधन का मानना है कि उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर अगड़े वोट बैंक को साध सकेंगे। साथ ही कांग्रेस कायस्थ समाज में जयंत सिन्हा की बेदाग छवि और टिकट कटने को मुद्दा बना रही है।कांग्रेस के नेता मुन्ना सिंह उनके समर्थन में कहते हैं कि उनके कद का नेता यहां कोई नही है। वे हमारे अभिभावक हैं। उनके साथ होने से हम मजबूत हुए हैं। वही गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल वे देश का नेतृत्व कर चुके हैं। उनका आशीर्वाद से दिल्ली तक का सफर को पूरा करुंगा। इस पूरे प्रकरण में वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा बिल्कुल मौन धारण किए हैं। अब तक एक बार भी इस पर कोई टिप्पणी नही की है। टिकट कटने के बाद से भाजपा के मंच से गायब भी है। हमेशा इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय रहने वाले जयंत यहां भी मौन हैं। इनके मौन पर भी चुप्पी है। वही 13 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बरही में आयोजित सभा में जयंत के पुत्र और यशवंत सिन्हा के पौत्र आशीर सिन्हा का पहुंचना भी एक नया समीकरण गढ़ता दिखा है। हालांकि, आशीर भी अभी तक राजनीति से दूर रहे हैं।

जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी ने द्वारा उनके किसी पार्टी में शामिल होने का खंडन जारी किया। लेकिन, इसपर भी जयंत की चुप्पी किसी और कहानी का बुनती दिख रही है। लोगों के बीच यह चर्चा है कि दादा के बाद पौत्र भी उसी राह पर हैं। वही जयंत सिन्हा की मौन भाजपा भी अब तक मौन है। एक बार भी उनका सीधा हमला नही बोला गया है। भाजपा मानती है कि यशवंत सिन्हा यहां कोई फैक्टर नही हैं। यह भाजपा का गढ़ रहा है और चुनावी राजनीति में यशवंत सिन्हा का कद भाजपा में आकर बड़ा हुआ था।लेकिन लगातार मोदी विरोध ने उनके कद को छोटा किया है।

वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता केपी शर्मा बताते हैं 1984 में उन्होंने हजारीबाग से पहली बार जनता दल से लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें 10126 वोट आए थे। जबकि, इस चुनाव में प्रयोग करते भाजपा ने मुस्लिम उम्मीदवार तारिक हुसैन को टिकट दिया था। तब तारिक को इनसे पांच गुना अधिक वोट मिले थे।केपी शर्मा बताते हैं कि 2004 में जब इनकी तूती बोलती थी तब यह चुनाव हार गए थे। इनका राजनीति में कोई सिद्धांत नही रहा है। कभी जिले में चुनाव नही होने दिया। खुद हटे तो बेटे को टिकट दिलवाया। राज्यपाल होने के नाते द्रोपदी मुर्मू का झारखंड से भावनात्मक लगाव रहा था।

लेकिन, इन्होंने राष्ट्रपति की उम्मीदवारी नही छोड़ी। इससे यहां के लोग समझ गए कि झारखंड और हजारीबाग के लोगों से इनका लगाव नही है। वही हाल ही में प्रेस वार्ता कर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत और जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने यशवंत सिन्हा पर जमकर हमला बोला था। बताया जिस पार्टी ने उनको सबकुछ दिया वह सिर्फ अपने हित के लिए भाजपा विरोधी हो गए। कहते हैं कि यशवंत सिन्हा के जिस ट्रेन पर कांग्रेस सवार हुई है वह लोकल है। हजारीबाग से कोई ट्रेन दिल्ली तक नही जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे से संपर्क में रहने का शक, नोएडा में लिव इन पार्टनर की हत्या से सनसनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लिव इन पार्टनर की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां 35 साल के एक शख्स ने अपनी 50 साल के लिव इन पार्टनर की हत्या कर दी। इस युवक को शक था कि उसकी लिव इन पार्टनर का किसी अन्य शख्स के साथ अफेयर था। बुधवार को पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी गौतम, विनिता सेक्टर 42 में एक साथ रहते थे। पुलिस ने कहा कि वो दोनों पिछले तीन सालों से रिलेशनशिप में थीं। महिला के पति के बाद दोनों साथ में रह रहे थे। मंगलवार की रात दोनों के बीच बहस हुई थी। इसके बाद आरोपी ने अपने लिव इन पार्टनर से मारपीट की थी जिसके बाद वो बेहोश हो गई थी। इसके बाद वो घर छोड़ कर चला गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा इसके बाद महिला को कुछ स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई। इसके बाद गौतम को तलाशा गया और उसे कस्टडी में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कहा कि दोनों के बीच बहस लड़ाई में तब्दील हो गई। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसे शक था कि विनिता किसी और के साथ संपर्क में थी। पुलिस ने कहा कि मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया था जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बृजभूषण शरण मुस्लिमों से बोले- कोई कहे न कहे, हम कहते हैं, आप लोग हमारा ही खून

**कैसरगंज , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बेटे करण भूषण सिंह बीजेपी से मैदान में है। यहां बेटे को जिताने के लिए सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी है। बृजभूषण शरण कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर लोगों से संपर्क कर पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बीच अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में सांसद बृजभूषण शरण ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कोई कहे या न कहे, हम कहते हैं कि आप हमारा ही खून खून हैं। कोई डीएनए करा ले तो पांच पीढ़ी पहले हम एक ही निकलेंगे। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं, इसलिए बो तो पक्ष में बो नहीं तो न बो, कम से कम फायदा न करो तो नुकसान न करो। मैं आपका अहसानमंद रहूंगा। हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। वो लोग न आए हैं न आएंगे। हमारा आपका मिलना बढ़ेगा और भाईचारा बढ़ेगा। आपको बता दें कि भाजपा ने अबकी बार कैसरगंज से उन्हें मैदान में न उतारकर उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह पर दांव लगाया है। 26 साल बाद संसदीय चुनाव के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब चुनावी रण में बृजभूषण शरण नहीं होंगे। छात्र राजनीति में अपना दबदबा कायम करने के बाद 1991 में बृजभूषण शरण सिंह पहली बार गोण्डा से लोकसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लडे और जीत हासिल की। 1971 के बाद मनकापुर राजघराने की इस सीट पर उन्होंने बादशाहत समाप्त की। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन

**मुंबई , एजेंसी।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। अनीता गोयल के परिवार में उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता गोयल ने गुरुवार तड़के तीन बजे अंतिम सांस ली। अनीता गोयल जेट एयरवेज के ऑपरेशन्स से जुड़ी हुई थीं और वह एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थीं। नरेश गोयल, जो खुद कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मानवीय आधार पर इस महीने की शुरुआत में बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 सितंबर, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और आर्थर रोड सेंट्रल जेल (एआरसीजे) में बंद हैं।

# राम के आने का क्या फल मिला? गौ हत्या बंद क्यों नहीं हुई - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**भरतपुर , एजेंसी।**
जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में धर्मसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, राम जन्म भूमि में राम को लाने से क्या हुआ तो, कृष्ण जन्म भूमि में कृष्ण को भी लाया जाए।शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बिहारी जी मंदिर के बाहर धर्मसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि में राम आ गए ऐसा कहा जा रहा है, लेकिन उनके आने का फल क्या हुआ, ये देखना होगा। उनके आने से अच्छा फल हुआ तब तो कृष्ण जन्मभूमि में कृष्ण को भी लाया जाए और उनके आने का कोई फल नहीं मिला तो फिर कृष्ण को भी लाने का क्या फल मिलेगा। राम जन्मभूमि में राम के आने के बाद देश में



गौ हत्या बंद हो जानी चाहिए।यह हम सनातनियों के माथे पर बहुत बड़ा कलंक है। इसलिए राम के आने का पहले फल मिले। देश में गौ हत्या बंद हो। जब राम के आने का फल मिल जाए तो कृष्ण को भी लाया जाए।

**नाना पटोले पर साधा निशाना:** कांग्रेस नेता नाना पटोले के राम मंदिर के शुद्धिकरण वाले बयान पर शंकराचार्य ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश पर राज किया है और 55 साल गौ हत्या की है। इसलिए राममंदिर को शुद्ध करने से पहले कांग्रेस पार्टी को शुद्ध होना पड़ेगा।

इसके लिए सारे कांग्रेसी मुंडन कराएं, पंचागव्य पिएं और गौ माता के सामने साष्टांग करें। जो खुद गौ हत्या का पापी है, वो मंदिर के शुद्धिकरण की बात करते अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राममंदिर बना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की ताकत खुद भाजपा में भी नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि गाय हम सनातनियों के लिए गुरु और भगवान से भी पहले है। इसलिए हम पहली रोटी गाय के लिए निकालते हैं। मोदी सरकार पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि कुर्सी पर बैठे हुए 10 साल हो गए, लेकिन हिंदू जैसा काम नहीं किया। गौ हत्या बंद नहीं कराई, बल्कि गाय काटते चले जा रहे हैं और बढ़ावा दे रहे हैं।

### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना प्राथमिकता

शंकराचार्य ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता संकल्प यात्रा राजस्थान के 50 जिलों में निकलेगी। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं है, बल्कि हमारी आस्था व हमारी पहचान है। गौ माता को उसका खोया सम्मान दिलाना होगा। हमारी ऋषि परंपरा में गाय को मानव समाज में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है। गौ माता में 33 कोटी देवी-देवताओं का निवास है। आज देश भर में गौ हत्या हो रही है. हमें अपने पूर्वजों की विरासत को संभाल कर रखना चाहिए।

## बेटी ने 75 साल के पिता के लिए चुनी दुल्हनिया, गुजरात में इस शादी की खूब हो रही चर्चा

**महिसागर , एजेंसी।**
गुजरात में एक शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। गुजरात के महिसागर जिले में 75 साल के एक शख्स ने 60 साल की महिला से शादी की। बताया जाता है कि खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की शादी उनकी बेटी ने ही कराई। बेटी ने पिता की शादी के लिए 60 साल की कंकुबेन परमार के साथ रिश्ता तय किया। साथ ही समाज के साथ मिलकर सामाजिक रस्म रिवाजों को भी निभाया। अपनी दूसरी शादी से साइबा भाई डामोर काफी खुश नजर आए। उन्होंने डीजे पर जमकर डांस किया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गुजरात के महिसागर जिले के खानपुर तालुका के अमेठी गांव के निवासी 75 साल के सायबा भाई डामोर की बेटी ने उनकी शादी कराई। बेटी ने पिता की शादी के लिए दुल्हन के रूप में 60 साल की कंकु बेन परमार को चुना। खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की पहली पत्नी का निधन 2020 में हुआ था। कंकु बेन परमार के पूर्व पति का भी निधन



हो चुका है। बताया जाता है कि बेटी ने पिता की शादी के रस्म रिवाजों को भी बखूबी निभाया।

इस शादी से साइबा भाई डामोर काफी खुश नजर आए। उन्होंने डीजे की धुन पर जमकर डांस किया। पूरा गांव इन दो बुजुर्गों की शादी में शामिल हुआ। विधुर साइबा भाई और विधवा कंकु बेन लंबे अर्से से एकाकी जीवन गुजार रहे थे। बेटी की पहल पर दोनों ने एक-दूसरे के साथ बाकी का जीवन गुजराने का फैसला किया। साइबा भाई की एक ही बेटी थी, जिसकी शादी हो चुकी है। बेटी को बुजुर्ग पिता की फिक्र थी क्योंकि परिवार में कोई नहीं था। इस वजह से बेटी और दामाद ने मिलकर पिता की शादी कराने का फैसला किया। बताया जाता है कि साइबा भाई घर के सारे काम खुद ही करते हैं। वह अपने लिए भोजन भी पकाते हैं। बेटी से उनका दर्द देखा नहीं जाता था। इसी वजह से उसने पिता की शादी कराने का फैसला किया। शादी के बाद साइबा भाई ने कहा कि बुढ़ापे में मेरा कोई सहारा नहीं था। मुझे लाठी पकड़कर सारा काम करना पड़ता था। मैं शादी के बाद बहुत खुश हूं। कंकु बेन अपने मामा की लड़की के घर रहती थी।

## नोएडा पुलिस ने मिटाया चाचा का कलंक, 10 महीने बाद बिछड़े भतीजे से मिलाया; इंस्टाग्राम से मिली लोकेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पेपर खराब होने के बाद फेल होने के डर से चाचा के घर से 21 जुलाई 2023 को लापता हुए किशोर को नोएडा पुलिस ने बुधवार को दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास से सकुशल बरामद कर लिया। किशोर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर कुछ युवकों के साथ दिखी थी। इसके बाद उसको तलाशा गया। डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्र ने बताया कि बीते साल जुलाई में सेक्टर-22 निवासी अखंड प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका 14 वर्षीय भतीजा रनवीर शाम चार बजे कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। देर रात तक भी जब किशोर घर नहीं लौटा तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई।

पुलिस ने उसको काफी तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस की एक टीम लगातार इस मामले को देख रही थी। उसकी तस्वीर जगह-जगह दीवारों पर चस्पा की गई। चार दिन पहले किशोर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर कुछ युवकों के साथ दिखी। इंस्टाग्राम पोस्ट की लोकेशन हरिद्वार की थी। इसके बाद एडिशनल डीसीपी की अगुवाई में टीम को हरिद्वार रवाना किया



गया। टीम ने पोस्ट में दिख रहे युवकों से जब संपर्क किया तो पता चला कि किशोर इस समय दिल्ली में है। इसके बाद टीम दिल्ली पहुंची और जब वह बंगला साहिब गुरुद्वारे से लंगर खाकर निकल रहा था तभी टीम के साथ गए उसके चाचा ने बच्चे को पहचान लिया। किशोर को उसके चाचा के सुपुर्द कर दिया गया। भतीजे को सही सलामत देख उसके चाचा गुरुद्वारे के बाहर ही उससे लिपटकर रोने लगे। उन्होंने पुलिस का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके ऊपर एक कलंक लग गया था जिसे नोएडा पुलिस ने मिटा दिया है। गुमशुदगी के लिए इस दौरान किशोर पॉटरी का काम करने लगा था, ताकि उसका जेब खर्च भी चलता रहा। वह हरिद्वार भी गया था। डीसीपी नोएडा की ओर से किशोर को सकुशल बरामद करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने भी टीम का उत्साहवर्धन किया है। पूछताछ में किशोर ने बताया कि उसके पिता छत्तीसगढ़ के सरदूजा जिले के अम्बिकापुर कस्बे में कारोबार करते हैं। रनवीर का बचपन से ही पढ़ने में मन नहीं लगता था। पढ़ने के लिए रनवीर के पिता ने उसे अपने भाई अखंड के पास नोएडा भेजा।

## आतंकी कसाब के परिवार की रक्षा करने कांग्रेसियों को पाकिस्तान भेज देंगे- बावनकुले

**मुंबई, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 में तेज होती चुनावी सरगर्मियों के बीच महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कांग्रेस नेताओं को पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब के प्रति सहानुभूति रखने वाला बताया। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुंबई के लोग 20 मई को लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद उन्हें आतंकवादी अजमल कसाब के परिवार की रक्षा के लिए पाकिस्तान भेज देंगे। बता दें कि मुंबई में 26 नवंबर को हुए आंतकवादी हमलों के दोषी कसाब को फांसी दी गई थी।

बावनकुले ने यह बयान घाटकोपर में होर्डिंग हादसे के बाद मौके पर पहुंचने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना करने वाले कांग्रेस विजय वडेट्टीवार के जवाब में कही। वडेट्टीवार ने कहा था शिंदे के तत्काल घटना स्थल पर जाने के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले ने संवाददाताओं से कहा, ''वडेट्टीवार ने अजमल कसाब का पक्ष लिया है, इसलिए उन्हें मुंबई में प्रचार करने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव के बाद मुंबई के लोग कसाब के परिवार की सुरक्षा के लिए कांग्रेस नेताओं



को पाकिस्तान भेज देंगे।''

वडेट्टीवार ने कहा था- कसाब नहीं पुलिसकर्मी की गोली से मारे गए करकरे

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेट्टीवार ने दावा किया था कि मुंबई आतंकवादी हमले में अभियोजन पक्ष के वकील और मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार उज्ज्वल निकम ने यह जानकारी छिपाई थी कि करकरे को कसाब ने नहीं मारा था, बल्कि आरएसएस से संबद्ध एक पुलिसकर्मी की गोली लगने से उनकी जान गई थी। मुंबई की सभी 6 सीटों पर जीतेंगे बावनकुले ने प्रदेश में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के मुंबई की सभी छह लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने का भरोसा जताया। इन छह सीटों में से भाजपा तीन सीटों पर और उसकी सहयोगी शिवसेना बाकी तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा, ''हम मुंबई में इस चुनाव में 51 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को रोड शो के लिए मुंबई आ रहे हैं और हम सभी उत्साहित हैं।'' मुंबई उत्तर मध्य संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ द्वारा घाटकोपर में एक होर्डिंग दुर्घटना में 14 लोगों की मौत की पृष्ठभूमि में उस इलाके में रोड शो पर आपत्ति जताए जाने के बारे में पूछने पर बावनकुले ने कहा कि इस कार्यक्रम की योजना काफी पहले बनाई गई थी। उन्होंने कहा, ''हादसे को लेकर हम सभी संवेदनशील हैं। मोदी की यात्रा की योजना काफी पहले बनाई गई थी और वह लोगों का समर्थन और वोट मांगने के लिए यहां आ रहे हैं।'' गौरतलब है कि मुंबई की छह लोकसभा सीट समेत महाराष्ट्र की 13 सीट के लिए 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होगा और राज्य में मतदान का यह आखिरी चरण ।

## नोएडा में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा में एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने गुरुवार को एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह सुबह करीब 6 बजे की घटना है। थाना सेक्टर 24 में एक ई-रिक्शा पर पांच लोग सवार थे। रिक्शा सिटी सेंटर से 12-22 की तरफ जा रही थी। तभी सुमित्रा अस्पताल के सामने एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार (एचआर 26 ईबी 7770) ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी।



जानकारी के मुताबिक, ई-रिक्शा में ड्राइवर समेत कुल पांच लोग बैठे थे। कार से टक्कर के बाद सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों की स्थिति गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए नोएडा सेक्टर- 110 के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ई-रिक्शा (यूपी 16 जेटी 4052) के परखचे उड़ गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, बीएमडब्ल्यू कार में सवार तुषार और आदी नाम के व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दोनों नोएडा सेक्टर- 41 के रहने वाले हैं। वहीं अमन सिसोदिया नाम का एक युवक फरार हो गया है। वह भी कार में सवार था। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। बीएमडब्ल्यू कार और ई-रिक्शा की टक्कर में मोहम्मद मुस्तफा पुत्र कदम रसूल उम्र 50 साल और रश्मि (स्टाफ नर्स मेट्रो हास्पिटल) उम्र 25 साल की मौत हो गई है। वहीं ड्राइवर राजेंद्र (45), पवन (27) और सूरज (20) इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वो डरा देने वाली हैं। ई-रिक्शा की छत उखड़ गई है।

# दाऊद गैंग में इस्तेमाल हुई बैंक डिटेल, रेलवे के पूर्व जीएम को 24 घंटे किया डिजिटल अरेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
साइबर अपराधियों ने पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर भारतीय रेलवे से रिटायर्ड जनरल मैनेजर (जीएम) के साथ 52 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने उनको 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर तीन बार में खाते में रकम ट्रांसफर कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सिलिकॉन सोसाइटी निवासी 69 वर्षीय प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि नौ मई को उनके मोबाइल पर एक रिकार्डेड मैसेज आया, जिसमें बताया गया कि उन्होंने एक पार्सल भेजा है, जो अब तक डिलिवर नहीं हुआ। ज्यादा जानकारी के लिए उनको मोबाइल पर एक दबाने के लिए बोला गया। ऐसा करने पर कॉल एक अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर हो गई।



उसने कहा कि प्रमोद की ओर से, जो पार्सल भेजा गया है, उसे ताइवान कस्टम विभाग ने सीज कर दिया है। पार्सल में कई आपत्तिजनक सामग्री हैं। प्रमोद ने जब कॉलर से कहा कि उन्होंने ताइवान के लिए कोई पार्सल नहीं भेजा, तो जालसाजों ने उनका आधार और मोबाइल नंबर पूछा। जालसाज ने बताया कि जो पार्सल भेजा गया है, उसमें आधार कार्ड और मोबाइल नंबर उनका ही इस्तेमाल किया गया है। पार्सल में 100 ग्राम ड्रग्स, चार किलो कपड़े, चार पासपोर्ट और तीन क्रेडिट कार्ड होने की जानकारी दी गई। इसके बाद मामले की शिकायत करने के लिए कॉलर ने एक नंबर दिया, जो मुंबई क्राइम ब्रांच का बताया गया।

प्रमोद ने उक्त नंबर पर कॉल की तो फोन उठाने वाले ने कॉल कुछ समय तक होल्ड करने के लिए कहा। इसके बाद उसने प्रमोद के मोबाइल पर मुंबई पुलिस का एक आईकार्ड भेजा, जो नरेश गुप्ता बनर्जी के नाम से था। जालसाज ने प्रमोद से कहा कि उनके केवाईसी की डिटेल विभिन्न शहरों के बैंकों में खोले गए खाते में इस्तेमाल की गई है। इन खातों का सीधा लिंक मनी लॉन्ड्रिंग केस से है। यह भी बताया गया कि प्रमोद के बैंक संबंधी डिटेल का इस्तेमाल, जिस मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी गतिविधियों में किया गया है, उसका संबंध दाऊद और नवाज मलिक के गिरोह से है। इसके बाद प्रमोद को वीडियो कॉल पर आने के लिए विवश कर दिया गया। वीडियो कॉल में दूसरी तरफ से सिर्फ मुंबई पुलिस के क्राइम ब्रांच का लोगो दिख रहा था। जालसाज ने प्रमोद के मूल खाते संबंधी जानकारी ली और मोबाइल पर सीबीआई का एक लेटर भेजा। इसके बाद पीड़ित को करीब 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट रखकर 52.50 लाख ऐंठ लिए। 24 घंटे में पीड़ित को सोने तक नहीं दिया गया।

डिजिटल अरेस्ट का सीधा मतलब ब्लैकमेलिंग होता है। डिजिटल अरेस्ट में साइबर अपराधी वीडियो कॉलिंग के जरिए पीड़ित को घर में बंधक बना लेते हैं। वह हर वक्त उस पर नजर रखते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग कोई सरकारी एजेंसी के अफसर या पुलिस अफसर बताकर वीडियो कॉल करते हैं। वे कहते हैं कि आपका आधार कार्ड, सिम कार्ड या खाते का इस्तेमाल किसी गैरकानूनी गतिविधि में हुआ है। गिरफ्तारी के डर दिखाकर वे रकम हड़प लेते हैं।



विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान

# और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस बार के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु के स्टार बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी कमाल के फॉर्म में नजर आ रहे हैं।

वहीं बात करें आरसीबी की तो अभी भी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नजर आ रही हैं। इन सब के बीच विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। आरसीबी द्वारा एक पोडकास्ट में कोहली ने अपने करियर से जुड़े कई सवालों के जबाव दिए, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट संन्यास को लेकर भी बात की। इसके साथ ही कोहली के टी20 विश्व कप की टीम में चयन को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने दिया।

संन्यास को लेकर कोहली ने कहा, हर खिलाड़ी के जीवन में एक समय आता है जब उन्हें संन्यास लेने का फैसला करना पड़ता है, लेकिन मैं अभी उस समय पर नहीं हूं।

मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता जिससे मुझे बाद में पछतावा हो। इसके बारे में मुझे पूरा भरोसा है मैं ऐसा नही करुंगा। कोहली ने आगे कहा की जब मेरा यहां पर काम पूरा हो जाएगा तो मैं चला जाउंगा और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा। कोहली ने कहा मैं जबतक खेलना जारी रखूंगा तब तक अपना बेस्ट देता रहूंगा।

### आईपीएल के बारे में भी की बात

इसके अलावा, कोहली ने आईपीएल सीजन के बारे में भी बात की और कहा कि वह अपने बल्ले से प्रदर्शन कर रहे हैं और हर मैच में अपने टीम के लिए योगदान दे रहे हैं। विराट कोहली ने इस सीजन में 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 155.16 है। इसके अलावा उन्होंने ऑरेंज कैप पर भी अपना कब्जा किया है। विराट ने इस सीजन हर मैच में अपने बल्ले से विपक्षी टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की है। वे टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं अगर उन्होंने अपनी फॉर्म को बनाए रखा।

आईपीएल 2024

# पोंटिंग को बड़ा भाई मानते हैं इशांत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अंतिम लीग मैच के बाद, जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 19 रनों से जीत हासिल की, भारत के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने डीसी के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग के साथ विशेष बंधन का खुलासा किया। इशांत मंगलवार की रात दिल्ली के लिए स्टार थे, जहां एक हार उनकी टीम के लिए प्लेऑफ की सभी उम्मीदें खत्म कर देती। इशांत को चार ओवरों में (3/34) की गेंदबाजी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिसमें क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल और दीपक हुडा के तीन महत्वपूर्ण विकेट शामिल थे। इशांत ने आईपीएल द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि पोंटिंग अब कोच और खिलाड़ी नहीं हैं, वह मेरे लिए एक तरह से बड़े भाई की तरह हैं। जब भी मुझे उनकी जरूरत होती है तो वह हमेशा मौजूद रहते हैं, मैं उन्हें कभी भी फोन कर सकता हूं। मुझे लगता है कि कोच के रूप में उनका होना बहुत अच्छी बात है। अगर आपके पास कोई ऐसा है वह वास्तव में आपको नई चीजों को आजमाते रहने के लिए प्रेरित करता है और अगर आप अच्छा नहीं करते हैं तो डरो मत। 14 अंकों के साथ, दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में अपने भाग्य का फैसला करने के लिए शेष मैचों के परिणाम का इंतजार कर रही है।

# भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। 39 वर्षीय स्ट्राइकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया।

लगभग 10 मिनट के इस वीडियो में सुनील छेत्री ने अपने सफर को याद किया। सुनील छेत्री ने कहा, मैं उस फीलिंग को बयां नहीं कर सकता हूं, जब मैंने देश के लिए अपना डेब्यू मैच खेला था। जब टीम की जर्सी पहनी, तो वो एक अलग ही फीलिंग थी। डेब्यू वाले दिन को मैं कभी भी नहीं भूल सकता। अपने पिछले 19 वर्षों के सफर को याद करना शानदार था। यह मेरे कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने सारे मैच खेलूंगा। मैंने अपने माता-पिता और पत्नी को सबसे पहले इस फैसले के बारे में बताया। मेरे पिता खुश थे लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि आप मुझे हमेशा कहते थे कि मुझे खेलते हुए देखकर आप बहुत दबाव महसूस करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

इस स्टार स्ट्राइकर ने 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। वह 2008 में एएफसी चैलेंज कप, 2011 और 2015 में सैफ चैंपियनशिप... 2007, 2009 और 2012 में नेहरू कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों का हिस्सा रहे हैं। साथ ही 2017 और 2018 में इंटरकांटिनेंटल कप में वो भारतीय टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, छेत्री 150 मैचों में 94 के साथ सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल की सूची में अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी (180 मैचों में 106) और पुर्तगाल के महान क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205 मैचों में 128) के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

Shooting

## महिलाओं में अंजुम तीसरे ओलंपिक क्वालिफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर



**भोपाल, एजेंसी।** पुरुषों के थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे। अखिल श्योराण तीसरे, चैन सिंह चौथे और नीरज कुमार पांचवें स्थान पर रहे। अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी-3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया।

नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था । वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल बृहस्पतिवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रहीं। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने ओलंपिक के लिए शूटरों के चयन के एसोसिएशन की नीति पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को पारित एक आदेश में पेरिस में होने वाले 2024 ओलंपिक खेलों के लिए टीम चयन की भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन (एनआरएआई) की नीति को सही ठहराया। एक शूटर ने अदालत में याचिका दायर कर ओलंपिक चयन के ट्रायल में उसे शामिल नहीं करने को चुनौती दी थी। अदालत ने एनआरएआई के चयन मापदंड/नीति को सही ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, ÷ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए हमारी चयन नीति को निष्पक्ष, तार्किक और पारदर्शी ठहराया गया है। सभी एथलीटों को निष्पक्ष मौका दिया गया है। नीति शूटरों के क्वालीफाई करने के लिए ज्यादा समावेशी है। भारतीय शूटरों ने देश के लिए रिकॉर्ड 21 कोटा हासिल किए हैं। इस साल 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में एक देश को शूटिंग में अधिकतम 24 कोटा की सीमा है। राइफल और पिस्टल प्रतिस्पर्द्धाओं में भारत ने अधिकतम आठ-आठ कोटा हासिल कर लिया है। शॉटगन में भारत को पांच कोटा मिले हैं। भारत ने शूटिंग में अब तक एक स्वर्ण सहित चार ओलंपिक मेडल जीते हैं। इस बार इस सूची में और मेडल जुड़ने की उम्मीद है।



# विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और डब्ल्यूएफआई से लगाई ये गुहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के लिए केवल तीन महीने बचे हैं ऐसे में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से ट्रायल का स्थान और प्रारूप, इसका समय, तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया है। महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध प्रदर्शन में अहम रहीं विनेश ने पिछले महीने बिश्केक में 50 किग्रा ओलंपिक कोटा जीता था, लेकिन नियमों के अनुसार अंतिम टीम की घोषणा से पहले उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा। अब तक पांच भारतीय महिलाओं ने पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया है और केवल एक पुरुष पहलवान अमन सहरावत को ही वैश्विक प्रतियोगिता का टिकट मिला है। विनेश ने एक्स पर लिखा, ''पेरिस ओलंपिक में केवल तीन महीने रह गये हैं, इसके बावजूद भारतीय कुश्ती महासंघ ने अभी तक आधिकारिक ट्रायल की तारीख, समय और स्थान सहित प्रारूप की घोषणा नहीं की है।'' उन्होंने कहा, ''यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी महासंघों ने दिसंबर 2023 में या जनवरी 2024 में क्वालीफिकेशन और स्पष्ट प्रारूप की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा, ''मैं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, आईओए, भारतीय कुश्ती महासंघ से अनुरोध करती हूं कि वे इस मामले को प्राथमिकता दें और तुरंत आधिकारिक तौर पर ट्रायल की तारीख, समय, स्थान और सटीक प्रारूप की घोषणा करें।

पेरिस ओलंपिक

# कुश्ती महासंघ ओलंपिक ट्रायल के पक्ष में नहीं, कोटा हासिल करने वाले पहलवानों ने किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महासंघ ने ओलंपिक की तैयारियों के लिए कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान अमन (57) और पांच महिला पहलवानों विनेश (50), अंतिम पंघाल (53), अंशु मलिक (57), निशा (68) और रीतिका (76) को अगले माह हंगरी में होने वाले रैंकिंग टूर्नामेंट में भेजने का फैसला लिया है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले पहलवानों की मांग के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ अब ओलंपिक के ट्रायल कराने के पक्ष में नहीं है। ओलंपिक के लिए काफी कम समय को ध्यान में रखते हुए ट्रायल को टालने का मन बनाया गया है, कुश्ती महासंघ जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा करेगा।

वजन कम करने से पड़ेगा तैयारी पर असर

महासंघ की चयन नीति के अनुसार ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पहलवानों को पेरिस जाने के लिए ट्रायल से गुजरना होगा।



ट्रायल के विजेता पहलवानों को ही पेरिस भेजा जाना था, लेकिन ट्रायल के लिए अब ज्यादा समय नहीं बचा है। महासंघ के एक पदाधिकारी के अनुसार पहले उन्हें ट्रायल कराना था, लेकिन ट्रायल कराने का यह सही समय नहीं है। हमारे वैसे ही काफी कम पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किए हैं। अगर ट्रायल कराया जाता है तो पहलवानों को वजन कम करना पड़ेगा, जिसका तैयारियों पर विपरीत असर पड़ेगा। ट्रायल के बजाय पहलवानों की विदेश में तैयारियां ठीक रहेंगी।

### पहलवान बोले वजन कम करें या तैयारी करें

विश्व क्वालिफायर में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पहलवान अमन का कहना है कि वह इस वक्त ओलंपिक की तैयारियां करें या फिर ट्रायल के लिए वजन कम करें। वह कई बार अपना वजन कम कर चुके हैं अब ट्रायल के लिए वजन कम करना उन्हें नुकसान पहुंचाएगा।

ट्रायल कराने से ओलंपिक की तैयारियों पर फर्क पड़ेगा। एक महिला पहलवान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि जिन्होंने कोटा हासिल किया है उन्हीं को ओलंपिक में भेजा जाना चाहिए।



स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद

# खुश नहीं हैं नीरज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता लेकिन उस तरह से नहीं जैसा वह चाहते थे और उन्हें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक भी नहीं थी। तीन साल में पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट ने बुधवार को फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता लेकिन उस तरह से नहीं जैसा वह चाहते थे और उन्हें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक भी नहीं थी। तीन साल में पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट ने बुधवार को फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन पर कहा, ÷मुझे लगा कि मैं यहां प्रतिस्पर्धा कर सकता हूं और यह अच्छी रही। हालांकि थ्रो के बारे में बात नहीं करते, यह वैसा नहीं था जैसा मैं चाहता था। दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पहुंचे 26 वर्षीय सुपरस्टार तीन दौर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने आगे कहा, प्रतियोगिता काफी अच्छी थी और मौसम भी गर्म था। शुरू से ही मैं सोच रहा था कि अगर मुझे अच्छा लगेगा तो मैं उसी के अनुसार प्रयास करूंगा। मैं दोहा में खेलने के बाद यहां आया था और उबरने के लिए ज्यादा समय नहीं था और यात्रा भी करनी थी। और मैं इतना अच्छा भी महसूस नहीं हो रहा था।

चोपड़ा ने कहा, मैंने इसके अनुसार ही अपने प्रयास किये और केवल चार थ्रो ही किये क्योंकि मुझे चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में 28 मई को प्रतिस्पर्धा करनी है।

# एआईएफएफ विकास समिति ने आयोजित की वर्चुअल बैठक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ(एआईएफएफ) की विकास समिति ने बुधवार को एक वर्चुअल बैठक की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के सदस्य अविजीत पॉल ने की।

र्यक्रम में एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव, एम सत्यनारायण के साथ-साथ क्लिफ नोंग्रम, ताकुम किपा और डॉ. सोनम टी. एथेनपा भी उपस्थित थे, ताकि एआईएफएफ द्वारा प्रदान किए गए 2024/25 वित्तीय वर्ष में धन के उपयोग के लिए दिशानिर्देश तय किए जा सकें। पॉल ने कहा कि यह एआईएफएफ में 2024-25 वित्तीय वर्ष की पहली विकास समिति की बैठक है। जब से विकास समिति का गठन हुआ है, तब से राज्य और एआईएफएफ देश भर में खेल के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एआईएफएफ की मदद से राज्य पूरे साल खेल की गतिविधियों को बढ़ाने में सफल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार भी हम इसी तरह आगे बढ़ते रहेंगे।

बैठक में समिति ने इस तथ्य को संबोधित किया कि प्रत्येक राज्य को अगले वर्ष के लिए कम से कम चार टूर्नामेंटों की मेजबानी करनी होगी, जिसमें से प्रत्येक को जूनियर लड़कों और लड़कियों के लिए आयोजित किया जाएगा ताकि दी जा रही धनराशि का उचित उपयोग किया जा सके। कार्यवाहक महासचिव ने कहा कि एआईएफएफ ने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि सभी आयोजनों के लिए प्रतिस्पर्धा प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) का उपयोग अनिवार्य है।

यह भी कहा गया है कि विकासात्मक निधि के सुचारु उपयोग के लिए नियमों का एक नया सेट बनाया जाना चाहिए और अनुमोदन के लिए कार्यकारी समिति को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। राज्य भारतीय फुटबॉल की रीढ़ हैं। राज्यों को एआईएफएफ से आवश्यक समर्थन प्रदान करने की नीति ने खेल को आगे बढ़ाने में काफी प्रभाव डाला है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (का.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के घाटों गांव निवासी बीरेंद्र राम व डडवा गांव निवासी संजीव साव को गुरुवार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि घाटों गांव निवासी बीरेंद्र राम व डडवा निवासी संजीव साव पर न्यायालय से वारंट निर्गत था। दोनो आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर बीरेंद्र राम व संजीव राम को गिरफ्तार की गई है और न्यायालय हिरासत में भेज दिया गया है।

### बालू के अवैध खनन में जेसीबी जब्त, चालक धराया

**जम्होर (औरंगाबाद) (का.सं.)।** जम्होर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बालू के अवैध खनन के मामले में पुलिस ने गुरुवार को एक जेसीबी मशीन को जब्त दिया है। इसके अलावा जेसीबी का चालक गिरफ्तार हुआ है। सदर प्रखंड के जम्होर थाना क्षेत्र में पुनपुन नदी में अवैध रूप से बालू का उठाव जेसीबी मशीन से हो रहा था। गुरुवार को जम्होर थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में यहां छापेमारी की गई और जेसीबी को जब्त कर लिया गया। जम्होर थाना क्षेत्र के गिजना गांव निवासी जेसीबी के चालक गुप्तेश्वर सिंह के पुत्र राजू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एसपी के निर्देश के आलोक में छापेमारी की गई थी। अन्य गाड़ियों को लेकर उसके चालक भाग निकले, जबकि जेसीबी को जब्त कर लिया गया। जेसीबी पर उसका रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। मालिक का पता लगाया जा रहा है। इस मामले में अज्ञात मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से यहां अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा था। एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में सोन दियारा में पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस के आने की भनक लगते ही बालू तस्कर डाला का इंजन खोलकर इंजन लेकर फरार हो गए।

### वर्तमान सरकार में उपेक्षा का दंश झेल रहे गरीब

**बारूण(औरंगाबाद) (का.सं.)।** वर्तमान सरकार में गरीबों की हर जगह उपेक्षा हो रही है। ये बातें जनसंपर्क के दौरान काराकाट लोकसभा से बसपा प्रत्याशी धीरज कुमार सिंह ने कही है। गुरुवार को समर्थकों के साथ उन्होंने बारुण प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। झूमर डिहरा की बदहाल सड़क पर उन्होंने सरकार को घेरा और कहा कि यही विकास का नमूना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में शिक्षित एवं युवा नेता का अभाव है। उन्होंने लोगों से खुद के लिए समर्थन मांगा और आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति वे हमेशा संवेदनशील बने रहेंगे और समाधान करेंगे।

# जमीन विवाद : गोली से एक व्यक्ति घायल, अभियुक्त एक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

निज संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** जिले में जमीन विवाद में चचेरे भाई ने पिस्टल से गोली मारी दी जिसमें चचेरे घायल हो गया। जिसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस मामले में एक अपराधी एक पिस्टल, पांच ज़िन्दा कारतुस्त, साढ़े सात हजार से अधिक नगद रुपए के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को एसडीपीओ 2 सदर अमीत कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद एसपी स्वप्न गौतम मेश्राम के निर्देशन पर गया जिले के डुमरिया थाना के सिद्धपुर में 15 मई को जमीन विवाद दो चचेरे भाइयों के बीच हुई थी। जिसमें संतोष प्रसाद ने पिस्टल से फायर कर चचेरे भाई दीपक कुमार को घायल कर दिया। घटना का अंजाम देकर देव थाना क्षेत्र के बंगला बगीचा से जगन्नाथ बांध के आगे जंगल में छुप गया था। डुमरिया थाना पुलिस द्वारा इसकी जानकारी दी गई। जिसे धरपकड़ के लिए एक दल का गठन किया गया। जिसमें देव थाना अध्यक्ष विकाश कुमार, इसी थाना के एस आई नीतु कुमारी, एसटीएफ पडरिया और एसटीएफ कंचनपुर तथा डुमरिया सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस टीम के द्वारा घटना अंजाम के 8 घंटे भीतर अपराधी संतोष प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक पिस्टल, पांच जिन्दा कारतूस, एक स्क्रीन टच मोबाइल और आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड तथा 7532 रुपए नकद बरामद किया गया है। एसडीपीओ 2 सदर अमीत कुमार ने बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर पुलिस पैनी नजर रखती है। सभी थानों के एसएचओ को निर्देश दिया गया है कि अपराधिक गतिविधियों और अपराधियों पर नजर रखें और अपराधियों के धरपकड़ के लिए छापेमारी अभियान जारी रखें।

# पीड़िता को मिला 10 लाख का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना वाद की पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने गुरुवार को औरंगाबाद नगर थाना कांड संख्या 112/23 में मृतक की मां और पत्नी को चेक सौंपा। बताया गया कि पिछले साल नगर थाना क्षेत्र में ट्रक के धक्के से बाइक सवार रोहतास जिला के डेहरी थाना क्षेत्र के सागरीय निवासी देवानंद चौधरी के पुत्र संजय कुमार उर्फ संजय कुमार चौधरी की मौत हो गई थी। 9 मार्च को आयोजित लोक अदालत में इस वाद का निपटारा समझौते के आधार पर किया गया। इसी को लेकर मृतक की मां कौशल्या देवी और उनकी पत्नी निर्मला देवी को 10 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि मोटर दुर्घटना वाद संख्या 13/23 का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। ट्रक के धक्के से बाइक चालक की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। चेक प्रदान करते समय जिला जज ने कहा कि चेक से संबंधित राशि को परिवार के कल्याण में लगाये और इसका ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करें। राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें संबंधित व्यक्ति को त्वरित न्याय प्राप्त होता है और बीमा कंपनी या पक्षकार से समझौते के बाद प्राप्त चेक को पीड़ित को तत्काल प्रदान किया जाता है।

# चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवर और सामान चुराए

निज संवाददाता

**फेसर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में चोरों ने लाखों रुपए के जेवर और नगदी की चोरी कर ली। मंगलवार को फेसर थाना क्षेत्र में गोला बाजार में होटल और पान दुकान में चोरी की घटना घटी थी। बुधवार की रात तेंदुआ गांव में महेंद्र सिंह और अशोक सिंह के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। महेंद्र सिंह और अशोक सिंह के घर चोरी की घटना घटित हुई। बताया गया कि परिवार के दो सदस्य्य घर के अंदर सोए हुए थे। चोरों ने घर का पिछला दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दूसरे कमरे में सो रहे लोगों को दरवाजे की कुंडी लगाकर अंदर ही बंद कर दिया। पीड़िता सुबह में सो कर उठीं तो बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने घर के सदस्यों को फोन कर इसकी जानकारी दी। बगल के लोग वहां पहुंचे तो एक दरवाजे को टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर देखा तो कमरे में बाहर से कुंडी चढ़ाई गई थी जिसे खोल दिया गया। कमरे में रखें अलमीरा, बक्सा, बेड आदि को बिखेर दिया गया था। खेत से कुछ बक्से और बैग आदि बरामद हुए जिसमें कीमती सामान गायब था। लाखों रुपए के जेवरात और करीब एक लाख रुपए की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली थी। लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। चोरों ने सोने और चांदी के जेवरात के अलावा नगद रुपए की चोरी की है। जानकारी मिलने पर आस-पास के लोग भी यहां पहुंच गए और घटना पर आक्रोश जाहिर किया।

### शराब पीने के आरोप में दो धराए

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मदनपुर पुलिस नें थाना क्षेत्र के मुंशी विगहा निवासी सुखनंदन कुमार व वारमाली टोला निवासी उपेन्द्र मालाकार को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि ये शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। एसआई अजय पासवान मौके पर पहुंचे और उन्हें गिरफ्तार किया। मेडिकल जांच में उनके शराब पीने की पुष्टि हुई है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर चलाया जा रहा मतदाता जागरुकता अभियान

कार्यालय संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** काराकाट लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक जून को संपन्न होने वाले चुनाव में समाज के सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता हेतु जिला प्रशासन औरंगाबाद जागरूकता कार्यक्रम एवम गतिविधियों के माध्यम से जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में लगातार प्रयास करते हुए प्रेरित रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के निदेशानुसार गुरूवार को दाउदनगर प्रखंड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा गठित स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी औरंगाबाद श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि दाउदनगर में आयोजित यह जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर परिषद दाउदनगर के कार्यालय तक गई। इस जागरूकता रैली में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका जीविका दीदी, आशा, दाउदनगर अनुमंडल के विभिन्न कोटि के विद्यालय के शिक्षक ,शिक्षा सेवक एवं अन्य कर्मी भाग लिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर, अंचल अधिकारी दाउदनगर, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दाउदनगर आदि उपस्थित थे। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इसका आयोजन कई रूपों में किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु गठित स्वीप कोषांग के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके ।इसी क्रम में आज दाउदनगर प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर ने बताया की जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि वोट प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

# सुशील मोदी के निधन पर भाजपा ने की शोकसभा



निज संवाददाता

**ओबरा( औरंगाबाद)।** ओबरा स्थित छठी घाट पार्क में भाजपा ने शोकसभा आयोजित कर पूर्व उप मुख्यमंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी को निधन पर श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल रहे। शोकसभा में 2 मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि सुशील मोदी पार्टी की रीढ़ थे। उनके निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई है। शोकसभा में ओबरा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ पप्पू अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय गुप्ता, काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीनचंद्र शाह, राजेंद्र पासवान, विनोद नाग, शिवनारायण प्रसाद सोनी, संजय मालाकार, विनोद सिंह, सुनील चौबे, रंजीत मालाकार, विजय प्रसाद निराला, जितेंद्र कुमार पांडेय, जितेंद्र कुशवाहा, जयनंदन सिंह कुशवाहा, अशोक शर्मा, रामजतन सिंह, संजय कुमार, युगल किशोर पांडेय, शिव शंकर प्रसाद एवं निर्भय पासवान आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में अविनाश ने 96.2 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का किया नाम रौशन

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के द अलूपी विद्यापीठ एकेडमी के छात्र अविनाश कुमार ने सीबीएसई 10 वीं परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक लाकर नाम रौशन किया।औरंगाबाद प्रखंड के रजोई के चैन बिगहा गांव निवासी सकलदेव विश्वकर्मा के पुत्र अविनाश कुमार रफीगंज में ही रहकर पढाई किया। छात्र अविनाश कुमार ने बताया कि कोरोना काल के बाद से रफीगंज के द अलूपी विद्यापीठ एकेडमी में नामांकन कराकर पढाई किये। 10 वीं की परीक्षा दिये जिसमें 96.2 प्रतिशत अंक आया। उसने सफलता का श्रेय अपने पिता सकलदेव विश्वकर्मा, विद्यालय के डायरेक्टर प्रभात चन्द्र यादव एवं शिक्षक को दिया। कहा कि मेरा लक्ष्य है अच्छे अधिकारी बनकर देश को सेवा करे। पिता गांव में ही लेथ मशीन चलाकर भरण-पोषण करते है। सफलता पर अलूपी विद्यालय परिसर में मेधावी छात्र को पिता एवं शिक्षक ने मिठाई खिलाकर हौसला बढाया।डायरेक्टर प्रभात चंद्र यादव ने उक्त छात्र को अच्छी पढाई के लिए ग्रेजुएशन तक 50 प्रतिशत छात्रवृति देने की घोषणा किया। इस मौके पर प्राचार्य खालिद नुमानी, ज्ञान्दा प्रियदर्शी, शिक्षक अंकित कुमार, निशु चौधरी, शीला, शब्बा, जिन्नत

### मतदान केन्द्र पर पर्ची के साथ उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**औरंगाबाद (का.सं.)।** काराकाट लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची वितरण को लेकर प्रखंड कार्यालय के बहुउद्देशीय भवन सभागार में गुरुवार को बीएलओ के साथ बीडीओ बैठक की। बीडीओ देवानंद कुमार सिंह ने कहा कि बीएलओ अपने इलाके में सभी मतदाताओं के घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे। वैसे मतदाता जो घर पर अनुपस्थित हैं या जिनकी मृत्यु हो गई हो उन मतदाता को मतदान पर्ची नहीं देना है। वितरण के बाद भी मतदाता पर्ची शेष बचता है तो आगामी 1 जून को मतदान केंद्र पर शेष बची पर्ची को लेकर उपस्थित रहेंगे।

# अवैध शराब के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिली सफलता, चुलाई गयी दारू की कई भट्ठियां की ध्वस्त

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में हसपुरा थाना की पुलिस ने धुसरी से कुल-18 लीटर देशी महुआ शराब के साथ धुसरी निवासी जीतन चौधरी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।वही औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने धर्मपुर, बटाने नदी, हसपुरा थाना की पुलिस ने कोइलवा और बड़ेम पुलिस ने सोन दियारा क्षेत्र, नरारी कला खुर्द थाना एवं इंद्रपुरी थाना (रोहतास) ने संयुक्त रूप से सोन दियारा क्षेत्र एवं नबीनगर थाना के सोन दियारा के तेतरिया क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की। इस दौरान नबीनगर थाना क्षेत्र में सोन दियारा क्षेत्र से लगभग-1600 लीटर महुआ पास को विनष्ट किया गया एवं 03 भट्टी ध्वस्त किया गया। साथ ही 15 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब एवं शराब बनाने वाला उपकरण बरामद किया गया। मामले में नबीनगर थाना कांड संख्या-142/24 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार कासमा थाना की पुलिस ने धोलीखाप के आगे झाड़ी से कुल-10 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है।

# शराब के खिलाफ छापामारी करने गए पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने किया पथराव

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शराब के खिलाफ छापामारी करने की पुलिस टीम पर ग्रामीणो ने किया पथराव,पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल,ग्रामीणों के हमले से बचने के लिए पुलिस ने किया फायरिंग-औरंगाबाद- माली थाना क्षेत्र के फुलडीहा टोले भुईंया बिगहा गांव में ग्रामीणो के द्वारा अवैध शराब के निर्माण की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची माली थाना की पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया।ग्रामीणों के द्वारा किए गए पथराव में सिपाही दीपक कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण महेंद्र भुईया, कमलेश भूईया,शंकर भूईया,विमली देवी, गुड्डू भूईया,लालती देवी,सुशीला देवी ने बताया कि पुलिस कर्मियों के आतंक से हम लोग परेशान हैं। लगातार 5 दिनों से शराब को लेकर पुलिस कभी दिन में कभी रात में तो कभी सुबह में आकर परेशान कर रही है।ग्रामीण उषा देवी ने बताया कि पुलिसकर्मियो के द्वारा दुकान में घुसकर सामान फेंक दिया है। विलास भूईया ने बताया कि पुलिस के द्वारा घर में घुसकर खिड़की तोड़ दिया एवं ट्रंक तोड़कर सब सामान बाहर फेंक दिए उसके बाद भी उन्हें शराब बरामद नहीं हुआ। गिरिजा देवी ने बताया कि पुलिसकर्मी के द्वारा घर में घुसकर चूल्हा चौकी सब तोड़ दिया गया दूसरे के घर से खाना मांग कर खाए हैं।पुलिस टीम पर हमला करने की बात पर ग्रामीणों ने कहा कि पुलिसकर्मी गांव में पहुंचकर एक युवक को पीट रहे थे युवक को पीटते देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए।

# उपेंद्र कुशवाहा ने दाउदनगर के इलाके में किया जनसंपर्क, मांगा वोट

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** काराकाट ससदीय सीट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने गुरुवार को दाउदनगर क्षेत्र में जनसपर्क किया। इस दौरान उन्होंने संसा, शीतल बिगहा, मौलाबाग, पांडेय टोली, अमृत बिगहा, रामनगर, दाउदनगर पुरानी शहर, गुलाम सेठ चौक एवं कसेरा टोली आदि इलाके में वोटरो से संपर्क साधा। साथ ही छोटी-छोटी सभाओं को भी संबोधित किया। उन्होंने वोटरो से अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में नही आए। कल भी एनडीए की लहर की। आज भी है और आगे भी रहेगा क्योंकि एनडीए ने काम किया है। हमने भी 2014 से 2019 तक काराकाट के सांसद के रूप में क्षेत्र में विकास का काम किया है। नीतीश कुमार ने भी आपके लिए काम किया है। आगे भी सबलोग मिल जुल कर काम करेंगे।



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

## संदेश

माता जानकी के प्राकट्य दिवस **'जानकी नवमी'** के पावन अवसर पर मैं बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

माँ जानकी भारतीय नारी का आदर्श तथा त्याग, तपस्या, संयम, साधना, धैर्य और प्रेम की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने जीवन की चुनौतियों, संघर्षों एवं क्लेशों का साहसपूर्वक सामना करते हुए अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन पूर्ण समर्पण के साथ किया। उनकी सत्यनिष्ठा, चरित्रनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता और पवित्रता हमारे लिए प्रेरक हैं।

मेरी कामना है कि जगत जननी माँ सीता हमें उच्चादर्शों पर चलने तथा देश एवं राज्य के विकास में सहभागी बनने की यथेष्ट प्रेरणा व शक्ति प्रदान करें।

**(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)**

PR No.- 00715 (Governor Secretariat) D. 2024-25

बिहार सरकार

## संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मिथिला पुत्री, जनक नंदिनी माता सीता का प्राकट्योत्सव पर्व **''जानकी नवमी''** के रूप में मिथिला सहित पूरे देश में अपार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस सुअवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की अर्धांगिनी माता सीता को धार्मिक गाथाओं में सौभाग्य की देवी और माता लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है। शक्ति, सेवा, संयम, समर्पण एवं सद्भाव से परिपूर्ण माता सीता का जीवन नारी सशक्तीकरण एवं आदर्श का प्रतीक तथा सम्पूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों का जिस साहस, संयम, विवेक एवं सहनशीलता के साथ सामना किया, उससे सम्पूर्ण मानव जाति सदैव अभिप्रेरित होती रहेगी।

जानकी नवमी के पावन अवसर पर आप सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। माता जानकी सभी का कल्याण करें, यही कामना है।

**(नीतीश कुमार)**

PR No.- 000767 (I & PRD)D. 2024-25